
मूल्य 2 रु.
रांची, मंगलवार । 09 जून 2026 । वर्ष-27, अंक-127, पृष्ठ-12 । www.rastriyanaveenmail.com
अधिक ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 09, संवत 2083 । रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित । रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




धरती आबा बिरसा मुंडा को शत-शत नमन

बिरसा मुंडा ने शोषित और पीड़ित आदिवासियों में जगाई ज्ञान और शक्ति की ज्योति

## उलगुलान : जंगलों से उठी क्रांति, तीर-कमान से दी ब्रिटिश तानाशाही को चुनौती

# धरती आबा बिरसा मुंडा ने हिला दी थी अंग्रेजी हुकूमत की नींव

नवीन मेल डेस्क

**रांची** । धरती आबा बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश तानाशाही को खुली चुनौती दी थी। वे ऐसे योद्धा थे, जिन्होंने न बंदूक उठाई और न ही किताबों से क्रांति की बात की, उन्होंने बस अपने हौसलों से ही अंग्रेजों के खिलाफ 'उलगुलान' कर डाला। भगवान बिरसा मुंडा ने नारा दिया था, 'अबुआ दिशुम अबुआ राज।' मुंडारी भाषा में इसका अर्थ है 'हमारा देश, हमारा राज्य।' मात्र 25 वर्ष की उम्र में दुनिया को अलविदा कह देने वाले महान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के खूंटी जिले के उलिहातु गांव में एक गरीब किसान परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम सुगना पुर्ती (मुंडा) और माता का नाम करमी पुर्ती (मुंडा) था। 9 जून 1900 को जेल में बिरसा मुंडा की मृत्यु हो गई थी। कहा जाता है कि उन्हें जेल में विष दे दिया गया था। बिरसा मुंडा को 'धरती आबा' यानी धरती के पिता के रूप में सम्मान दिया जाता है। उन्हें भगवान का दर्जा दिया गया। आदिवासी बाहुल्य राज्यों में आज भी उनकी पूजा की जाती है।

खूंटी के उलिहातु गांव में जन्मे बिरसा मुंडा का बचपन सगे संबंधियों के यहां भेड़-बकरियां चराते और बांसुरी बजाते बीता था। उस समय भारत के उरांव, मुंडा और खड़िया आदिवासी विदेशी दास्तां की जंजीरों में जकड़े हुए थे। ऐसे हालात उस समय सिर्फ बिरसा मुंडा के घर के ही नहीं, बल्कि हर आदिवासी के थे। वे सदियों से जमीन, फसलों और अपने गांवों के मालिक आप थे, लेकिन ईस्ट इंडिया कंपनी ने उन्हें नष्ट करने के लिए जमींदार, जागीरदार, जज, कचहरी, जंगल के ठेकेदार और दलाल उनके ऊपर लाद दिए थे। वनवासी अपनी ही जमीन पर मालिक से नौकर बन चुके थे। लोग बेबसी, भूख, अंधविश्वासों और दमन के कारण डरी-सहमी जिंदगी जी रहे थे।बिरसा मुंडा ने साल्गा गांव में प्रारंभिक पढ़ाई के बाद चाईबासा के जर्मन स्कूल में पढ़ाई की। लेकिन, मुसीबतों ने कभी पीछा नहीं छोड़ा। उनकी जिंदगी का ये एक अहम हिस्सा है कि उस स्कूल में आदिवासी-वनवासी संस्कृति का मजाक उड़ाया जाता था, जो बिरसा मुंडा को कतई बर्दाश्त नहीं था। एक दिन उन्होंने इसके खिलाफ विरोध शुरू कर दिया, लेकिन दूसरे धर्म के प्रचारकों ने उन्हें स्कूल से निकाल दिया। इसी समय उनकी मुलाकात स्वामी आनंद पांडे से हुई, जो नजदीक के गांव में एक जमींदार के मुंशी थे। उनसे मिलने के बाद बिरसा मुंडा को अपनी संस्कृति, धर्म और महाभारत के पात्रों का परिचय हुआ। इस तरह आनंद पांडे की संगति में उन्होंने बहुत कुछ सीखा और समझा। वे गहन अध्ययन करते गए और इस अध्ययन के साथ-साथ स्वतंत्रता के लिए युद्ध करने से पहले आदिवासी समाज में वैचारिक जागृति पैदा करने पर विचार किया।

शेष पेज 11 पर

### जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जाती है बिरसा मुंडा की जयंती

भारत सरकार ने 10 नवंबर 2021 को आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करने के लिए बिरसा मुंडा की जयंती (15 नवंबर) को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की। आज बिरसा मुंडा का नाम पूरे भारत में प्रसिद्ध है। वहीं, बिरसा मुंडा झारखंड, बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल में भगवान की तरह पूजे जाते हैं। बिरसा मुंडा की समाधि रांची में कोकर के निकट डिस्टिलरी पुल के पास स्थित है। वहीं, उनकी मूर्ति भी लगी हुई है।

रांची का तापमान

| रांची | कांके |
|---|---|
| अधि. 36.0° | अधि. 36.0° |
| न्यून. 21.0° | न्यून. 21.0° |

## दृष्टिपात

### उलीडीह में ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

**जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)।** पूर्वी सिंहभूम जिले की पुलिस ने उलीडीह ओपी क्षेत्र में की गई छापेमारी के दौरान एक युवक को 38 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद नशीले पदार्थ का कुल वजन 3.71 ग्राम बताया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने 38 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद की है। इसके अलावा, एक पर्स भी जब्त किया गया, जिसमें पहचान पत्र सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं।

### साइबर ठगों को बैंक खाते बेचने वाला गिरफ्तार

**धनबाद।** धनबाद के साइबर थाने की पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो आम लोगों के नाम पर बैंक खाते खुलवाकर उन्हें साइबर अपराधियों को बेचने का काम करता था। सोमवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए डीएसपी सीसीआर प्रदीप कुमार साव ने कहा कि पुराना बरवाअड्डा थाना के सामने स्थित कृष्णा इंटरनेट कैफे से संतोष कुमार गोराई नामक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। कई एटीएम कार्ड, सिम कार्ड भी बरामद किए गए हैं।

## राज्यसभा की दो सीटों के लिए हो रहे चुनाव में भरे गए दो-दो सेट में तीन पर्चे

# जेएमएम के बैजनाथ, कांग्रेस के प्रणव और परिमल ने भरा पर्चा







**झारखंड राज्यसभा चुनाव**

- परिमल नथवानी ने 'निर्दलीय' प्रत्याशी के रूप में किया नामांकन
- हेमंत सोरेन, भूपेश बघेल सीपी सिंह अपने-अपने प्रत्याशियों के साथ रहे मौजूद

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड की दो राज्यसभा सीटों के लिए तीन प्रत्याशियों ने सोमवार को दो-दो सेट में नामांकन किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) से बैजनाथ राम, कांग्रेस से प्रणव झा और निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में परिमल नाथवाणी ने अपनी दावेदारी ठोक दी है। तीनों ने दो-दो सेटों में नामांकन दाखिल किया। हर किसी के प्रस्तावकों की सूची अपने आप में एक बड़ी सियासी कहानी कह रही है। झामुमो प्रत्याशी बैजनाथ राम के पहले नामांकन सेट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद प्रस्तावक बने हैं। उनके साथ स्टीफन मरांडी, मथुरा महतो, उदय शंकर सिंह, लुइस मरांडी, सविता महतो, समीर मोहंती, अनंत प्रताप देव, जिग्गा सुसारन होरो और सजीव सरदार के नाम भी इस सूची में दर्ज हैं। दूसरे सेट में पार्टी ने युवा और सक्रिय चेहरों को आगे किया है। बसंत सोरेन, हफीजुल हसन अंसारी, सुदिव्य सोनू, उमाकांत रजक, धनंजय सोरेन, योगेंद्र प्रसाद, मो ताजुद्दीन, आलोक सोरेन, सुदीप गुड़िया और राम सूर्या मुंडा इस सेट में प्रस्तावक हैं। यानी, पार्टी ने वरिष्ठ और युवा दोनों मोर्चों को एक साथ साधने की कोशिश की है।

कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा के पहले सेट में झामुमो विधायक कल्पना सोरेन प्रस्तावक के रूप में सामने आई हैं। उनके साथ संजय प्रसाद यादव, सुरेश पासवान, मंगल कालिंदी, दीपक बिरुआ, निरल पूर्ति, भूषण तिर्की, सुखराम उरांव, नरेश प्रसाद सिंह और अरूप चटर्जी का नाम भी इस सूची में है। दूसरे सेट में अनुभव का पलड़ा भारी रखा गया है। प्रदीप यादव, डॉ रामेश्वर उरांव, राधाकृष्ण किशोर, दीपिका पांडेय सिंह, सुरेश बैठा, भूषण बाड़ा, नमन विक्सल कोंगाड़ा, शिल्पी नेहा तिर्की, राजेश कच्छप और कुमार जयमंगल सिंह ने समर्थन दिया है। महागठबंधन की यह एकजुटता कांग्रेस के लिए बड़ी ताकत मानी जा रही है।

वहीं, दो सीटों पर तीन दावेदारी को देखते हुए परिमल नाथवानी ने ऐसी चाल चली कि झारखंड में राज्यसभा चुनाव का पूरा समीकरण ही पलट दिया। शेष पेज 11 पर

**राज्यसभा चुनाव की महत्वपूर्ण तिथियां**

नामांकन की अंतिम तिथि
08 जून 2026

नामांकन पत्रों की जांच
09 जून 2026

नाम वापसी की अंतिम तिथि
11 जून 2026

मतदान की तिथि
18 जून 2026

मतगणना की तिथि
18 जून 2026

### पुराना झारखंडी हूं, झारखंड के लोगों ने मेरा काम देखा है, मेरी जीत सुनिश्चित : नथवानी

**रांची (आईएएनएस)।** झारखंड की दो राज्यसभा सीटों के लिए हो रहे द्विवार्षिक चुनाव में उद्योगपति परिमल नथवानी मैदान में उतर आए हैं।



नथवानी निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर उतरे हैं, लेकिन उन्हें एनडीए के विधायकों का समर्थन प्राप्त है। सोमवार को अपना नामांकन दाखिल करने के पहले पहले उन्होंने भाजपा और सहयोगी दलों के विधायकों से मुलाकात की। इसके बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि उनकी जीत सुनिश्चित है। नथवानी सोमवार की सुबह राजधानी रांची में हटिया से भाजपा विधायक नवीन जायसवाल के आवास पहुंचे, जहां भाजपा और एनडीए के सहयोगी दलों के विधायकों के साथ उनकी बैठक हुई। बैठक में राज्यसभा चुनाव की रणनीति और समर्थन को लेकर चर्चा हुई।

पत्रकारों से बातचीत में नथवानी ने कहा कि वह संख्या बल की चर्चा नहीं करना चाहते, लेकिन उन्हें अपनी जीत का पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा, मैं पुराना झारखंडी हूं और झारखंड के लोगों ने मेरा काम देखा है। मुझे विश्वास है कि मैं चुनाव जीतूंगा और एक बार फिर राज्य के हितों के लिए काम करने का अवसर मिलेगा। नथवानी इससे पहले भी झारखंड से दो बार राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं।

शेष पेज 11 पर

### आंकड़े पक्ष में होने के बावजूद परिणाम अप्रत्याशित आए हैं : महुआ



**रांची (आईएएनएस)।** झारखंड में आगामी राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इस बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने चुनावी प्रक्रिया में पार्टी अनुशासन और ईमानदारी की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड के राजनीतिक इतिहास में ऐसे कई अवसर आए हैं, जब आंकड़े किसी उम्मीदवार के पक्ष में होने के बावजूद परिणाम अप्रत्याशित रहे हैं। महुआ माजी ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान पिछले राज्यसभा चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि जेएमएम ने बसंत सोरेन को उम्मीदवार बनाया था और उनकी जीत की पूरी संभावना मानी जा रही थी, लेकिन अंततः महेश पोद्दार विजयी रहे, जबकि उनके पास आंकड़े नहीं थे। शेष पेज 11 पर

**महिला कैदी यौन शोषण मामले में हाईकोर्ट सख्त**

### राज्य सरकार के जवाब पर जताई नाराजगी, मेडिकल रिपोर्ट तलब

- न्यायिक जांच रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने का निर्देश

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में एक महिला बंदी के गर्भवती होने और कथित यौन शोषण के मामले को लेकर झारखंड हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने राज्य सरकार के जवाब और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा दायर शपथ-पत्रों पर असंतोष व्यक्त किया। साथ ही, पीड़िता की मेडिकल बोर्ड रिपोर्ट और न्यायिक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 17 जून 2026 को होगी।

झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने सोमवार को इस संवेदनशील मामले की सुनवाई की।

शेष पेज 11 पर

**कोर्ट का गजट अधिसूचना जल्द जारी करने का निर्देश**

### अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य बीमा से हाईकोर्ट संतुष्ट, याचिका निष्पादित

- विदेश कुमार धान ने दायर की थी याचिका

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** राज्य के अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ उपलब्ध कराने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने अदालत को बताया कि अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू कर दी गई है और इस संबंध में सरकार द्वारा संकल्प (रेजोल्यूशन) भी जारी किया जा चुका है। सरकार के इस पक्ष को रिकॉर्ड पर लेते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि यदि उक्त संकल्प की गजट अधिसूचना अब तक प्रकाशित नहीं हुई है, तो उसे शीघ्र जारी किया जाए। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि जनहित याचिका में उठाई गई मूल मांग अब पूरी हो चुकी है।

शेष पेज 11 पर

**नशे के कारोबारियों के खिलाफ मिली बड़ी सफलता**

### खूंटी पुलिस ने अफीम के साथ चार तस्करों को किया गिरफ्तार

- 2.328 किलो अफीम और तीन मोबाइल फोन जब्त

नवीन मेल संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी पुलिस को नशे के कारोबारियों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने रनिया थाना क्षेत्र के तांबा गांव के पास छापेमारी कर 2.328 किलोग्राम अफीम के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से तीन टचस्क्रीन मोबाइल फोन और दो मोटरसाइकिल भी बरामद की गई हैं। मामले में एनडीपीएस थाने में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। खूंटी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) ऋषभ गर्ग ने सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रनिया थाना क्षेत्र के तांबा गांव के पास कुछ लोग अफीम की खरीद-बिक्री के उद्देश्य से एकत्रित हुए हैं।

शेष पेज 11 पर

**उपलब्धि** जूनियर नेशनल थ्रोबॉल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन

# झारखंड की बेटियों ने किया कांस्य पदक पर कब्जा

- लीग चरण में प्रमिला, सुनीता एवं सुरभि 'प्लेयर ऑफ द मैच'
- क्वार्टर फाइनल में आकांक्षा को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राजस्थान के ब्यावर में आयोजित 36वीं जूनियर नेशनल थ्रोबॉल चैंपियनशिप 2026-27 में झारखंड बालिका टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया है। टीम ने पूरे लीग चरण में अजेय रहते हुए बिहार, मध्य प्रदेश एवं तमिलनाडु को पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। क्वार्टर फाइनल में झारखंड की बेटियों ने बेहद रोमांचक मुकाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। तीन सेटों तक चले संघर्षपूर्ण मैच में गोल्डन प्वाइंट तक पहुंचे मुकाबले को जीतकर टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में झारखंड का मुकाबला प्रतियोगिता की विजेता टीम कर्नाटक से हुआ, जहां कड़े संघर्ष के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा और कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। शेष पेज 11 पर

**यह प्रदर्शन नए खिलाड़ियों के लिए बनेगा प्रेरणास्रोत :** झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के अध्यक्ष वेदांत कौस्तव ने कहा कि झारखंड की बेटियों ने पूरे देश में राज्य का गौरव बढ़ाया है और उनका यह प्रदर्शन नए खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। वहीं, महासचिव राजेश सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है तथा भविष्य में टीम और भी बेहतर प्रदर्शन करेगी।

# गिरिडीह में पिता ने की 3 बेटियों की धारदार हथियार से हत्या, गिरफ्तार

- पत्नी और पुत्र की घर से बाहर भागने के कारण बची जान
- पुलिस संभावित कारणों और परिस्थितियों की कर रही जांच

नवीन मेल संवाददाता



**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के तुरुकडीहा गांव में सोमवार के तड़के एक पिता ने अपनी तीन मासूम बेटियों की धारदार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, तुरुकडीहा निवासी नंदू यादव उर्फ नंदकिशोर यादव ने सोमवार के तड़के अपनी तीनों बेटियों पर हंसुआ से हमला कर दिया। इस हमले में 14 वर्षीय पल्लवी यादव और सात वर्षीय जुड़वां बहनें रिद्धि एवं सिद्धि की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ जीतबाहन उरांव, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो और पुलिस बल मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। शेष पेज 11 पर

# राज्य के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होंगे अपग्रेड, बनेंगे फर्स्ट रेफरल यूनिट

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** राज्य के ग्रामीण इलाकों में बेहतर और आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने एक बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत राज्य के कुल 188 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) में अपग्रेड किया जाएगा। योजना के सुचारू क्रियान्वयन के लिए पहले चरण में 20 सीएचसी का प्राथमिकता के आधार पर एफआरयू के रूप में विकसित किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर आज राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली की ओर से आज एक विशेष ऑनलाइन ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मातृत्व कोषांग की राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ पुष्पा ने बताया कि सभी चयनित स्वास्थ्य केंद्रों को आईपीएचएस मानकों के तहत तैयार किया जाएगा। इसके तहत इन केंद्रों में बुनियादी ढांचे, डॉक्टरों की उपलब्धता, दवाओं और चिकित्सा उपकरणों को 50% से 80% तक अपग्रेड किया जाएगा ताकि ये केंद्र पूरी तरह से क्रियाशील हो सकें। प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से पूरा करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने सबसे पहले इन स्वास्थ्य केंद्रों में कमियों का पता लगाने के लिए एक व्यापक 'गैप एनालिसिस करने का निर्देश दिया है। गैप एनालिसिस की रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक मैनपावर और इंफ्रास्ट्रक्चर की कमियों को दूर कर इन्हें नेशनल सर्टिफिकेशन के लिए तैयार किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी और प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधन की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। ओरिएंटेशन में इन सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

आईईसी के राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ राहुल किशोर सिंह ने बताया कि एक सामान्य समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के के मुकाबले फर्स्ट रेफरल यूनिट में चौबीसों घंटे आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध होती हैं। इसके शुरू होने से ग्रामीण स्तर पर ही जटिल प्रसव और सिजेरियन (सिटेयरियन सेक्शन) की सुविधा मिल सकेगी। नवजात शिशुओं की देखभाल और आपातकालीन चिकित्सा के लिए मरीजों को सीधे बड़े जिला अस्पतालों या रिम्स रेफर करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इन केंद्रों पर ब्लड स्टोरेज या ब्लड ट्रांसफ्यूजन की न्यूनतम व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाती है।

पहले चरण में चुने गए 20 सीएचसी को मॉडल एफआरयू के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसके अनुभवों के आधार पर शेष 168 स्वास्थ्य केंद्रों का चरणबद्ध तरीके से कायाकल्प होगा। इस पहल से राज्य के ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में बड़ी मदद मिलने की उम्मीद है।

### नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता व संक्रमण नियंत्रण पर प्रशिक्षण शुरू

## बढ़ता स्क्रीन टाइम बन रहा आंखों की बीमारियों का कारण : शशि प्रकाश झा

नवीन मेल संवाददाता



चित्रकूट में आयोजित प्रशिक्षण में 10 जिलों के नेत्र विशेषज्ञ हुए शामिल

**रांची/चित्रकूट।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), झारखंड के तत्वावधान में टीआरआई एवं सद्गुरु सेवा संघ के संयुक्त सहयोग से "नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता एवं संक्रमण नियंत्रण" विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सतगुरु नेत्र चिकित्सालय, चित्रकूट (मध्य प्रदेश) में किया गया। यह प्रशिक्षण 8 से 10 जून तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एनएचएम झारखंड के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने किया। कार्यक्रम में देवघर, जमशेदपुर, गिरिडीह, गोड्डा, हजारीबाग, जामताड़ा, लातेहार, पाकुड़, रामगढ़ एवं रांची जिलों के नेत्र सर्जन, नेत्र सहायक और ऑपरेशन थिएटर (ओटी) नर्सों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री झा ने कहा कि डिजिटल उपकरणों के बढ़ते उपयोग के कारण लोगों का स्क्रीन टाइम लगातार बढ़ रहा है, जिससे आंखों से जुड़ी विभिन्न समस्याएं तेजी से सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों में मोतियाबिंद जैसी बीमारियों के उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार कार्य कर रहा है, लेकिन कई अन्य नेत्र रोग समय पर पहचान और उपचार के अभाव में गंभीर रूप धारण कर लेते हैं। उन्होंने रोकथाम योग्य अंधता को कम करने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों से लेकर समुदाय स्तर तक नियमित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। साथ ही, स्वयंसेवी संस्थाओं (एनजीओ) के सहयोग से एकीकृत माइक्रो प्लान तैयार कर स्क्रीनिंग, समय पर रेफरल और उपचार की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। श्री झा ने विश्वास जताया कि यह प्रशिक्षण प्रतिभागियों के ज्ञान, तकनीकी दक्षता और व्यावहारिक कौशल को और मजबूत करेगा। इससे राज्य में गुणवत्तापूर्ण एवं संक्रमण-मुक्त नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा तथा रोकथाम योग्य नेत्र रोगों और अंधता को कम करने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में राज्य अंधापन नियंत्रण पदाधिकारी डॉ पंकज कुमार, अनिल कुमार सिन्हा, विनीत चौबे सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित रहे। विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य में नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

# झारखंड में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी नई मजबूती

- शशि प्रकाश झा ने सामुदायिक स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में इस पहल को महत्वपूर्ण बताया

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान (सीआईपी), रांची के मनोरोग सामाजिक कार्य विभाग द्वारा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) के वित्तीय सहयोग से संचालित परियोजना "झारखंड में ग्रामीण (जनजातीय) सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (सीएचडब्ल्यू) के लिए मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या जोखिम प्रबंधन प्रशिक्षण की प्रभावशीलता का मूल्यांकन" के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को सीआईपी परिसर में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने सामुदायिक स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में इस पहल को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की प्रारंभिक पहचान, समय पर हस्तक्षेप और आत्महत्या की रोकथाम में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. प्रभात कुमार (सिविल सर्जन, रांची), डॉ. राजीव कुमार (संयोजक, राज्य आयुष सलाहकार समिति), प्रो. अमूल रंजन सिंह (पूर्व निदेशक, रिनपास), डॉ. लाल मांझी (नोडल पदाधिकारी, एनएचएम) तथा डॉ. संतना (राज्य सलाहकार, एनएचएम) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सीआईपी के प्रभारी निदेशक डॉ एके सुधांशु ने की। इस अवसर पर प्रशासनिक पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार सूर्यवंशी, मनोरोग सामाजिक कार्य विभाग के प्रभारी एवं सहायक प्राध्यापक डॉ प्रशांत श्रीवास्तव तथा वरिष्ठ मनोरोग सामाजिक कल्याण पदाधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार सिंह भी मौजूद रहे। अपने संबोधनों में वक्ताओं ने मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने, आत्महत्या जोखिम की समय पर पहचान करने तथा समुदाय आधारित मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण कड़ी साबित होंगे।

कार्यक्रम के दौरान एम.फिल. मनोरोग सामाजिक कार्य के विद्यार्थियों ने मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या रोकथाम विषय पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया, जिसकी उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने सराहना की।

परियोजना के प्रथम चरण में रांची जिले के 100 सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं, परियोजना के तहत झारखंड के पांच जिलों के कुल 500 सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या जोखिम प्रबंधन का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इससे समुदाय स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और आत्महत्या रोकथाम के प्रयासों को नई गति मिलने की उम्मीद है।

कार्यक्रम के अंत में मनोरोग सामाजिक कार्य विभाग के प्रभारी एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूरे

## राज्य के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आज लगेंगे शिविर

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के सफल 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्यभर में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वर्ष 2016 में शुरू किए गए इस अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) उपलब्ध कराकर मातृ मृत्यु दर में कमी लाना है। अभियान की दसवीं वर्षगांठ के अवसर पर इस बार "सुरक्षित गर्भावस्था, स्वस्थ माताएं एवं सशक्त भारत" विषय पर एक विशेष मार्गदर्शिका भी जारी की गई है। राज्य के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 9 जून को विशेष आरोग्य शिविर लगाए जाएंगे। इसके अलावा जिला अस्पतालों, अनुमंडल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) एवं फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) में विशेष पीएमएसएमए सत्र आयोजित होंगे। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इन कार्यक्रमों के दौरान गर्भवती महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य जांच कराने के प्रति जागरूक किया जाएगा। मातृत्व स्वास्थ्य कोषांग की राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ. पुष्पा ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं, अल्ट्रासाउंड, रक्त एवं मूत्र जांच जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) की पहचान दर वर्ष 2016 में 3.5 प्रतिशत थी, जो बढ़कर अब 10 प्रतिशत हो गई है। आगामी वर्षों में इसे 15 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि जटिल गर्भावस्था वाले मामलों की समय पर पहचान कर सुरक्षित एवं शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जा सके।

## साइबर अपराध अनुसंधान पर 5 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शुरू



- 78 पुलिसकर्मी डिजिटल अपराध जांच के आधुनिक तकनीकों में होंगे प्रशिक्षित

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय, होटवार, रांची में सोमवार को सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद से आए तीन अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा "साइबर अपराध का अनुसंधान" विषय पर पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को साइबर अपराध की जांच में आधुनिक तकनीकों और डिजिटल साक्ष्यों के प्रभावी उपयोग के लिए दक्ष बनाना है। पांच दिवसीय इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को डिजिटल पेमेंट से संबंधित अपराध, घटनास्थल पर डिजिटल साक्ष्य संकलन, सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराध, सीडीआर/आईपीडीआर विश्लेषण, डार्क वेब की कार्यप्रणाली तथा क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े अपराधों की जांच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में झारखंड पुलिस की विभिन्न इकाइयों से आए आरक्षी, सहायक अवर निरीक्षक, अवर निरीक्षक एवं पुलिस निरीक्षक स्तर के कुल 78 पुलिसकर्मी भाग ले रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस बल की जांच क्षमता को और अधिक मजबूत बनाएंगे तथा डिजिटल अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में सहायक होंगे। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने साइबर अपराध की बदलती प्रकृति और जांच के आधुनिक तरीकों पर भी प्रकाश डाला। यह प्रशिक्षण पुलिसकर्मियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाकर अपराध अनुसंधान को अधिक प्रभावी और वैज्ञानिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### रास चुनाव को लेकर भाजपा पर बरसे राजद प्रवक्ता कैलाश यादव, कहा

## नामांकन के साथ ही भाजपा की रणनीति हुई बेनकाब

नवीन मेल संवाददाता



परिमल नाथवानी को समर्थन देने पर उठाए सवाल, धनबल और हॉर्स ट्रेडिंग की आशंका जताई

**रांची।** राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रवक्ता कैलाश यादव ने सोमवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राज्यसभा चुनाव में नामांकन प्रक्रिया के दौरान भाजपा की रणनीति पूरी तरह उजागर हो गई है। यादव ने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा पूर्व में दो सीटों पर अधिकृत उम्मीदवार उतारने का दावा किया गया था, लेकिन नामांकन के समय यह दावा धराशायी हो गया। उन्होंने कहा कि राजद लगातार यह कहता रहा है कि राज्यसभा की एक सीट जीतने के लिए आवश्यक संख्या बल भाजपा के पास नहीं है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि राज्यसभा की एक सीट के लिए 28 विधायकों के समर्थन की आवश्यकता होती है, जबकि भाजपा के पास पर्याप्त संख्या नहीं है। इसके बावजूद पार्टी लगातार जनता को भ्रमित करती रही और अंततः उद्योगपति परिमल नाथवानी को समर्थन देने का फैसला किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा यह जानते हुए भी कि उसके पास आवश्यक संख्या बल नहीं है, नाथवानी के समर्थन के जरिए धनबल और कथित हॉर्स ट्रेडिंग की राजनीति को बढ़ावा देना चाहती है। यादव ने कहा कि भाजपा अब अपनी स्थिति बचाने के लिए नाथवानी को समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार बता रही है, जबकि वास्तविकता कुछ और है। कैलाश यादव ने भाजपा की कथनी और करनी पर सवाल उठाते हुए कहा कि पार्टी एक ओर गरीब परिवारों की बात करती है, वहीं दूसरी ओर बड़े उद्योगपतियों को समर्थन देकर आम लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचा रही है। उन्होंने दावा किया कि राज्यसभा चुनाव के दौरान भाजपा की कथित रणनीति और किसी भी प्रकार के हॉर्स ट्रेडिंग के प्रयासों को सार्वजनिक किया जाएगा।

**जानकारी**

### जियाडा एमडी वरुण रंजन ने चैंबर भवन में उद्योगों की समस्याओं पर की चर्चा

# निवेशक अनुकूल नीतियों व पारदर्शी भूमि आवंटन पर की वार्ता

- उद्योग-अनुकूल वातावरण तैयार हो सके और वास्तविक निवेशकों को आने वाली कठिनाइयों का समाधान किया जा सके

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आमंत्रण पर जियाडा के प्रबंध निदेशक वरुण रंजन मंगलवार को चैंबर भवन पहुंचे, जहां उन्होंने राज्य के औद्योगिक विकास, निवेश प्रोत्साहन एवं उद्योगों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर उद्योग प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत वार्ता की। बैठक के दौरान औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं, निवेश को बढ़ावा देने तथा जियाडा द्वारा किए जा रहे सुधारात्मक प्रयासों पर विस्तार से चर्चा हुई। जियाडा एमडी ने जानकारी दी कि जियाडा रेगुलेशन-2016 में आवश्यक संशोधन किए जा रहे हैं, ताकि उद्योग-अनुकूल वातावरण तैयार हो सके और वास्तविक निवेशकों को आने वाली कठिनाइयों का समाधान किया जा सके।

उन्होंने बताया कि बदलते औद्योगिक परिदृश्य और तकनीकी विकास को ध्यान में रखते हुए नए रेगुलेशन का प्रारूप तैयार किया जा रहा है, जिसे औद्योगिक संगठनों के साथ साझा कर उनके सुझाव भी लिए जाएंगे। उन्होंने भूमि आवंटन एवं पजेशन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और निवेशक-अनुकूल बनाने, डीओपी की परिभाषा को सरल करने, परियोजना परिवर्तन की सुविधा देने तथा बिल्डिंग प्लान अनुमोदन प्रक्रिया को स्पष्ट करने जैसे सुधारों की जानकारी दी।

बैठक में यह भी सहमति बनी कि सेक्टरवार उद्योगों की समस्याओं को समझने और उनके समाधान हेतु नियमित सेक्टोरल राउंड टेबल मीटिंग आयोजित की जाएगी, ताकि निवेश प्रोत्साहन को और प्रभावी बनाया जा सके। जियाडा एमडी ने आश्वस्त किया कि औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि के बेहतर उपयोग, बुनियादी सुविधाओं के विकास तथा निवेशकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विभाग लगातार प्रयासरत है।

चैंबर के सह सचिव रोहित पोद्दार ने कोल्ड स्टोरेज इंफ्रास्ट्रक्चर, इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स की आवश्यकता, पलामू में जियाडा क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना तथा न्यूनतम वेतन दरों से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। इस पर जियाडा एमडी ने सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि प्रत्येक माह के चौथे गुरुवार को जियाडा के क्षेत्रीय निदेशक एवं उप निदेशक स्थानीय जिला चैंबर एवं औद्योगिक इकाइयों के साथ नियमित बैठक करेंगे, ताकि समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही किया जा सके।


## दृष्टिपात

### महागठबंधन के राज्यसभा प्रत्याशियों ने विधानसभा अध्यक्ष से की मुलाकात



**रांची।** राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया से पूर्व सोमवार को झारखंड विधानसभा कार्यालय में महागठबंधन के राज्यसभा प्रत्याशियों बैद्यनाथ राम एवं प्रणव झा ने विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो से मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों प्रत्याशियों को आगामी चुनाव के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। मुलाकात के दौरान झारखंड के विकास, जनहित से जुड़े मुद्दों तथा राज्य की आकांक्षाओं पर चर्चा हुई। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों प्रत्याशी राज्यसभा में पहुंचकर झारखंड की जनता की समस्याओं, अपेक्षाओं और विकास से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाएंगे। इस अवसर पर कहा कि उच्च सदन में झारखंड का मजबूत प्रतिनिधित्व राज्य के हितों की रक्षा और विकास योजनाओं को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। महागठबंधन ने दोनों उम्मीदवारों के अनुभव, कार्यक्षमता और जनसरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर भरोसा जताया।

### संजय सेठ ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से की शिष्टाचार भेंट



**नई दिल्ली/रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। यह भेंट सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर संजय सेठ ने रांची में सफलतापूर्वक आयोजित सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेला की कॉफी टेबल बुक रक्षा मंत्री को अवलोकन के लिए भेंट की। उन्होंने इस आयोजन के माध्यम से भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं स्वदेशी उत्पादों के संरक्षण और संवर्धन के प्रयासों को रेखांकित किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन देश की सांस्कृतिक विरासत को सशक्त बनाने के साथ-साथ स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान स्वदेशी भावना को प्रोत्साहित करने और स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर भी चर्चा हुई।

### राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा, झारखंड प्रदेश द्वारा रविवार को महामहिम राज्यपाल को लोकभवन में ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि राष्ट्रीय जनगणना 2027 के हाउस लिस्टिंग शेड्यूल में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के साथ अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए भी पृथक कॉलम अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। ज्ञापन में संविधान के अनुच्छेद 15(4), 16(4), 340 एवं 46 का उल्लेख करते हुए कहा गया कि देश की लगभग 52 प्रतिशत आबादी होने के बावजूद ओबीसी समुदाय को "अदर" श्रेणी में शामिल किया जाना सामाजिक न्याय की भावना के विपरीत है। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से आग्रह किया कि इस ज्ञापन को अपनी सशक्त अनुशंसा के साथ राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के पास अग्रसारित किया जाए, ताकि आगामी जनगणना में ओबीसी की अलग से गणना सुनिश्चित हो सके। इस पर राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि ज्ञापन को शीघ्र ही राष्ट्रपति भवन एवं प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजा जाए। साथ ही उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी), नई दिल्ली के समक्ष भी अपना पक्ष रखने का सुझाव दिया। प्रतिनिधिमंडल में उर्मिला यादव, डॉ. शिवानंद काशी, रामावतार कश्यप एवं संतोष कुमार शामिल थे।

### राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस-जेएमएम उम्मीदवारों की जीत होगी : कांग्रेस



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मीडिया विभाग के संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि जब गौरव वल्लभ कांग्रेस में थे, तो उन्होंने बीजेपी नेता संबित पात्रा से एक सवाल किया था कि एक ट्रिलियन में कितने जीरो होते हैं। वो अब खुद बीजेपी में हैं। बीजेपी की उम्मीद पर वह राज्यसभा जाने का सपना संजोने लगे थे। झारखंड से राज्यसभा सदस्य बनने के लिए नामांकन पत्र तक खरीद लिया था। लेकिन बीजेपी ने आखिरी क्षणों तक चुप्पी साधे रखी। भाजपा इनसे जीरो गिनवाती रही। और बड़े उद्योगपति गुजराती को राज्यसभा चुनाव में समर्थन दे कर नामांकन करा दिया। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने दावा किया कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस-जेएमएम दोनों उम्मीदवारों की जीत होगी। मुख्यमंत्री के नेतृत्व और उनकी मौजूदगी में दोनों ने नामांकन दाखिल किया। इंडिया गठबंधन के दोनों उम्मीदवार जीतेंगे। महागठबंधन के पास पर्याप्त संख्या है, लेकिन भाजपा फिर इस राज्य को हॉर्स ट्रेडिंग के मामले में बदनाम करना चाहती है, यह इनके प्रत्याशियों के अभी तक नाम क्लियर नहीं होने पर साफ हो चुका है। पहले रघुवर दास के समय भी ऐसा हुआ था। इस बार भी भाजपा प्रयास कर रही है, लेकिन जनता इसको देख रही है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि भाजपा हॉर्स ट्रेडिंग के लिए तैर रहा है, मगर इंडिया अलायंस को कोई तोड़ नहीं सकता। हमारे इंडिया अलायंस के दोनों उम्मीदवार को जीत हासिल होगी, यहां हॉर्स ट्रेडिंग नहीं चलेगी।

### राज्यसभा चुनाव में भाजपा को अपने नेताओं पर नहीं रहा भरोसा : राकेश सिन्हा



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने राज्यसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी को भारतीय जनता पार्टी द्वारा समर्थन दिए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि भाजपा का यह निर्णय लोकतांत्रिक मूल्यों के बजाय "थैलीशाही" और धनबल की राजनीति को बढ़ावा देने वाला है। उन्होंने ने कहा कि भाजपा का यह कदम इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि उसे अब अपने ही नेताओं, कार्यकर्ताओं और संगठन पर भरोसा नहीं रह गया है। जिस पार्टी के पास देश और राज्य में बड़ा संगठन होने का दावा है, वह यदि राज्यसभा चुनाव में अपना उम्मीदवार खड़ा करने के बजाय एक निर्दलीय उम्मीदवार के पीछे खड़ी होती है, तो यह उसके आत्मविश्वास की कमी और राजनीतिक दिवालियापन को दर्शाता है। सिन्हा ने आरोप लगाया कि भाजपा लगातार विचारधारा और सिद्धांतों की राजनीति की बात करती है, लेकिन व्यवहार में वह धनबल और प्रभावशाली व्यक्तियों के सहारे राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास करती है। राज्यसभा जैसी महत्वपूर्ण संस्था में ऐसे समर्थन का संदेश यह जाता है कि भाजपा जनसंघर्ष से निकले नेताओं और समर्पित कार्यकर्ताओं के बजाय संसाधन संपन्न लोगों को प्राथमिकता दे रही है।

खबर का असर




**पिस्का मोड़** के आसपास एलीवेटेड कॉरिडोर के नीचे ट्रैफिक सिग्नल के ऊपर यूरो किड्स का लगा विज्ञापन। ऐसे अनैतिक स्कूल बच्चों को क्या पढ़ाएंगे? नगर निगम को अवैध विज्ञापन पर जुर्माना और कार्रवाई करनी चाहिए।

## नवीन मेल की खबर पर रांची नगर निगम ने की सख्त कार्रवाई


# अवैध पोस्टर-फ्लेक्स लगाने पर यूरो किड्स स्कूल पर लगाया ₹25 हजार का जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची शहर में लगे अवैध पोस्टर-फ्लेक्स की खबर को राष्ट्रीय नवीन मेल ने 08 जून के अंक में प्रमुखता से उठाया था। खबर में लिखा गया था कि 'पिस्का मोड़ के आसपास एलीवेटेड कॉरिडोर के नीचे ट्रैफिक सिग्नल के ऊपर यूरो किड्स का लगा विज्ञापन। ऐसे अनैतिक स्कूल बच्चों को क्या पढ़ाएंगे? नगर निगम को अवैध विज्ञापन पर जुर्माना और कार्रवाई करनी चाहिए।'

इस खबर को रांची नगर निगम ने गंभीरता से लिया। वहीं सख्त कार्रवाई करते हुए पिस्का मोड़ के वेस्ट एंड पार्क स्थित यूरो किड्स, संस्थान पर 25,000 का जुर्माना लगाया है। निगम के अनुसार संस्थान द्वारा बिना अनुमति के पोस्टर एवं फ्लेक्स लगाकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा था, जो झारखंड नगरपालिका अधिनियम, 2011 की धारा 171 का उल्लंघन है। सहायक नगर आयुक्त द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि अधिनियम की धारा 600 के तहत संस्थान पर 25,000 का आर्थिक दंड अधिरोपित किया गया है। साथ ही निर्देश दिया गया है कि नोटिस प्राप्त होने के तीन दिनों के भीतर निगम कार्यालय के छठे तल स्थित बाजार शाखा में जुर्माना राशि जमा कर अवैध रूप से लगाए गए पोस्टर एवं फ्लेक्स को हटाया जाए।

निगम ने चेतावनी दी है कि निर्धारित अवधि में आदेश का पालन नहीं करने पर संस्थान का ट्रेड लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। इसके अलावा झारखंड नगरपालिका अधिनियम, 2011 की प्रासंगिक धाराओं के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। रांची नगर निगम ने शहर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए सभी संस्थानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं संगठनों से प्रचार-प्रसार संबंधी नियमों का पालन करने की अपील की है।




## बीआईटी मेसरा ने एआई-हायडा 2026 की शुरुआत की

# एआई-संचालित हिमालयी जलवायु इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म हुआ लॉन्च




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) मेसरा के क्वांटिटेटिव इकोनॉमिक्स एंड डेटा साइंस विभाग द्वारा "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फॉर हाइपरस्पेक्ट्रल डेटा एनालिटिक्स" विषय पर एक सप्ताह लंबे संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) का उद्घाटन किया गया। यह कार्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से ईएंडआईसीटी अकादमी, एनआईटी पटना के साथ संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है।

उद्घाटन अवसर पर 'हिमक्लाइमएक्स' नामक उन्नत क्लाइमेट इंटेलिजेंस एवं विजुअलाइज़ेशन प्लेटफॉर्म भी लॉन्च किया गया।

यह प्लेटफॉर्म हिमालयी ऊंचाई वाले क्षेत्रों के एक सदी से अधिक के जलवायु रिकॉर्ड को एकीकृत कर जलवायु प्रवृत्ति विश्लेषण, अनोमली डिटेक्शन, स्थानिक विजुअलाइज़ेशन, प्रभाव मूल्यांकन एवं एआई आधारित पूर्वानुमान जैसी क्षमताएं प्रदान करता है।

इसे नीरज के मौर्य, नवनीत कुमार एवं भोला महतो द्वारा विकसित किया गया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में इसरो अहमदाबाद स्थित स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर के वैज्ञानिक (एसजी) एवं डिवीजन प्रमुख डॉ अनूप कुमार दास उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन बीआईटी मेसरा के कुलपति प्रो. इंद्रनिल मन्ना के नेतृत्व में किया जा रहा है। इस अवसर पर फैकल्टी अफेयर्स के डीन प्रो. अशोक शरण, रिसर्च, इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप के डीन प्रो. राजू पोद्दार, क्यूईडीएस विभागाध्यक्ष प्रो. वंदना भट्टाचार्य, एफडीपी समन्वयक डॉ मनीष के. पांडे तथा सह-समन्वयक डॉ रत्नेश मिश्रा एवं अभय कुमार उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं संस्थान प्रार्थना के साथ हुई। स्वागत संबोधन में प्रो वंदना भट्टाचार्य ने एआई एवं डेटा-आधारित तकनीकों की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ मनीष के पांडे ने एफडीपी की रूपरेखा और हाइपरस्पेक्ट्रल डेटा एनालिटिक्स में क्षमता निर्माण के अवसरों की जानकारी दी।

## कांके डैम संरक्षण को लेकर निगम की बड़ी कार्रवाई

# बुलडोजर चलाकर 11 अवैध पिगरी ध्वस्त

- **डैम क्षेत्र में अतिक्रमण और प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों पर चला बुलडोजर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कांके डैम के संरक्षण, स्वच्छता एवं प्रदूषण नियंत्रण को लेकर रांची नगर निगम ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए वार्ड संख्या-01 स्थित डैम के तटवर्ती क्षेत्र में संचालित 11 अवैध पिगरी (सूअर पालन केंद्र) को ध्वस्त कर दिया। निगम की इनफोर्समेंट टीम द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के दौरान अतिक्रमण कर संचालित इन अवैध इकाइयों को हटाया गया। नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार अवैध पिगरी से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों के कारण कांके डैम के जल स्रोत और आसपास के पर्यावरण के प्रदूषित होने की आशंका बनी हुई थी। डैम क्षेत्र को अतिक्रमण एवं प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई।

निगम ने कहा कि कांके डैम रांची शहर की महत्वपूर्ण प्राकृतिक धरोहर एवं प्रमुख जल स्रोतों में से एक है। इसके संरक्षण को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डैम क्षेत्र में अतिक्रमण, अवैध निर्माण अथवा प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों के विरुद्ध आगे भी अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाएगी। रांची नगर निगम ने नागरिकों से जलाशयों एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है। निगम ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जल स्रोतों की सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है तथा स्वच्छ, सुरक्षित एवं प्रदूषण मुक्त कांके डैम के निर्माण में जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। नगर निगम की इस कार्रवाई को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।




बांधगाड़ी में नगर निगम का अतिक्रमण विरोधी अभियान

# सरकारी भूमि पर बनी 5 अवैध संरचनाएं ध्वस्त

- **नालों पर कब्जा हटाकर जल निकासी व्यवस्था को किया गया दुरुस्त, निगम ने दी सख्त चेतावनी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम द्वारा सरकारी भूमि एवं नालों पर किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को वार्ड संख्या–06 अंतर्गत बांधगाड़ी क्षेत्र में विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम ने सरकारी भूमि एवं नालों के ऊपर अवैध रूप से निर्मित कुल 05 संरचनाओं को ध्वस्त कर हटा दिया। यह कार्रवाई नियमानुसार की गई, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त करना और जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना है। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान नालों के प्रवाह मार्ग में बाधा उत्पन्न कर रही अवैध संरचनाओं को हटाकर प्राकृतिक जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया गया, ताकि आगामी वर्षा ऋतु में जल-जमाव की समस्या से स्थानीय लोगों को राहत मिल सके। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि सरकारी भूमि, सार्वजनिक संपत्तियों एवं नालों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण स्वीकार्य नहीं है। ऐसे अतिक्रमण न केवल सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि शहर की जल निकासी व्यवस्था को भी प्रभावित करते हैं।

# न्यू मधुकम में श्रीमद्भागवत कथा की तैयारियां तेज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** न्यू मधुकम चुना भट्ठा, रोड नंबर-05 (गोपाल मंदिर के पीछे) स्थित मैदान में श्री कृष्ण सत्संग महिला समिति के तत्वावधान में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। समिति द्वारा आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि वृंदावन के मुख्य कथा वाचक कन्हैया पांडे श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का अमृतपान कराएंगे। कथा वाचक 25 जून को रांची आगमन होगा।



इस संबंध में आयोजित बैठक न्यू मधुकम हनुमान मंदिर के निकट संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता डौली वर्मा ने की तथा धन्यवाद ज्ञापन शिव किशोर शर्मा द्वारा किया गया। बैठक में समिति की कई सदस्याएं एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें डौली वर्मा, संध्या देवी, गुड़िया देवी, सुभद्रा देवी, ललिता देवी, रूबी देवी, निर्मला देवी, शिल्पी देवी, श्रेया गुप्ता, पूनम देवी, बेबी देवी, इंदु देवी, नीतू वर्मा, सोनी देवी, सिंधु वर्णवाल सहित कमलेश शर्मा, नवीन ठाकुर, शिव किशोर शर्मा, अनूप गुप्ता एवं मनीष पाठक शामिल थे।

# बीएयू के पशुपतिनाथ मंदिर में हुई महाआरती



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पशुपतिनाथ मंदिर में सोमवार को महाआरती का आयोजन किया गया। मुख्य पुजारी आचार्य सुनील कुमार पांडेय ने विधिवत रूप से पूजन, आरती और अनुष्ठान सम्पन्न कराया। महाआरती का लाभ बीएयू के वानिकी संकाय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ आशीष कुमार चक्रवर्ती तथा उनकी धर्मपत्नी डॉ तनुश्री चक्रवर्ती ने लिया। इस अवसर पर देवांशी, रीना,इन्द्रनाथ मुंडा सहित भक्त गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# काव्यगोष्ठी में गूंजे कविता के विविध स्वर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच की मासिक काव्यगोष्ठी कार्यकारी अध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। काव्यपाठ के दौरान रचनाकारों ने समकालीन जीवन की विविध संवेदनाओं को स्वर दिया। मंच की उपाध्यक्ष डॉ सुरिन्दर कौर 'नीलम' द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना की, कार्यकारिणी सदस्य डॉ ममता मनीष सिन्हा ने आगंतुक कवियों, कवयित्रियों एवं साहित्यप्रेमियों का कुमकुम-अक्षत से स्वागत किया। मंच के सचिव बिनोद सिंह गहरवार ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों



एवं प्रतिभागियों का अभिनंदन किया तथा मंच के संरक्षक विनय सरावगी, अध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद 'निरंकुश' और होटल सिटी पैलेस के स्वामी विजय रजगढ़िया के प्रति आभार व्यक्त किया। काव्यपाठ सत्र में प्रतिभा सिंह, डॉ अंजेश कुमार, डॉ गीता सिन्हा 'गीतांजलि', आत्मेश्वर झा, राज रामगढ़ी, खुशबू बरनवाल 'सीपी', हिमकर श्याम, कामेश्वर कुमार सिंह 'कामेश', सुनीता अग्रवाल, डॉ ममता मनीष सिन्हा, रेणु झा 'रेणुका', बिनोद सिंह गहरवार, मुक्ति शाहदेव, डॉ सुरिन्दर कौर 'नीलम', सित कुमार, नेहाल हुसैन सरायवी तथा डॉ वैद्यनाथ मिश्र ने अपनी-अपनी रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं की सराहना प्राप्त की। अध्यक्षीय संबोधन में निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि कवि होना सौभाग्य की बात है।

## आज / कल




# धुर्वा डैम में डूबने से बच्ची की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हटिया स्थित धुर्वा डैम के फाटक के पास पैर फिसलने से एक 14 वर्षीय बच्ची की डूबने से मौत हो गई। मृत बच्ची की पहचान हटिया निवासी श्रेया गाड़ी के रूप में की गई है। इस घटना के बाद से बच्ची के परिवार में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार, 14 वर्षीय श्रेया गाड़ी अपने परिवार के सदस्यों के साथ धुर्वा डैम घूमने के लिए आई थी। डैम के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने और घूमने के दौरान वह डैम के फाटक के निचले हिस्से की तरफ चली गई। इसी बीच अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई। जब तक आसपास के लोग या परिजन उसे बचाने का प्रयास करते, तब तक वह पानी में डूब चुकी थी।घटना की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई।

# पुस्तक दान अभियान का आयोजन, बच्चों के बीच शिक्षा का संदेश

- **पुस्तक दान अभियान का आयोजन, बच्चों के बीच शिक्षा का संदेश**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बीआईटी, मेसरा (लालपुर) इकाई के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों द्वारा निवारणपुर स्थित आदिम जाति सेवा मंडल अनाथालय में एक पुस्तक दान अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान एनएसएस समन्वयक एवं प्रोग्राम ऑफिसर अभय रंजन श्रीवास्तव तथा एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर संदीप नाथ शाहदेव के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल संचालन में एनएसएस के अध्यक्ष शिवम दीप, सचिव आशिका कुमारी तथा स्वयंसेवक स्वर्ण कली, आस्था, निखिल निरुपम, अभिनव रंजन, बिदिशा बसु, आकांक्षा प्रभात एवं शुभन राज की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने बच्चों के साथ विभिन्न मनोरंजक एवं रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। खेल-कूद, म्यूजिकल चेयर, ओपन माइक, चित्रकला प्रतियोगिता तथा बच्चों के साथ संवाद जैसे कार्यक्रमों ने पूरे वातावरण को उत्साह, आनंद और मुस्कान से भर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों के बीच पुस्तकों का वितरण रहा। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के अधिकार एवं शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना तथा उन्हें अध्ययन के लिए प्रेरित करना था। एनएसएस स्वयंसेवकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें नियमित रूप से शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## श्रीमद्भागवत कथा | महाराजा अग्रसेन भवन में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन

# श्रीकृष्ण–सुदामा प्रसंग से भावविभोर हुए श्रद्धालु

- **डाकघर प्रेम के कारण चलता था, जबकि आज कचहरी नफरत के कारण बढ़ रही है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अपर बाजार स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के वातावरण में हुआ। समापन दिवस पर कथा व्यास आचार्य पं. अश्विनी मिश्र ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की अमर मित्रता का भावपूर्ण प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान आचार्य मिश्र ने सनातन धर्म, द्रौपदी के चीरहरण, छल-कपट, गृहस्थ जीवन, बेटियों के स्नेह और न्याय व्यवस्था जैसे विषयों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सच्ची मित्रता धन, पद या प्रतिष्ठा पर आधारित नहीं होती, बल्कि प्रेम, विश्वास, सम्मान और समर्पण इसकी वास्तविक नींव होते हैं।




### "राधे-राधे" के जयघोष के साथ कथा महोत्सव संपन्न

उन्होंने कहा कि मंत्री, चिकित्सक और शिक्षक समाज निर्माण में सबसे अधिक पुण्य अर्जित करते हैं, इसलिए उन्हें अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करना चाहिए, तभी वास्तविक विकास संभव है। समापन अवसर पर हवन-पूजन का आयोजन किया गया। कथा का मूल पाठ आचार्य विष्णु शर्मा ने किया। संगीत प्रस्तुति में निहाल शर्मा, अमन झा, प्रताप कुमार और लव कुश शर्मा ने भक्ति रस से वातावरण को सराबोर किया। कार्यक्रम में सुदामा की भूमिका कृत अग्रवाल, श्रीकृष्ण की भूमिका पलक अग्रवाल तथा रुक्मिणी की भूमिका रिद्धि मंगल ने निभाई।

उन्होंने श्रीकृष्ण–सुदामा प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि विपरीत परिस्थितियों और गरीबी के बावजूद सुदामा ने कभी मित्रता का लाभ उठाने का प्रयास नहीं किया और अपने स्वाभिमान को बनाए रखा। वहीं द्वारकाधीश बनने के बाद भी भगवान श्रीकृष्ण ने अपने बाल सखा को नहीं भुलाया और उन्हें गले लगाकर सम्मान दिया, जो सच्ची मित्रता का सर्वोत्तम उदाहरण है। कथा के दौरान "सांवरिया है सेठ म्हारी राधा सेठानी है" और "काली कमली वाला मेरा यार है" जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। पूरे पंडाल में "राधे-राधे" के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। अपने प्रवचन में आचार्य मिश्र ने समाज में बढ़ती नफरत पर चिंता जताते हुए कहा कि प्रेम ही समाज की असली शक्ति है। उन्होंने कहा कि पहले समाज में "डाकघर प्रेम के कारण चलता था, जबकि आज कचहरी नफरत के कारण बढ़ रही है।

# जेपीएससी पात्रता परीक्षा को लेकर रांची में निषेधाज्ञा लागू

- **परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर दायरे में सख्त पाबंदियां**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा आयोजित झारखंड पात्रता परीक्षा 2024 (विज्ञापन संख्या-08/2025) के कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने के लिए रांची प्रशासन ने कड़े सुरक्षा एवं निषेधात्मक आदेश जारी किए हैं। सदर अनुमंडल दंडाधिकारी श्री कुमार रजत ने बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। यह आदेश 14 जून 2026 को सुबह 07:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक प्रभावी रहेगा।

प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार परीक्षा केंद्रों के आसपास पाँच या पाँच से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा, हालांकि सरकारी कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारी, सरकारी कार्यक्रम एवं शवयात्रा को इससे छूट दी गई है। इसके साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि परीक्षा केंद्रों के आसपास किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र जैसे बंदूक, राइफल, रिवाल्वर, बम, बारूद आदि लेकर चलने पर रोक रहेगी।

## 27वीं झारखंड राज्य पावरलिफ्टिंग एवं बेंचप्रेस प्रतियोगिता संपन्न



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा गुरुनानक स्कूल परिसर में आयोजित 27वीं झारखंड राज्य पावरलिफ्टिंग एवं बेंचप्रेस प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में राज्यभर से 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी शक्ति और कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को "बेस्ट प्लेयर" के खिताब से सम्मानित किया गया। विजेताओं को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। सब-जूनियर वर्ग में झारखंड स्टेट क्लासिक बेंच प्रेस में सोनू कुमार यादव तथा क्लासिक पावरलिफ्टिंग में रौनक साहू को बेस्ट प्लेयर चुना गया। जूनियर वर्ग में बेंच प्रेस में शिवम सिंह और पावरलिफ्टिंग में यश कुमार प्रजापति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग में दोनों ही स्पर्धाओं—क्लासिक बेंच प्रेस एवं क्लासिक पावरलिफ्टिंग—में सुब्रसील मुखर्जी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए बेस्ट प्लेयर का खिताब अपने नाम किया। एसोसिएशन के सचिव ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य राज्य में पावरलिफ्टिंग खेल को बढ़ावा देना तथा युवा खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करना है।

# फायरिंग कांड में दो आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पिठौरिया थाना क्षेत्र में हुई फायरिंग की घटना का रांची पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम अफसर अंसारी (22 वर्ष) और शोएब अंसारी उर्फ नुनुवा अंसारी (23 वर्ष) बताए गए। दोनों आरोपी पिठौरिया थाना क्षेत्र के कोकदोरो के रहने वाले हैं। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किया गया पिस्तौल, जिंदा कारतूस और मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि पुरानी रंजिश और हत्या के एक मामले में गवाही रोकने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया गया था। जानकारी के अनुसार 2 जून की शाम करीब छह बजे मदनपुर कोकदोरो निवासी फिरोज अंसारी पर मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने गोली चला दी थी। गोली लगने से फिरोज अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद पिठौरिया थाना में कांड संख्या 63/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### एसएसपी के निर्देश पर बनी विशेष टीम

मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची के रांची एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर रूरल एसपी गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। सीनियर डीएसपी अमर कुमार पांडेय के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शोएब अंसारी उर्फ नुनुवा अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं मामले का दूसरा आरोपी अफसर अंसारी पुलिस दबाव बढ़ने के बाद न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। बाद में उसे पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई। निशानदेही पर बरामद हुआ हथियार पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने 7.65 एमएम का पिस्तौल, एक जिंदा गोलियां और घटना में इस्तेमाल की गई बजाज पल्सर मोटरसाइकिल बरामद कर ली।



### गवाही रोकने के लिए रची गई थी साजिश

पुलिस के अनुसार वर्ष 2022 में फिरोज अंसारी के भतीजे की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में अफसर अंसारी आरोपी था और फिलहाल जमानत पर बाहर था। पुलिस जांच में पता चला है कि अफसर अंसारी फिरोज अंसारी पर लगातार दबाव बना रहा था कि वह हत्या मामले में अदालत में गवाही न दें। गवाही देने पर जान से मारने की धमकी भी दी जा रही थी। जब फिरोज अंसारी गवाही देने के लिए तैयार रहे तो उन्हें रास्ते से हटाने की नीयत से फायरिंग की गई।

### गृहभेदन मामलों में भी संलिप्तता

पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने पिठौरिया और कांके थाना क्षेत्र में हुई गृहभेदन और चोरी की कई घटनाओं में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस अब इन मामलों की भी जांच कर रही है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अफसर अंसारी के खिलाफ हत्या सहित कई गंभीर मामले पहले से दर्ज हैं। वर्ष 2022 के हत्या कांड के अलावा उसके खिलाफ 2025 में गृहभेदन और चोरी से जुड़े कई मामले दर्ज हैं।

### रक्त विकार पीड़ित पिकनिक व भ्रमण कार्यक्रम में हुए शामिल

## लहू बोलेगा संगठन की पहल की सराहना

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** रांची सदर अस्पताल परिसर से झारखंड के रक्त विकार एवं असाध्य रोगों से पीड़ित मरीजों तथा उनके परिजनों के लिए एक विशेष राज्यस्तरीय पिकनिक एवं भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत दो बसों में कुल 125 मरीजों एवं परिजनों को जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम और धुर्वा डैम, रांची के लिए रवाना किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ रांची सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने बसों को हरी झंडी दिखाकर किया। यह आयोजन "लहू बोलेगा रक्तदान संगठन, रांची" एवं झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

इस भ्रमण में थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया, अप्लास्टिक एनीमिया, हीमोफीलिया सहित विभिन्न रक्त विकारों से पीड़ित मरीज एवं उनके परिजन शामिल हुए। कार्यक्रम में डीपीएम रांची, सदर अस्पताल की चिकित्सा टीम, तथा बड़ी संख्या में मरीजों के परिजन एवं सहयोगी उपस्थित रहे। सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन मरीजों के मानसिक स्वास्थ्य और उत्साहवर्धन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि "लहू बोलेगा" संगठन द्वारा किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय है, जिससे बच्चों और परिजनों में नई ऊर्जा का संचार होता है। जेएससीए स्टेडियम में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में जेएससीए पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने प्रतिभागियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। आयोजन को सफल बनाने में झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारु, रांची गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी एवं गुरुगोविंद सिंह पब्लिक स्कूल का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने बसों की व्यवस्था में योगदान दिया।

## शिवसेना की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में शामिल हुए दीपक

नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** शिवसेना झारखंड में 2029 की विधानसभा चुनाव अपने चुनाव सिंबल के साथ पूरे दम खम से चुनाव लड़ने का काम करेगी। उक्त बातें शिवसेना प्रमुख सह महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को दिल्ली स्थित महाराष्ट्र के सांसद श्रीकांत शिंदे के संसदीय आवास में राष्ट्रीय कार्यकारिणी राज्य प्रमुख की बैठक के दौरान झारखंड राज्य प्रमुख दीपक सिंह व राज्य उपप्रमुख संदीप मुखर्जी से बात करते हुए कहीं। इस दौरान एकनाथ शिंदे ने झारखंड राज्य प्रमुख दीपक सिंह और संदीप मुखर्जी से झारखंड के चुनावी गलियारों का हाल चला जाना। इस दौरान एकनाथ शिंदे ने 2029 के विधानसभा चुनाव में झारखंड के गठबंधन की हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ फेंकने की बात कही। एकनाथ शिंदे ने झारखंड राज्य प्रमुख दीपक सिंह से झारखंड राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी विस्तार को लेकर युद्ध स्तर पर सदस्यता अभियान चलाने पर जोर दिया। साथ ही एकनाथ शिंदे ने जल्द ही झारखंड की बिरसा मुंडा की धरती में शिवसेना जल्द ही विशाल जनसभा करने और शामिल होने की बात कहीं। बैठक में छत्तीसगढ़ शिवसेना राज्य प्रमुख धनंजय सिंह प्रयाग, दिल्ली राज्य प्रमुख संदीप चौधरी, रांची जिला प्रमुख रोनित कुमार, विजय गोसाईं समेत कई राज्यों के राज्य प्रमुख बैठक में शामिल हुए।



### चूरी कोलियरी में कोयला उठाव विवाद और गहराया

## सेल पदाधिकारी की चेतावनी पर एजेंसियों का विरोध



नवीन मेल संवाददाता

**खलारी।** सीसीएल के एनके एरिया अंतर्गत चूरी कोलियरी में कोयला उठाव को लेकर चल रहा विवाद अब और तेज हो गया है। चूरी परियोजना के विक्रय पदाधिकारी द्वारा जारी नई सूचना के बाद स्थिति में नया मोड़ आ गया है, जिससे प्रबंधन और कोयला उठाव करने वाली एजेंसियों के बीच तनाव बढ़ गया है। विक्रय पदाधिकारी द्वारा जारी सूचना में कहा गया है कि दैनिक रोड सेल रिपोर्ट के अनुसार ई-बिडिंग कोयला उठाव के लिए निर्धारित कोटे के अनुरूप वाहन नहीं लगाए जा रहे हैं। विक्रय पदाधिकारी ने एजेंसियों से अपील की है कि वे तय कोटे के अनुसार प्रतिदिन ट्रक लगाकर कोयला उठाव सुनिश्चित करें। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि निर्धारित समय सीमा में खरीदा गया कोयला नहीं उठाया गया और कोयला लैप्स हो गया, तो ईएमडी जब्त कर ली जाएगी तथा किसी प्रकार का समय विस्तार नहीं दिया जाएगा। मालूम हो कि 25 हजार टन कोयला उठाव के लिए प्रतिदिन कोयला उठाव के लिए 52 गाड़ियों का कोटा निर्धारित किया गया है, लेकिन जी-7 कोयले के लिए ई-बिडिंग करने वाली एजेंसियां कोयले की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए उठाव से इनकार कर रही है।

इसके चलते कोटे के अनुरूप वाहन नहीं पहुंच रहे हैं और उठाव प्रभावित है। सोमवार को मात्र 18 ट्रक कोयला उठाव हुआ जिसमें 12 रविवार के इंट्री वाले थे। कारोबारी जी-7 मानक के अनुरूप गुणवत्ता वाला कोयला उपलब्ध कराने की मांग करते हुए तय कोटे से कम गाड़ियां लगा रहे हैं।

## तुको चोरी कांड का 24 घंटे में खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के तुको स्थित सरना टेलिकॉम मोबाइल दुकान में हुई चोरी की घटना का बेड़ो पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चोरी गए नौ पुराने मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। उल्लेखनीय है कि तुको निवासी बिष्णु उरांव का सरना टेलिकॉम मोबाईल दुकान से सात जून की रात अज्ञात चोरों ने दुकान की दीवार तोड़कर मोबाइल फोन एवं नगदी की चोरी कर ली थी। इधर वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के निर्देश एवं ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में डीएसपी दीपक कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं मानवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई हुए महज 24 घंटे के भीतर कांड का उद्भेदन कर लिया। पुलिस ने मामले में निलेश बैठा पिता अरुण बैठा एवं अभय ठाकुर पिता बैजनाथ ठाकुर, दोनों निवासी तुको केवडा. टोली,थाना बेड़ो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गए 9 पुराने मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। अन्ततः पुलिस की तत्परता रंग लाई। ग्रामीणों के सहयोग से दो चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। छापेमारी दल में डीएसपी दीपक कुमार, पुलिस निरीक्षक उत्तम कुमार उपाध्याय, थाना प्रभारी कफील अहमद, पुअनि शौकत अली तथा बेड़ो थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।



### कांग्रेस ने की पंचायत प्रभारियों की नियुक्ति

**खूंटी।** खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक सोमवार को प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई।

बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि मिश्रा और प्रखंड प्रभारी प्रणित तोपनो विशेष रूप से उपस्थित रहे। पार्टी पदाधिकारियों ने बीएलए को अपने-अपने बूथ क्षेत्रों में मतदाता सूची का गहन सत्यापन करने का निर्देश दिया। नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे, जबकि अपात्र व्यक्तियों के नाम सूची में शामिल न हों।

## जीआरडीए ने डोरंडा पीएचसी को मुहैया कराई अत्याधुनिक एंबुलेंस

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार के निर्देश पर ग्रेटर रांची डेवलपमेंट एजेंसी (जीआरडीए) ने जनसेवा और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ करने के लिए एक अत्याधुनिक एंबुलेंस राजकीय औषधालय डोरंडा (पीएचसी) को सीएसआर फंड के तहत सोमवार को उपलब्ध कराया। इस अवसर पर नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने एंबुलेंस की चाबी सदर अस्पताल के डॉक्टर ताबान रिजवी को उपलब्ध कराया। मंत्री ने एंबुलेस को हरी झंडी दिखाकर डोरंडा अस्पताल के लिए रवाना किया। मंत्री आवास के समक्ष जीआरडीए के महाप्रबंधक राकेश कुमार नंदक्योलियार ने संस्थान की ओर एंबुलेंस की चाबी उपलब्ध करायी। महाप्रबंधक ने बुके, शॉल और स्मृति चिन्ह देकर मंत्री कुमार को सम्मानित किया। वहीं डॉ रिजवी सहित अन्य लोगों ने भी मंत्री को स्मृति चिन्ह और बुके दिया।



इस अवसर पर मंत्री सुदिव्य ने कहा कि डोरंडा अस्पताल के लिए एंबुलेंस उपलब्ध होना क्षेत्र के निवासियों के लिए एक बड़ी राहत की बात होगी। राजकीय अस्पताल की प्रभारी डॉ मिता सिन्हा को यह एंबुलेंस सदर अस्पताल की ओर से कागजी कार्रवाई के बाद सौंप दी गई। इस अवसर पर जीआरडीए के अधिकारी शशि भूषण पाठक और साकेत कुमार सिंह सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**कुश्ती प्रतियोगिता** | झारखंड अंडर-23 सीनियर राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का समापन

# विजेता कुश्ती खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

- ग्रीको रोमन, फ्रीस्टाइल और महिला वर्ग में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** बोकारो जिला कुश्ती संघ एवं झारखंड राज्य कुश्ती संघ के संयुक्त तत्वावधान तथा खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के सहयोग से आयोजित झारखंड यू-23 सीनियर राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 2026 का भव्य समापन हुआ। यह प्रतियोगिता 07 से 08 अप्रैल 2026 तक आयोजित की गई, जिसमें पुरुष फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन शैली तथा महिला कुश्ती वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि बोकारो जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने और राज्य का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने का अवसर प्रदान करती हैं। समारोह में झारखंड राज्य कुश्ती संघ के कोषाध्यक्ष बबलू कुमार सहित देवघर, लोहरदगा, गिरिडीह, कोडरमा, गुमला, सरायकेला-खरसावां एवं अन्य जिलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं टीम चैंपियनशिप ट्रॉफी प्रदान की गई। टीम चैंपियनशिप में सीओई ने 355 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि साहेबगंज 235 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर और बोकारो 205 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। ग्रीको रोमन बालक वर्ग में विभिन्न भार वर्गों में अंजीत कुमार मुंडा (55 किलो), अभिषेक कुमार (60 किलो), आकाश कुमार महतो (63 किलो), आशीष कुमार (67 किलो), रोहित कुमार (72 किलो), ऋषि गौरव (97 किलो) और सोनू कुमार महतो (130 किलो) ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

### सम्मानित हुए पुरुष और महिला पहलवान

फ्रीस्टाइल बालक वर्ग में नीरज कुमार (57 किलो), रोशन कुमार (61 किलो), निरंजन लकड़ा (65किलो), हिमांशु कुमार (70 किलो), चंदन यादव (74 किलो), आदित्य सिंह याफिर हाफिज (97किलो) और नीमचंद महतो (125 किलो) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महिला फ्रीस्टाइल वर्ग में स्नेहा कुमारी (50 किलो), सरस्वती कुमारी (65 किलो), ज़ोरिसदा तिग्गा (68 किलो), अशमून खातून (72 किलो) एवं पूजा रानी (76 किलो) ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

## दृष्टिपात

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत, पहचान नहीं हुई

**खूंटी।** खूंटी जिले के मुरहू थाना क्षेत्र में सोमवार को सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर बिचना पेट्रोल पंप के समीप हुई, जहां किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतक पिछले दो दिनों से बिचना और आसपास के क्षेत्रों में घूमता देखा जा रहा था। लोगों का कहना है कि उसकी मानसिक स्थिति सामान्य नहीं लग रही थी और वह मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रहा था। हालांकि, उसकी वास्तविक पहचान और पृष्ठभूमि के बारे में किसी को जानकारी नहीं है। सोमवार सुबह जब ग्रामीणों ने सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा और तत्काल मुरहू थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि, दुर्घटना किस वाहन से हुई और हादसे की परिस्थितियां क्या थीं, इसका पता लगाने के लिए पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### विधायकों को बाहर ले जाने की जरूरत नहीं : अरूप चटर्जी



**रांची।** भाकपा-माले विधायक अरूप चटर्जी ने कहा है कि उनकी पार्टी राज्यसभा चुनाव में झामुमो और कांग्रेस उम्मीदवार का समर्थन कर रही है। सदन में भाकपा-माले के दो विधायक हैं और दोनों पूरी तरह एकजुट होकर इंडिया गठबंधन के साथ खड़े हैं। विधायकों को चुनाव से पहले राज्य से बाहर ले जाने की चर्चाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए सोमवार को उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य चल रहा है और झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार है। ऐसे में विधायकों को बाहर ले जाने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी विधायक झारखंड में ही सुरक्षित हैं। मतदान के समय ही भाकपा-माले के विधायकों की याद आती है, जबकि चुनाव समाप्त होने के बाद सभी उन्हें भूल जाते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि मौजूदा परिस्थितियों में इंडिया गठबंधन दोनों सीटों पर जीत दर्ज करेगा। निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नथवानी के चुनावी मैदान में उतरने पर भाकपा-माले विधायक ने कहा कि नथवानी पहले भी झारखंड का राज्यसभा में प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और उनका कई विधायकों से व्यक्तिगत संपर्क है। हालांकि नीतिगत और राजनीतिक मुद्दों पर विधायक इंडिया गठबंधन के साथ ही खड़े हैं।

### दो दिन में बदला गया जला ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों को मिली राहत

**रनिया।** रनिया प्रखंड के ताम्बा पंचायत अंतर्गत हातनादा गांव में आंधी-तूफान के कारण जले ट्रांसफार्मर को मात्र दो दिनों के भीतर बदलकर नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया। सोमवार को जिला परिषद सदस्य सह झामुमो केंद्रीय सदस्य बिरेन कंडुलना एवं विधायक प्रतिनिधि सह झामुमो केंद्रीय सदस्य देवनाथ मघैया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर जल जाने से गांव में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मामले की जानकारी मिलने पर विधायक सुदीप गुड़िया के निर्देश पर बिजली विभाग के विधायक प्रतिनिधि देवनाथ मघैया ने पहल करते हुए विभाग से समन्वय स्थापित किया, जिसके बाद नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। मौके पर झामुमो बुद्धिजीवी मोर्चा अध्यक्ष पियूस गुड़िया, प्रखंड खेल मोर्चा अध्यक्ष बेलसाजर बारला, ताम्बा पंचायत अध्यक्ष जोलेन गुड़िया, मीडिया प्रभारी जोस्तियान भेंगरा, बूथ अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित करें कार्यकर्ता : अर्जुन मुंडा

**खूंटी।** भाजपा जिला कार्यालय में सोमवार को जिलाध्यक्ष आनंद कुमार की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं, जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा एवं तोरपा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों तथा पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संगठन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की आय में वृद्धि भाजपा की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि कृषि वैज्ञानिकों की उपस्थिति में किसानों के लिए प्रशिक्षण एवं जागरूकता सेमिनार आयोजित किए जाएं, ताकि उन्हें आधुनिक खेती, उन्नत तकनीक एवं आय बढ़ाने के नए उपायों की जानकारी मिल सके।

### श्रावणी मेला की तैयारियों का उपायुक्त व एसपी ने लिया जायजा

**खूंटी।** आगामी श्रावण माह में बाबा आम्रेश्वर धाम में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियों का जायजा लेना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में उपायुक्त मो. जावेद हुसैन एवं पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने सोमवार को बाबा आम्रेश्वर धाम पहुंचकर मंदिर परिसर एवं आसपास की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर श्रावणी मेला की तैयारियों, श्रद्धालुओं की सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मंदिर परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, यातायात संचालन, भीड़ नियंत्रण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की स्थिति का अवलोकन किया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि श्रावण माह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

### श्रम भवन के पास मजदूरों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**रांची।** भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कामगार यूनियन के बैनर तले सोमवार को डोरंडा स्थित श्रम भवन में सैकड़ों मजदूरों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया। मजदूरों ने विभागीय कार्यप्रणाली और श्रमिक हितों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए श्रम कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया तथा अधिकारियों को मांगपत्र सौंपा। प्रदर्शन कर रहे मजदूरों ने आरोप लगाया कि विभाग द्वारा मजदूरों का कार्ड नहीं बनाया जा रहा है, जिससे उन्हें रोजगार प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महंगाई लगातार बढ़ रही है, लेकिन मजदूरों को काम के एवज में पर्याप्त मजदूरी नहीं मिल रही है। साथ ही नियमित रूप से काम भी उपलब्ध नहीं हो रहा है, जिससे उनके समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।

# प्रभु यादव हत्याकांड में कार्रवाई की मांग




● थाना पहुंचे जानकी प्रसाद यादव

नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** बरकनगांगो पंचायत के जतघघरा निवासी प्रभु यादव की संदिग्ध मौत मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर झारखंड पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव सोमवार को परिजनों और ग्रामीणों के साथ बरकट्ठा थाना पहुंचे। उन्होंने पुलिस से मामले की त्वरित एवं निष्पक्ष जांच कर दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की मांग की।
जानकारी के अनुसार, प्रभु यादव 23 अप्रैल 2026 की शाम घर से निकले थे और अगले दिन उनका शव बुढ़वा महादेव स्थान के समीप बरामद हुआ था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि जांच में अपेक्षित तेजी नहीं दिखाई जा रही है। थाना में अधिकारियों से बातचीत के दौरान जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि मामले में व्हाट्सएप कॉल समेत सभी तकनीकी साक्ष्यों की जांच कर हत्या की साजिश का खुलासा किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए तथा जल्द गिरफ्तारी कर क्षेत्र में कानून व्यवस्था पर लोगों का भरोसा कायम रखा जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन मौजूद रहे।

## उपायुक्त ने नगर परिषद के कार्यों की समीक्षा की, कहा

# नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जवाबदेही हो तय

नवीन मेल संवाददाता

» सफाई कर्मियों सहित कर्मचारियों के वेतन का नियमित भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश

» अनटाइड फंड से संबंधित विकास योजनाओं के प्रस्ताव मांगे गए




**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज की अध्यक्षता में सोमवार को नगर परिषद कार्यालय रामगढ़ के सभागार में नगर परिषद द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष नगर परिषद कुसुमलता कुमारी एवं उपाध्यक्ष नगर परिषद रणधीर गुप्ता उपस्थित रहे। बैठक में नगर परिषद क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, राजस्व संग्रहण, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), पीएम स्वनिधि योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।
बैठक के दौरान उपायुक्त ने नगर परिषद के सफाई वाहनों की प्रखंडवार टैगिंग व्यवस्थित ढंग से करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी वाहनों में जीपीएस सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने पर बल देते हुए कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। नगर परिषद क्षेत्र के 32 वार्डों के प्रभावी प्रबंधन के लिए उपायुक्त ने 16-16 वार्डों पर एक-एक सिटी मैनेजर को टैग करते हुए उनके माध्यम से क्षेत्र में सभी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए क्षेत्रवार जवाबदेही तय की जाए। आम नागरिकों तक आवश्यक सेवाओं की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से उपायुक्त ने वॉटर टैंकर, सेप्टिक टैंक सफाई एवं अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं से जुड़े दूरभाष नंबरों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रमुख चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थलों एवं बड़े भवनों की दीवारों पर इन संपर्क नंबरों को प्रदर्शित करने की व्यवस्था करने को कहा। नशा मुक्ति अभियान की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान संचालित करने का निर्देश दिया तथा संबंधित अधिकारियों को नियमित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

### स्वच्छता और पेयजल व्यवस्था पर डीसी सख्त

नगर परिषद कार्यों की समीक्षा, विकास योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश

रामगढ़। उपायुक्त ऋतुराज ने नगर परिषद रामगढ़ कार्यालय में समीक्षा बैठक कर विकास योजनाओं, स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति, राजस्व संग्रहण, पीएम आवास योजना (शहरी) और पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति का जायजा लिया। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष कुसुमलता कुमारी, उपाध्यक्ष रणधीर गुप्ता समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त ने सफाई वाहनों की प्रखंडवार टैगिंग, सभी वाहनों में जीपीएस लगाने और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। 32 वार्डों के बेहतर प्रबंधन के लिए 16-16 वार्डों पर एक-एक सिटी मैनेजर को जिम्मेदारी सौंपने को कहा गया। नागरिक सुविधाओं से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में नशा मुक्ति अभियान, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, शहरी स्वास्थ्य केंद्रों और महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

## बरही बीडीओ ने संभाला बरकट्ठा प्रखंड का अतिरिक्त प्रभार

# कार्यों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** उपायुक्त के निर्देश पर बरही के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) जयपाल महतो ने सोमवार को बरकट्ठा प्रखंड के बीडीओ का अतिरिक्त प्रभार स्वतः ग्रहण किया। ज्ञात हो कि पूर्व बीडीओ रोशमा डुंगडुंग का स्थानांतरण बरही में भूमि सुधार उप समाहर्ता पद पर हुआ है। वहीं प्रखंड के अधिकारियों एवं कर्मियों ने नव नियुक्त बीडीओ का स्वागत किया।पदभार संभालते ही श्री महतो ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई तथा सभी कर्मियों को निष्ठा, समर्पण और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर और सही लोगों तक पहुंचना चाहिए। बैठक में जनगणना कार्यों की भी समीक्षा की गई। बीडीओ ने निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण करने और लंबित डाटा एंट्री शीघ्र समाप्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य अथवा जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
अतिरिक्त प्रभार मिलने पर बीडीओ श्री महतो ने कहा कि इससे जिम्मेदारियां बढ़ी हैं, लेकिन दोनों प्रखंडों में आवश्यकतानुसार नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी।

### जनहित के कार्य प्रभावित न हों

उन्होंने कहा कि जनहित के कार्य प्रभावित न हों, लाभुकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा सरकारी योजनाओं का संचालन पूरी पारदर्शिता के साथ हो, यही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। पदभार ग्रहण के मौके पर प्रधान लिपिक फनी नाथ भूषण, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अशोक ठाकुर,एमओ अनुग्रह लकड़ा, क्लर्क सरफराज अहमद ,लेबर इंस्पेक्टर देवनाथ महतो, बीएफटी दिल्ली कुमार, गुलजार अली, संतोष शर्मा ,उमेश प्रसाद, संतोष कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# मनोकामनेश्वर मंदिर की दान पेटी तोड़कर नकदी व आभूषण की चोरी

● सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, पुजारी ने थाना में दर्ज कराई शिकायत

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** प्रखंड परिसर स्थित मनोकामनेश्वर मंदिर में चोरी की घटना सामने आई है। मंदिर के मुख्य पुजारी अनुज कुमार शर्मा ने बरही थाना में आवेदन देकर दान पेटी का ताला तोड़कर नकदी एवं आभूषण चोरी किए जाने की शिकायत दर्ज कराई है। थाना को दिए गए आवेदन में पुजारी ने बताया है कि दान पेटी में रखे करीब 15 हजार रुपये नकद, 10 ग्राम सोने तथा 25 ग्राम चांदी के आभूषण चोरी कर लिए गए। शिकायत के अनुसार 6 जून की रात करीब 12 बजे एक अज्ञात युवक ने दान पेटी का ताला तोड़कर घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी 7 जून की सुबह उस समय हुई जब पुजारी नियमित पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे। वहां दान पेटी टूटी हुई मिली और उसमें रखी नकदी व आभूषण गायब थे। बताया गया है कि पूरी वारदात मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुजारी ने पुलिस से मामले की जांच कर दोषी की पहचान एवं चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है।

# सलाहकार समिति की बैठक, जीआरसी मामलों की हुई समीक्षा

**रामगढ़।** गोला प्रखंड कार्यालय सभागार में सलाहकार समिति की बैठक हुई. जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला, प्रखंड कार्यकाम प्रबंधक गोला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य, गोला थाना प्रभारी, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, जिला स्तर से प्रदान संस्था के प्रतिनिधि, संकुल संगठन के पदाधिकारी तथा सभी पंचायतों की जेंडर सीआरपी उपस्थित रहीं। बैठक के दौरान जेंडर रिसोर्स सेंटर गोला (गरिमा केंद्र) अब तक पंजीकृत कुल 41 महिला हिंसा से सम्बंधित मामलों एवं केसों की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा विभिन्न मामलों की प्रगति एवं समाधान पर चर्चा की गई. उपस्थित सदस्यों को जीआरसी के कार्यों एवं उसके प्रभावों से अवगत कराया गया।

## कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने पर जिला अध्यक्ष ने जताया आभार, कहा

# कार्यकर्ताओं की निष्ठा अविस्मरणीय

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बावला ने सोमवार को. प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के रामगढ़ प्रवास पर आयोजित भव्य स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है।

**उमंग और उत्साह अविस्मरणीय:**

जिला अध्यक्ष ने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत में रामगढ़ जिला के कार्यकर्ताओं ने जिस उमंग, उत्साह और अनुशासन का परिचय दिया, वह भाजपा रामगढ़ जिला के इतिहास में अविस्मरणीय बन गया है। कोठार ओवरब्रिज से लेकर गोला डीबीसी चौक तक हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं का सुबह 6बजे से ही कतारबद्ध होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के आगमन का इंतजार करना, पार्टी के प्रति उनकी अटूट और समर्पण को दर्शाता है।

**सभी का जताया तहे दिल से आभार:**

संजीव कुमार बावला ने इसके लिए सभी मंडल अध्यक्षों, जिला पदाधिकारियों, मोर्चा अध्यक्षों, वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं बूथ स्तर तक के देवतुल्य कार्यकर्ताओं का तहे दिल से आभार जताया। उन्होंने कहा आप सबके सामूहिक प्रयास और परिश्रम से ही यह कार्यक्रम ऐतिहासिक बन सका। राष्ट्रीय अध्यक्ष जी भी कार्यकर्ताओं के इस स्नेह और अनुशासन से अत्यंत प्रभावित हुए। जिला अध्यक्ष ने रामगढ़ के सभी सम्मानित पत्रकार बंधुओं का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा, इतनी सुबह होने के बावजूद आप सभी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, वेब पोर्टल और सोशल मीडिया के साथी समय पर पहुंचे और कार्यक्रम की व्यापक कवरेज कर राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। आपका यह सहयोग सराहनीय है। साथ ही उन्होंने स्वागत कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने वाले स्थानीय लोक कलाकारों, ढोल-नगाड़ा वादकों एवं सांस्कृतिक दलों को भी धन्यवाद दिया और कहा कि आपकी प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

## प्रधान डाकघर रामगढ़ में बैठक

# जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार पर जोर

नवीन मेल संवाददाता




**रामगढ़।** प्रधान डाकघर रामगढ़ में सोमवार को पोस्टमास्टर मो. जशीम खान की अध्यक्षता में डाक विभाग के कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य डाक विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जिले के प्रत्येक घर तक पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा करना था।
बैठक में डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, बचत खाता, आवर्ती जमा (आरडी), मासिक आय योजना (एमआईएस), टर्म डिपॉजिट (टीडी), किसान विकास पत्र, राष्ट्रीय बचत पत्र, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना तथा सुकन्या समृद्धि योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने पर बल दिया गया।
पोस्टमास्टर मो. जशीम खान ने कहा कि रामगढ़ कैंट क्षेत्र के सभी कर्मचारी समयबद्ध और अनुशासित तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि कर्मचारियों को विभागीय स्तर पर हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। बैठक में उपस्थित कर्मचारियों ने कहा कि पहली बार इस प्रकार की बैठक आयोजित कर उनकी समस्याओं को सुना गया और उनके समाधान का आश्वासन दिया गया, जिसके लिए उन्होंने पोस्टमास्टर का आभार व्यक्त किया। मौके पर जिला सब डिवीजन मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव रविशंकर राय, सहायक डाकपाल रामेश्वर प्रसाद, रामखेलावन चौधरी, नरेंद्र सिंह, नितेश कुमार, चंद्रशेखर प्रसाद, रवि कुमार, संतोष कुमार, अंकित कुमार, चंदन कुमार महतो, राज कपूर कुमार, आदर्श अनिकेत, प्रिया वर्णवाल, बबीता कुमारी, रिमझिम कुमारी, जशमीना, त्रिदेव प्रियदर्शी, अवधेश कुमार, पंकज कुमार, रंजीत रजवार, शुभम सौरभ, सौरभ कुमार, अमन कुमार, रंजन कुमार, शंभू दत्त सिंह, जयवंत भोक्ता, बीरबल मांझी, विकास राय, पीयूष कुमार, गंभीर करमाली, संतोष मुंडा, अरे लाल महतो, शुक्र मुंडा सहित कई डाक कर्मचारी उपस्थित थे।

**जागरुकता शिविर** | जिला उद्योग केंद्र, रामगढ़ द्वारा पीएमएफएमई जागरुकता शिविर आयोजित

# फूड प्रोसेसिंग उद्योग पर 35 प्रतिशत तक अनुदान: प्रबंधक

● पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत फूड प्रोसेसिंग इकाइयों की स्थापना पर सरकार द्वारा 35 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराया जाता है

नवीन मेल संवाददाता




**रामगढ़।** जिला उद्योग केंद्र रामगढ़ के सभागार में रैंप योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का सफल आयोजन मोटेल राज लक्ष्मी ,चितरपुर में किया गया।
कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के युवाओं, उद्यमियों एवं स्वरोजगार से जुड़े लोगों को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से जोड़ते हुए खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में स्वरोजगार एवं उद्योग स्थापना के लिए प्रोत्साहित करना था। शिविर में उपस्थित प्रतिभागियों को उद्यम पंजीकरण , पीएमएफएमई योजना के तहत मिलने वाले लाभ, आवेदन प्रक्रिया, बैंकिंग सहायता, वित्तीय अनुदान एवं स्वरोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा यह बताया गया कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में स्थानीय उत्पादों के मूल्य संवर्धन के माध्यम से रोजगार एवं आय के नए अवसर विकसित किए जा सकते हैं। इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र, रामगढ़ के प्रबंधक अंशुमन सिंह ने कहा कि पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत फूड प्रोसेसिंग इकाइयों की स्थापना पर सरकार द्वारा 35 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीण एवं स्थानीय स्तर पर सूक्ष्म उद्योगों को बढ़ावा देने, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा रोजगार सृजन की दिशा में अत्यंत प्रभावी पहल है। उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं एवं उद्यमियों से योजना का लाभ उठाने की अपील की। पीएमएफएमइ के कुछ उद्यमियों को अतिथियों के द्वारा गिफ्ट दे कर सम्मानित किया गया ।

### विभिन्न सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं

कार्यक्रम के दौरान ऑन-द-स्पॉट विभिन्न सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। शिविर में कुल 21पीएमएफएमई ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन किए गए। इसके अतिरिक्त 14 नए पीएमएफएमई दस्तावेज भी प्राप्त हुए। कार्यक्रम में कुल 86 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मौके पर जिला उद्यमी समन्वयक अनजन बाड़ा मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड, जेएसएस के निदेशक, टीआरआई के प्रबंधक , झारक्राफ्ट के क्लस्टर प्रबंधक , एवं रामगढ़ के सभी प्रखंड उद्यमी समन्वयक उपस्थित रहे।

## दृष्टिपात

### आम उत्सव सह बागवानी मेला कल किसानों के उत्पादों की लगेगी प्रदर्शनी




**बरही ।** प्रखंड प्रशासन की ओर से कल मंगलवार को नगर भवन बरही में आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया जाएगा। बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्वाह्न 11 बजे से होगा। मेले में प्रखंड की विभिन्न पंचायतों के किसानों द्वारा उत्पादित आम की अलग-अलग प्रजातियों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। आयोजन का उद्देश्य आम बागवानी को बढ़ावा देने के साथ-साथ किसानों के सफल प्रयासों को प्रदर्शित करना है। प्रदर्शनी में आम बागवानी योजना के तहत तैयार किए गए फलों को आकर्षक ढंग से सजाकर प्रस्तुत किया जाएगा। प्रखंड के कई किसान आम उत्पादन को स्वरोजगार का माध्यम बनाकर आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। यहां उत्पादित आम स्थानीय बाजारों के अलावा अन्य जिलों और राज्यों में भी भेजे जा रहे हैं।

### संस्कृत का प्रबोधन वर्ग को लेकर शोभा यात्रा का आयोजन




**रामगढ़।** संस्कृत भारती के तत्वाधान में राधा गोविंद पब्लिक उच्च विद्यालय रामगढ़ के सभागार में 2 जून से 9 जून तक संस्कृत का प्रबोधन वर्ग का आयोजन हो रहा है । जिसमें पूरे झारखंड से 130 छात्र-छात्रा भाग ले रहे हैं । इन सबों को संस्कृत भारती के 20 प्रशिक्षक प्रशिक्षण देने का काम कर रहे हैं। 7 जून को इन सभी संस्कृत साधकों के द्वारा संध्या 5:00 बजे राधा गोविंद पब्लिक स्कूल से होते हुए रामगढ़ कॉलेज के मुख्य गेट से सुभाष चौक तक संस्कृत की शोभा यात्रा की गई। शोभा यात्रा में संस्कृत गीत, संस्कृत जय घोष प्रस्तुत करते हुए पहुंचे इन साधकों को जगह-जगह स्थानीय लोगों के द्वारा पुष्प की वर्षा करते हुए और शरबत से स्वागत किया गया। 7 दिनों के कार्यक्रम में पूरा वातावरण संस्कृतमय हो गया है। जिसके कारण प्रत्येक दिन इस प्रशिक्षण को देखने के लिए नगर से सुबह से लेकर शाम तक नगर वासियों का ताता लगा रहता है।

### प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान




**हजारीबाग/बरही।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, शिवपुरी कृष्णा नगर उप समिति द्वारा प्रतिभा सम्मान-2026 का आयोजन चित्रांश किशोर कुमार सिन्हा के आवास पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आराध्यदेव भगवान चित्रगुप्त की वंदना एवं आरती के साथ हुआ। मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद मिताली रश्मि, विशिष्ट अतिथि सुधा प्रधान, सभा अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष दीपक नाथ सहाय तथा उप समिति अध्यक्ष बैजनाथ लाल को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन राजीव रंजन ने किया, जबकि स्वागत उद्बोधन किशोर कुमार सिन्हा ने दिया। उप समिति अध्यक्ष श्री लाल ने संगठन की गतिविधियों एवं भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। प्रतिभा सम्मान-2026 के तहत सीबीएसई एवं जैक बोर्ड की 10वीं एवं 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले धनवी सिन्हा, सिद्धार्थ राज, दीपज्योति, अदिति करण एवं सानया कुमारी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सहित उपस्थित गणमान्य लोगों ने विद्यार्थियों को शिक्षा, नैतिक मूल्यों, कौशल विकास और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। अंत में कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में अजय कुमार सिन्हा, मिथिलेश कुमार सिन्हा, अरुण कुमार सिन्हा, मदन लाल, निशांत प्रधान, चन्द्रदीप कुमार सिन्हा, संजय कुमार सिन्हा, असीम कुमार सिन्हा, संयुक्ता कुमारी अम्बष्ठ, रीना सिन्हा, सरिता सिन्हा, स्मृति सिन्हा, पम्मी कुमारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन जलपान के साथ हुआ।

### सिंफर में पर्यावरण दिवस पर धुरगड़गी के युवा को मिला सम्मान

**बरही।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर धनबाद स्थित सीएसआईआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सिंफर) में आयोजित समारोह में बरही प्रखंड के पंचमाधव उर्फ बसरिया पंचायत के धुरगड़गी निवासी प्रदीप कुमार यादव को सम्मानित किया गया। उन्हें पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागरूकता एवं पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। सिंफर द्वारा आयोजित पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता में प्रदीप कुमार यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पर्यावरण संरक्षण और हरित संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उनके प्रयासों की संस्थान ने सराहना की। प्रदीप, राजेश यादव एवं बिरेंद्र यादव के छोटे भाई हैं और वर्तमान में सिंफर, धनबाद में परियोजना सहयोगी के पद पर कार्यरत हैं। समारोह में संस्थान के वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं एवं कर्मचारियों को भी पर्यावरण संरक्षण तथा सतत खनन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### जाम से मुक्ति की दिशा में पहल, प्रस्तावित डुप्लेक्स मार्केट के लिए हुआ सर्वे

**बरही।** बरही को जाममुक्त बनाने की दिशा में प्रशासनिक पहल तेज हो गई है। उपायुक्त के निर्देश के बाद जिला परिषद ने स्थायी बाजार निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सोमवार को जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव एवं कनीय अभियंता आशीष आनंद ने धनबाद रोड और हजारीबाग रोड का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रस्तावित डुप्लेक्स मार्केट निर्माण के लिए सर्वेक्षण किया गया। किशुन यादव ने बताया कि हजारीबाग रोड में पानी टंकी से बस स्टैंड तक तथा धनबाद रोड में भगवती मंदिर से एनएच डाक बंगला तक दो तल्ला बाजार बनाने की योजना है। बाजार बनने के बाद सड़क किनारे दुकान लगाने वाले व्यवसायियों को वहां समायोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे मुख्य सड़कों पर अतिक्रमण कम होगा और बरही को जाम की समस्या से राहत मिलेगी। प्रस्ताव को जल्द ही जिला परिषद की बैठक में लाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि हाल ही में उपायुक्त हेमंत सती ने बड़ी चौक क्षेत्र का निरीक्षण कर जाम और सड़क किनारे लगने वाली दुकानों पर चिंता जताई थी। उन्होंने जिला परिषद के माध्यम से सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने और स्थायी बाजार निर्माण की दिशा में पहल करने का निर्देश दिया था।

# आम की बहार से गुलजार हुआ सिमडेगा का बाजार

- आम्रपाली, लंगड़ा, तोतापरी समेत कई किस्मों के आम उपलब्ध
- आम 40, 50 और 60 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहे
- आम खरीदने के लिए बाजारों में लोगों की भारी भीड़





**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** शहर इन दिनों आम की खुशबू और रंग-बिरंगे फलों से गुलजार नजर आ रहा है। शहर के महावीर चौक से लेकर परिषदन क्षेत्र तक सड़क किनारे दर्जनों अस्थायी दुकानें सज गई हैं, जहां आम्रपाली, लंगड़ा, तोतापरी समेत कई किस्मों के रसीले आम लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। 40, 50 और 60 रुपये प्रति किलो तक की कीमत पर उपलब्ध आमों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है।सिमडेगा, जो एक आदिवासी बहुल जिला है, अब केवल उपभोक्ता नहीं बल्कि आम उत्पादन के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बना रहा है। कभी यहां बाहर के राज्यों और जिलों से आम मंगाए जाते थे, लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। राज्य सरकार की बिरसा हरित आम बागवानी योजना के तहत बड़े पैमाने पर आम की खेती को बढ़ावा मिला है, जिसका सकारात्मक असर अब साफ दिखाई दे रहा है।जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों ने आम की खेती को अपनाया है, जिससे उत्पादन बढ़ा है और स्थानीय बाजारों में ताजे आमों की उपलब्धता आसान हुई है। यही वजह है कि अब सिमडेगा को धीरे-धीरे "आम हब" के रूप में भी देखा जाने लगा है।इस बढ़ती आम अर्थव्यवस्था का सबसे सकारात्मक प्रभाव महिलाओं पर देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में महिलाएं सड़क किनारे आम बेचकर आत्मनिर्भर बन रही हैं। सुबह से शाम तक बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही बनी रहती है और महिलाएं बेहतर आमदनी कर रही हैं।महावीर चौक, परिषदन और आसपास के इलाकों में सजे आम बाजार न केवल लोगों को स्वाद का आनंद दे रहे हैं, बल्कि स्थानीय रोजगार, महिला सशक्तिकरण और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती प्रदान कर रहे हैं। सिमडेगा में आम की यह बहार अब सिर्फ मौसम की नहीं, बल्कि विकास और आत्मनिर्भरता की भी कहानी बन चुकी है।

# डीसी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण

## राजनीतिक दलों संग मतदाता सूची पुनरीक्षण पर हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त कंचन सिंह ने सोमवार को ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान प्रतिनिधियों की मौजूदगी में 70 सिमडेगा और 71 कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रॉन्ग रूम को नियमानुसार खोला गया। इसके बाद सुरक्षित रखी गई ईवीएम मशीनों का भौतिक सत्यापन किया गया और उनके रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया गया। उपायुक्त ने सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, निगरानी प्रणाली, रिकॉर्डिंग व्यवस्था, डबल लॉक सिस्टम और सीलिंग की विस्तृत जांच की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि ईवीएम सुरक्षा से जुड़े सभी प्रावधानों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए और निगरानी व्यवस्था लगातार सक्रिय रखी जाए। साथ ही अग्निशमन व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए अग्निशमन कर्मियों को उपकरण संचालन और आपात स्थिति से निपटने के प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया।निरीक्षण के बाद विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदाता सूची के शुद्धिकरण, पात्र मतदाताओं की मैपिंग, बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के पालन पर चर्चा की गई।उपायुक्त ने बताया कि जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ की नियुक्ति पूरी कर ली गई है और पुनरीक्षण कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। उन्होंने राजनीतिक दलों से सभी बूथों पर बीएलए नियुक्त करने और जनजागरूकता अभियान तेज करने की अपील की, ताकि कोई पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे।बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के भौतिक सत्यापन को लेकर अंचल कार्यालय में उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत भौतिक सत्यापन कार्य को लेकर सिमडेगा अंचल कार्यालय में सोमवार को सुबह से ही महिलाओं और युवतियों की भारी भीड़ देखने को मिली। योजना का लाभ लेने और रुकी हुई सम्मान राशि प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में लाभुक कार्यालय पहुंचे।भौतिक सत्यापन प्रक्रिया के दौरान महिलाएं अपने साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक, डीबीटी संबंधित दस्तावेज, राशन कार्ड सहित अन्य जरूरी कागजात लेकर पहुंचीं। अंचल कार्यालय परिसर में सुबह से शाम तक लंबी कतारें लगी रहीं और कर्मचारी क्रमबद्ध तरीके से दस्तावेजों का सत्यापन करते नजर आए।लाभुक महिलाओं ने बताया कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत मिलने वाली 2500 की सम्मान राशि पिछले दो महीनों से नहीं मिली है। उनका कहना है कि सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही राशि जारी किए जाने की जानकारी दी गई है, जिस कारण सभी महिलाएं सत्यापन कराने पहुंच रही हैं।इस संबंध में अंचल अधिकारी ने बताया कि भौतिक सत्यापन का कार्य जारी है। सत्यापन पूरा होने के बाद लाभुकों की सूची जिला स्तर पर भेजी जाएगी, जहां से राज्य सरकार को रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी। इसके बाद पात्र लाभुकों के खाते में योजना की राशि भेजी जाएगी।

# बुधराटोली में श्रद्धा से मनाया गया बपतिस्मा स्मरण दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** बुधराटोली माता मंडली में सोमवार को 7वां वयस्क बपतिस्मा स्मरण दिवस समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समारोह में नगर परिषद अध्यक्ष ओलिभर लकड़ा भी शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत पादरी जेम्स जोजो द्वारा झंडोत्तोलन के साथ हुई। इसके बाद कंडीदत अभय डुंगडुंग ने विशेष उपासना मिस्सा संपन्न कराया। समारोह के दौरान खड़िया बपतिस्मा के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए विशप एम.पी. बिलुंग ने इसके महत्व और धार्मिक विरासत की जानकारी दी। उन्होंने लोगों से अपने विश्वास एवं परंपराओं को संजोकर रखने का आह्वान किया।पूर्व विशप याकूब सोरेंग ने सामाजिक एकता पर अपने विचार रखते हुए कहा कि विविधता ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि जहां अनेकता होती है, वहीं सच्ची एकता की कल्पना संभव होती है। समाज को आपसी प्रेम, भाईचारे और सहयोग की भावना के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है।नगर परिषद अध्यक्ष ओलिभर लकड़ा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज, संस्कृति और मातृभाषा के संरक्षण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।

## 10 जून को बोलबा प्रखंड कार्यालय में आम उत्सव सह बागवानी मेला

**बोलबा।** आगामी 10 जून 2026 को बोलबा प्रखंड कार्यालय परिसर में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत एक दिवसीय आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर प्रखंड प्रशासन द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है।इस अवसर पर बोलबा प्रखंड के सभी पंचायतों के लाभुकों को उन्नत किस्म के आम फलों के साथ कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया है। आयोजन का उद्देश्य बागवानी को बढ़ावा देना, किसानों को प्रोत्साहित करना तथा क्षेत्र में उन्नत फल उत्पादन को बढ़ावा देना है।प्रखंड प्रशासन ने अधिक से अधिक लाभुकों और किसानों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

# मौसम में बदलाव से बढ़ी बीमारियां, सदर अस्पताल में मरीजों की लंबी कतारें

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** मौसम के लगातार बदलते मिजाज का असर अब लोगों की सेहत पर साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। जिले में इन दिनों मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिससे सिमडेगा सदर अस्पताल में भीड़ बढ़ गई है। अस्पताल में सर्दी, जुकाम, बुखार, उल्टी, पेट दर्द और वायरल संक्रमण जैसी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी वर्ग के लोग मौसम जनित बीमारियों से प्रभावित हो रहे हैं।सदर अस्पताल के ओपीडी में सुबह से ही मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। पंजीकरण काउंटर से लेकर डॉक्टरों के कक्ष तक लोगों की लंबी लाइनें लग रही हैं। सामान्य बीमारियों के इलाज के लिए भी बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंच रहे हैं। अस्पताल कर्मियों के अनुसार पिछले कुछ दिनों में मरीजों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ. सुंदर मोहन समाद ने बताया कि वर्तमान समय में मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है, जिसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सुबह तेज धूप रहती है, दोपहर के बाद बारिश होने लगती है और रात में ठंड का एहसास होता है। मौसम के इस उतार-चढ़ाव के कारण लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हो रही है और वे आसानी से संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं।

# मंडल कारा का निरीक्षण, भोजन चखकर गुणवत्ता परखी, स्वच्छता व्यवस्था की जांच

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने सोमवार को मंडल कारा का निरीक्षण कर बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भोजन की गुणवत्ता,स्वच्छता,स्वास्थ्य सुविधाओं,पेयजल व्यवस्था तथा बंदियों की समस्याओं की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में सचिव जेल के रसोईघर पहुंचीं और भोजन तैयार करने की प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने खाद्य सामग्री की गुणवत्ता,भंडारण व्यवस्था और रसोई की साफ-सफाई की जांच की। साथ ही स्वयं भोजन चखकर उसकी गुणवत्ता का आकलन किया और व्यवस्था पर संतोष जताते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने विभिन्न बैरकों का निरीक्षण कर बंदियों से सीधा संवाद किया। बंदियों से भोजन की उपलब्धता,स्वास्थ्य सेवाओं,स्वच्छता तथा अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई। इस दौरान बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि जरूरतमंद कैदी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। मरियम हेमरोम ने जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि बंदियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन समय पर उपलब्ध कराया जाए।

# जनप्रतिनिधियों ने एंबुलेंस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी की अध्यक्षता में अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विशेष रूप से तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया द्वारा उपलब्ध कराए गए तीन एंबुलेंस और एक शव वाहन के रखरखाव एवं संचालन पर चर्चा की गई।बैठक में एंबुलेंस और शव वाहन के सुचारू संचालन के लिए रखरखाव समिति के गठन का निर्णय लिया गया। तय किया गया कि एंबुलेंस उपयोग करने वाले लोगों से 12 प्रति किलोमीटर की दर से शुल्क लिया जाएगा, जबकि चालक का भुगतान अलग से करना होगा।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मनोरंजन कुमार ने बताया कि एक एंबुलेंस बानो स्वास्थ्य केंद्र, दूसरी जीतूटोली मिशन और तीसरी हुरदा में रखी जाएगी, जबकि शव वाहन को बानो थाना को सौंपा गया है।बैठक के बाद चारों वाहनों को जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर संबंधित क्षेत्रों के लिए रवाना किया।

**कार्यक्रम** 17 धुमकुड़िया भवनों को मांदर-नगाड़ा वितरित, संस्कृति संरक्षण का दिया गया संदेश

# आदिवासी संस्कृति संरक्षण को बढ़ावा देने की पहल

- जेएसएलपीएस महिला समूह की दीदियों ने पारंपरिक नृत्य और गीत प्रस्तुत किए

**नवीन मेल संवाददाता**




**कोलेबिरा।** आदिवासी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को कोलेबिरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में कल्याण विभाग सिमडेगा द्वारा विशेष वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के 17 धुमकुड़िया भवनों को पारंपरिक वाद्ययंत्र मांदर और नगाड़ा वितरित किए गए।यह कार्यक्रम विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के निर्देश पर आयोजित किया गया, जिसमें प्रत्येक धुमकुड़िया भवन को एक-एक मांदर और नगाड़ा उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम, अंचलाधिकारी सह बीडीओ अनूप कच्छप, उप प्रमुख सुनीता देवी सहित कई जनप्रतिनिधि, मुखिया, ग्राम प्रधान, पाहन-पुजार और ग्रामीण मौजूद रहे।कार्यक्रम की शुरुआत जेएसएलपीएस महिला समूह की दीदियों द्वारा पारंपरिक गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुति से हुई। स्वागत गान, पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण कर अतिथियों का अभिनंदन किया गया। बीडीओ अनूप कच्छप ने कहा कि धुमकुड़िया भवन सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के केंद्र हैं और इन भवनों को वाद्ययंत्र उपलब्ध कराने का उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक पहचान से जोड़ना है। इस अवसर पर दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल और प्रवासी मजदूरों को श्रम कार्ड भी वितरित किए गए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित मेडिकल कैंप में सैकड़ों लोगों की स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क दवाइयां दी गईं।जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मांदर, नगाड़ा और पारंपरिक लोककला आदिवासी समाज की पहचान हैं और इस तरह की पहल ग्रामीण क्षेत्रों में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ सामाजिक एकता को भी मजबूत करेगी।कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और ग्रामीणों ने मांदर, ढोल और नगाड़े की थाप पर सामूहिक नृत्य कर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम का संचालन जेएसएलपीएस के बीपीएम अगापित लुगुन ने किया।

# दृष्टिपात

## राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन पर सूरज कुमार कश्यप सम्मानित

**सिमडेगा।** भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने सिमडेगा के बंगरू तेली टोली निवासी एवं भाजपा की पूर्व महिला जिलाध्यक्ष सावित्री देवी तथा बसंत कुमार कश्यप के पुत्र सूरज कुमार कश्यप को उनके पैतृक आवास पहुंचकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने पुष्पगुच्छ और गमछा भेंट कर सूरज को बधाई दी।सूरज कुमार कश्यप ने हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए पांचवां स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए श्रद्धानंद बेसरा ने कहा कि यह पूरे सिमडेगा और झारखंड के लिए गर्व की बात है। उन्होंने सूरज के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वे आगे भी जिले और राज्य का नाम रोशन करेंगे।मौके पर दीपनारायण दास, संजय साहू, करण सिंह समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी सूरज कुमार कश्यप को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## 21 जून को होगा जिला कुम्हार समाज का सम्मान समारोह, छात्र-छात्राएं होंगे सम्मानित

**सिमडेगा।** जिला कुम्हार समाज सिमडेगा की बैठक भरोसा महतो की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश समिति सदस्य रामचरण महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहे।बैठक में निर्णय लिया गया कि 21 जून 2026, रविवार को सुबह 11 बजे से जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले के कुम्हार समाज के मैट्रिक और इंटरमीडिएट में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर पुरस्कृत किया जाएगा।आयोजकों ने बताया कि समारोह में प्रदेश स्तर के समाजसेवी, प्रशासनिक पदाधिकारी, विभिन्न प्रखंडों के छात्र-छात्राएं और अभिभावक शामिल होंगे।बैठक में समाज के पदाधिकारियों ने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे अपना मार्कशीट, आधार कार्ड की छायाप्रति और मोबाइल नंबर समाज के जिम्मेदार सदस्यों के पास जमा करें, ताकि सम्मान समारोह के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी की जा सके।

## शिक्षा और खेल के क्षेत्र में योगदान के लिए कमलेश्वर मांझी सम्मानित



**सिमडेगा।** रांची के ऑड्रे हाउस में लोकतंत्र-19 एवं टीम धूमकुड़िया द्वारा आयोजित दो दिवसीय "आदि-वार्ता" बौद्धिक परिचर्चा सम्मेलन में गोंडवाना विकास विद्यालय सह छात्रावास, अंबेडकर नगर सलडेगा, सिमडेगा के संस्थापक कमलेश्वर मांझी को शिक्षा और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।सम्मेलन में देशभर के आदिवासी बुद्धिजीवियों, साहित्यकारों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने किया।सम्मेलन में आदिवासी समाज से जुड़े समसामयिक मुद्दों, संस्कृति, शिक्षा और सामाजिक विकास पर चर्चा हुई। कमलेश्वर मांझी को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। आदिवासी बच्चों को शिक्षा और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए उनके प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत और खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण और वंचित बच्चों के लिए उनका कार्य प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने इसे आदिवासी समाज के शैक्षणिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

## पुलिस का नशे के खिलाफ अभियान तेज, डेढ़ साल में 26 एनडीपीएस कांड दर्ज, 68 गिरफ्तार

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला पुलिस ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार और नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत वर्ष 2025 से जून 2026 तक बड़ी कार्रवाई करते हुए 26 एनडीपीएस कांड दर्ज किए हैं। इस दौरान गांजा, ब्राउन शुगर, अफीम और नशीली दवाओं की बरामदगी के साथ अंतर्राज्य तस्करों की गिरफ्तारी भी की गई।पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस खोटरे के अनुसार वर्ष 2025 में कुल 15 मामले दर्ज हुए, जिनमें 582.598 किलोग्राम गांजा और 4.34 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई तथा 31 लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं वर्ष 2026 में 6 जून तक 11 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 124.409 किलोग्राम गांजा, 34.004 किलोग्राम अफीम, 5.8 ग्राम ब्राउन शुगर, 214 नशीली कैप्सूल बरामद की गईं और 37 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई।पुलिस ने बताया कि विशेष अभियान के तहत 3.5 एकड़ में लगी अवैध अफीम की खेती को भी नष्ट किया गया। इसके अलावा राज्य और अंतर्राज्य स्तर पर संचालित तस्करी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई कर कई तस्करों को पकड़ा गया।जिला पुलिस ने आम लोगों से मादक पदार्थों की बिक्री, सेवन, तस्करी और अवैध खेती की सूचना पुलिस को देने की अपील की है।

## जलडेगा प्रखंड कार्यालय के उपेंद्र बैठा की सड़क हादसे में मौत, शोक



**सिमडेगा।** जलडेगा प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित लिपिक उपेंद्र बैठा की सोमवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना के बाद प्रशासनिक महकमे में शोक की लहर है।जानकारी के अनुसार उपेंद्र बैठा सोमवार को प्रखंड कार्यालय जा रहे थे। इसी दौरान बलडेगा गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक से उनकी बाइक की सीधी टक्कर हो गई। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें जलडेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर किया गया।सदर अस्पताल में हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें इलाज के लिए राउरकेला ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। बताया गया कि उपेंद्र बैठा मूल रूप से गुमला जिले के कामडारा गांव के निवासी थे।घटना की सूचना मिलते ही उपायुक्त कंचन सिंह, एसडीओ सुमंत तिर्की समेत कई अधिकारी अस्पताल पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। उपायुक्त ने कहा कि यह प्रशासनिक महकमे के लिए बेहद दुखद घटना है और जिला प्रशासन इस कठिन समय में मृतक के परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने हरसंभव सहायता देने का भरोसा भी दिया।

## बीएफटी को हटाने की मांग, ग्रामीणों ने उपायुक्त और बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**बानो।** बानो प्रखंड के रायकेरा पंचायत में कार्यरत बीएफटी सह रोजगार सेवक प्रभार बासुदेव साहू पर मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता तथा अवैध वसूली के आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने उपायुक्त, उप विकास आयुक्त और प्रखंड विकास पदाधिकारी को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं में मेट से प्रति योजना करीब तीन हजार रुपये वसूले जाते हैं। साथ ही मस्टर रोल और जियो टैगिंग के नाम पर अतिरिक्त राशि मांगी जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि पैसे नहीं देने पर कार्यों में बाधा उत्पन्न की जाती है और मजदूरों के भुगतान में भी देरी होती है।शिकायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों से जियो टैगिंग के नाम पर पैसे मांगने का भी आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि राशि नहीं देने पर अगली किस्त रोकने और गलत जानकारी देकर परेशान करने की बात कही जाती है।ग्रामीणों ने आरोपों की निष्पक्ष जांच कर संबंधित कर्मी को रायकेरा पंचायत से हटाने और आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में शंकर साहू, धनंजय साहू, बालमुकुंद पाईक समेत कई ग्रामीण शामिल थे।

## मैथन पुल पर ऑटो और बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**धनबाद।** निरसा के मैथन स्थित मुकुल पंप के समीप पुल पर सोमवार को एक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। ऑटो और बाइक की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक टेंपो पुल पर रॉन्ग साइड से आ रहा था। घटना के बाद पुल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल मैथन पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के लिए भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल पर अक्सर भारी वाहनों की लापरवाही और रॉन्ग साइड ड्राइविंग देखने को मिलती है।

# रिटायर बीसीसीएल कर्मी के पीएफ से 35.5 लाख की ठगी, अनशन पर बैठा परिवार

- कुछ लोगों ने फर्जी चेक और जाली हस्ताक्षर के माध्यम से उनके खाते से पूरी रकम निकाल ली

**नवीन मेल संवाददाता**



**धनबाद।** धनबाद में बीसीसीएल से सेवानिवृत्त कर्मी की जीवनभर की जमा-पूंजी ठगी का शिकार हो गई। लोयाबाद थाना क्षेत्र के रहने वाले रिटायर बीसीसीएल कर्मी वासदेव ठाकुर ने आरोप लगाया है कि उनके पीएफ खाते से फर्जी हस्ताक्षर और चेक के जरिए 35 लाख 50 हजार रुपये की अवैध निकासी कर ली गई। मामले में बैंक कर्मियों और दलालों की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए पीड़ित परिवार सोमवार से रणधीर वर्मा चौक पर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठ गया है। परिवार की मांग है कि ठगी गई पूरी राशि वापस दिलाई जाए और मामले में शामिल सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

भुक्तभोगी वासदेव ठाकुर के अनुसार अक्टूबर 2025 में बीसीसीएल से सेवानिवृत्त होने के बाद उन्हें पीएफ मद में 35.5 लाख रुपये प्राप्त हुए थे। आरोप है कि कुछ लोगों ने फर्जी चेक और जाली हस्ताक्षर के माध्यम से उनके खाते से पूरी रकम निकाल ली। मामले की जानकारी मिलने के बाद बैंक मोड़ थाना में शिकायत दर्ज कराई गई, जिसके बाद जांच शुरू हुई। जांच के दौरान पुलिस ने करीब 3.5 लाख रुपये की राशि रिकवर करने में सफलता हासिल की। हालांकि पीड़ित परिवार का कहना है कि शेष लगभग 32 लाख रुपये अब तक बरामद नहीं हो सके हैं। आरोप है कि ठगी की रकम का बड़ा हिस्सा मणिपुर और तेलंगाना के विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया था। परिवार का कहना है कि कई महीने बीत जाने के बावजूद उन्हें न्याय नहीं मिला, जिसके कारण उन्हें अनिश्चितकालीन अनशन का रास्ता अपनाना पड़ा।

अनशन पर बैठे परिवार ने प्रशासन से मांग की है कि मामले में शामिल दलालों, बैंक कर्मियों और अन्य आरोपितों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर उन्हें सख्त सजा दिलाई जाए। साथ ही ठगी गई पूरी राशि वापस कराने के लिए ठोस कार्रवाई की जाए। परिवार का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक उनका अनशन जारी रहेगा।

## देवघर में 12 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**देवघर।** जिले को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत देवघर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। जसीडीह थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ब्राउन शुगर की तस्करी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक बिहार के भागलपुर से देवघर आकर मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री करने वाला है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने जसीडीह थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान आरोपित के पास से 12.02 ग्राम ब्राउन शुगर और वीवो कंपनी का एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।गिरफ्तार आरोपित की पहचान छोटू कुमार (22) के रूप में हुई है। पुलिस ने बरामद मादक पदार्थ और मोबाइल फोन को जब्त कर लिया है। इस संबंध में जसीडीह थाना में आरोपित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस आरोपित से पूछताछ कर नशा तस्करी के नेटवर्क और उससे जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाने में लगी हुई है। देवघर पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। हाल के दिनों में हुई लगातार कार्रवाइयों से नशा कारोबारियों पर दबाव बढ़ा है और इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं।

## सांप काटने से युवक की मौत

**धनबाद।** शहर के राजगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बरदार गांव निवासी कामदेव सिंह (38) की सांप काटने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है, जबकि परिजनों का रो-रोकर बेहाल हैं। जानकारी के अनुसार, कामदेव सिंह रविवार रात अपने घर के कमरे में जमीन पर सो रहे थे। इसी दौरान देर रात एक काले रंग के जहरीले सांप ने उनके हाथ में डस लिया। बताया जाता है कि सांप ने उनके हाथ को जकड़ रखा था। किसी तरह उन्होंने खुद को सांप से छुड़ाया और जोर-जोर से चिल्लाकर परिवार के लोगों को घटना की जानकारी दी।

## चोरों ने ताला तोड़कर चार लाख के जेवर चुराए

रांची। पुंदाग लाजपत नगर के रहने वाले रिंटू सिंह के घर का ताला तोड़ चोर 1.55 लाख नगदी समेत चार लाख रुपए के जेवरात चुराकर फरार हो गए। चोरों ने वारदात को उस समय अंजाम दिया, जब परिवार के लोग सिलीगुड़ी गए थे। इस संबंध में रिंटू सिंह ने पुंदाग ओपी में प्राथमिकी दर्ज करायी है। रिंटू ने पुलिस को बताया कि वह छह जून को सिलीगुड़ी के लिए रवाना हुए। सात जून की सुबह उन्हें पड़ोसी ने चोरी होने की सूचना दी। अलमीरा में रखे 1.55 लाख नगदी और सोना-चांदी के जेवरात गायब हैं।

# हत्याकांड के विरोध में ग्रामसभा ने आरोपित के परिवार का किया सामाजिक बहिष्कार

- निर्णय के अनुसार आरोपित के परिवार को गांव में आयोजित किसी भी सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक या सामूहिक कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता**



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के चक्रधरपुर प्रखंड अंतर्गत गुलकेड़ा पंचायत के गुईगांव में सोमवार को आयोजित विशेष ग्रामसभा में पूर्व उपमुखिया संजय बोयपाई हत्याकांड को लेकर ग्रामीणों ने कड़ा रुख अपनाया। गांव के सामुदायिक भवन में आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, पंचायत प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से हत्याकांड के मुख्य आरोपित बताए जा रहे बीजू चौधरी के परिवार के सामाजिक बहिष्कार का निर्णय लिया गया।

ग्रामसभा में कहा गया कि संजय बोयपाई की हत्या ने पूरे गांव को झकझोर दिया है और ग्रामीण इस मामले में न्याय मिलने तक एकजुट रहेंगे। निर्णय के अनुसार आरोपित के परिवार को गांव में आयोजित किसी भी सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक या सामूहिक कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया जाएगा। साथ ही यह भी तय किया गया कि ग्रामसभा के फैसले की अनदेखी कर आरोपित के परिवार को सार्वजनिक आयोजनों में शामिल करने वालों के खिलाफ भी सामुदायिक स्तर पर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में संजय बोयपाई की पत्नी मरियम बोयपाई, पुत्र आकाश बोयपाई, मनोज बोयपाई, शिबू बोयपाई, सालुका बोयपाई, विजय सिंह बोयपाई, महेंद्र जारिका, रंजन बोयपाई, सदन पुरती, मंगल सिंह बोयपाई, राकेश बोयपाई, लक्ष्मण बोयपाई सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## उर्वरक बिक्री व्यवस्था को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

- उपायुक्त ने सभी थोक और खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को नए फ्रेमवर्क के नियमों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**देवघर।** उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में सोमवार को सूचना भवन सभागार में फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल से संबंधित एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के सभी थोक एवं खुदरा उर्वरक विक्रेताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि देवघर के लिए यह गर्व की बात है कि उर्वरक क्षेत्र में संचालित महत्वाकांक्षी पायलट परियोजना के लिए भारत सरकार ने जिले का चयन किया है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के माध्यम से उर्वरक वितरण और बिक्री व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और आधुनिक बनाया जा रहा है। इसी उद्देश्य से सभी संबंधित हितधारकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उपायुक्त ने सभी थोक और खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को नए फ्रेमवर्क के नियमों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रणाली और निर्धारित मानकों के अनुरूप ही उर्वरकों की बिक्री की जाए, ताकि जमाखोरी और कालाबाजारी जैसी गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रशिक्षण के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल के तहत लागू नए नियमों, स्टॉक प्रबंधन, पॉइंट ऑफ सेल मशीन के उपयोग और डिजिटल ट्रैकिंग प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी।

साथ ही विक्रेताओं की विभिन्न जिज्ञासाओं और समस्याओं का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर डॉ वीणा कुमारी टुडु, राजन ओझा, रोहित कुमार विद्यार्थी, विभिन्न प्रखंडों के कृषि पदाधिकारी, एटीएम, बीटीएम और जिले के थोक एवं खुदरा उर्वरक विक्रेता उपस्थित थे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य उर्वरक बिक्री व्यवस्था को तकनीक आधारित, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाना था, जिससे किसानों को समय पर और उचित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराया जा सके।

## ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का सफल समापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय लोक कल्याण संस्थान की खेलकूद इकाई रेलवे स्पोर्ट्स अकादमी के तत्वावधान में स्थानीय साउथ रेलवे कॉलोनी मैदान में आयोजित विशेष ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर 22 मई से प्रारंभ होकर 7 जून तक चले इस शिविर में खिलाड़ियों को क्रिकेट के विभिन्न तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री सुनील कुमार, उपाध्यक्ष, रांची जिला क्रिकेट संघ थे।

## 10 जून को एकदिवसीय कांग्रेस पार्टी का संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बुंडू।** कांग्रेस पार्टी के तत्वाधान पर आगामी 10 जून को बुंडू स्थित अरूणालय बैंक्विट हॉल में एकदिवसीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कांग्रेस पार्टी केकेंद्रीय निर्देश के अनुसार बुंडू प्रखंड के कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी सक्रिय कार्यकर्ता नगर पंचायत और ग्रामीण पंचायत के अध्यक्षों के साथ एकदिवसीय संवाद कार्यक्रम किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के स्थानीय सांसद कालीचरण मुंडा, कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष सूर्यकांत मुंडा, खूंटी लोकसभा प्रभारी के अलावा कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कार्यक्रम में शामिल होंगे। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस पार्टी के बुंडू प्रखंड अध्यक्ष और सांसद प्रतिनिधि मनोहर प्रसाद महतो ने बताया जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण नगर के समस्याओं से सांसद अवगत होंगे और उनके समस्याओं को निदान करने का कार्रवाई करेंगे इसके साथ ही पार्टी के नीति विचार और संगठन को मजबूत करने की दिशा में कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया जाएगा।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अति–अल्पकालीन ई–कोटेशन संख्या 05/2026–27 (द्वितीय आमंत्रण), जो समाचार पत्रों में P.R. No. 381087 (Drinking Water & Sanitation) 26-27 (D) द्वारा प्रकाशित किया गया था, में निम्न रूप से संशोधन किया जाता है –

| | | |
|---|---|---|
| (i) | ई–कोटेशन अपलोड करने अंतिम तिथि एवं समय :– | 15.06.2026, 3:00 बजे अपराह्न में। |
| (ii) | ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय :– | 16.06.2021, 4:00 बजे अपराह्न में। |
| (iii) | नियम एवं शर्तें में GST Exclusive के स्थान पर :– | GST Inclusive होगी । |

ई–कोटेशन एवं नियम एवं शर्तें के शेष भाग यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची

PR 381797 (Drinking Water and Sanitation)26-27*D


## ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने किया शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले काउंसलर्स का सम्मान

**नवीन मेल संवाददाता**



**देवघर।** आरएनबी ग्लोबल यूनिवर्सिटी और गोकुल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के संयुक्त बैनर तले जसीडीह स्थित शिवांता रिसोर्ट में शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे बिहार के काउंसलर्स के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा और समाज के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ गौरव कुमार, इंटक के जिलाध्यक्ष अनंत मिश्रा, इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार और दोनों विश्वविद्यालयों के संयुक्त प्रतिनिधि अमित उपाध्याय सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर डॉ गौरव कुमार ने कहा कि बिहार जैसे प्रगतिशील राज्य में शिक्षा का अलख जगा रहे दोनों विश्वविद्यालयों का प्रयास सराहनीय है। वहीं अनंत मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में दूरस्थ शिक्षा (डिस्टेंस एजुकेशन) की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है, जिससे नौकरीपेशा, गृहिणी और कामकाजी लोग भी आसानी से उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

अजय कुमार ने कहा कि दोनों विश्वविद्यालय बिहार के दूरदराज क्षेत्रों तक उच्च शिक्षा पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं, जो प्रशंसनीय है। वहीं अमित उपाध्याय ने बताया कि बिहार सरकार गरीब छात्रों की उच्च शिक्षा के लिए विशेष योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता दे रही है। कार्यक्रम के दौरान आरएनबी ग्लोबल यूनिवर्सिटी की ओर से दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम का भी औपचारिक शुभारंभ किया गया, जिसके माध्यम से छात्र घर बैठे उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे।

## रामगढ़ जिला खो-खो संघ वर्ष 26-30 के लिए नई कार्यकारिणी का चयन किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**



**भुरकुंडा।** रामगढ़ जिला खो-खो संघ के कार्यालय सौंदा बस्ती पारटांड़ स्थित सभागार में सोमवार को वर्ष 26-30 के लिए जिला संघ की नई कार्यकारिणी का चयन किया गया। चुनाव प्रक्रिया झारखंड राज्य खो-खो संघ के महासचिव संतोष प्रसाद की उपस्थिति में संपन्न हुई। चुनाव में चतरा जिला खो-खो संघ के संयुक्त सचिव सुबोध कुमार ने चुनाव पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई, जबकि चुनाव अधिकारी अभिनव कुमार की देखरेख में पूरी प्रक्रिया संपन्न हुई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी शशि भूषण बाउरी ने की। चुनाव के दौरान सर्वसम्मति से बालेश्वर मुंडा को अध्यक्ष चुना गया। वहीं वरीय उपाध्यक्ष के रूप में स्वामी सिद्धार्थ बाउरी, प्रकाश ओझा, ज्योति विश्वकर्मा एवं राकेश कुमार शर्मा का चयन किया गया। सचिव पद पर नवीन कुमार ठाकुर को जिम्मेदारी सौंपी गई।

संयुक्त सचिव के रूप में अजीत प्रसाद महतो, रिया सिंह, अशोक कुमार, नवीन कुमार महतो, भास्कर कुमार महतो एवं सुजिता देवी का चयन किया गया। राहुल कुमार को कोषाध्यक्ष तथा सुजय कालिंदी को कार्यालय सचिव बनाया गया। इसके अलावा आनंद तिग्गा को रेफरी बोर्ड का अध्यक्ष, आमिर सोहेल को तकनीकी निदेशक तथा मीरा रानी को महिला यौन उत्पीड़न निवारण समिति की जिम्मेदारी दी गई। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में हरेंद्र कुमार, अजीत कुमार मुंडा, अभय मुंडा, मंजू रानी, सुरुचि कुमारी, कवि मुंडा, निखिल मुंडा समेत अन्य सदस्यों का चयन किया गया।


**कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, रांची**

पत्रांक.............................. राँची/दिनांक–.......................................

**-: आम सूचना :-**

Carriage By Road Act 2007 के तहत विभिन्न Transporter / Company द्वारा अभी तक निबंधन नहीं कराने के संबंध में।

संबंधित सभी Transporter/ Company को Carriage By Road Act 2007 के तहत निबंधन कराने हेतु इस कार्यालय द्वारा समय समय पर नोटिस निर्गत किया जाता रहा है इससे संबंधित प्रकाशन दिनांक 19.07.2024 तथा 03.04. 2025 को भी दैनिक समाचार पत्रों में हुआ था, परंतु आप लोगों के द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

अतः आपको पुनः इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन कि तिथि से 7 दिनों के अंदर अपनी Transporter / Company का निबंधन कराना सुनिश्चित करें अन्यथा बाध्य होकर विधिसम्वत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कंपनी की सूची निम्नांकित है–

| Sr. No. | Company Name | Address |
|---|---|---|
| 1 | M/S SAI TRADE & PACKAGING CO | CIRCULAR ROAD ,RANCHI |
| 2 | M/S SALASAR PACKAGING INDUSTRIES | KATHAL MORE ,RANCHI |
| 3 | M/S G.E CAPITAL TRANSPORTATION FINANCIAL SERVICES | KANKE ROAD RANCHI |
| 4 | M/S J.V INFRASTRUCTURE & ROADWAYS | CIRCULAR ROAD ,RANCHI |
| 5 | M/S TRIUPATI PACKAGING | LALGUTWA ,RANCHI |
| 6 | M/S PEE BEE ROADWAYS | RATU ROAD ,RANCHI |
| 7 | M/WS PRIME MOVER | KANKE ,RANCHI |
| 8 | M/S FIROTECH REFACTORIES | KHELARI ,RANCHI |
| 9 | M/S NET PHARMA | RANCHI |
| 10 | M/S ZYIYS INFRALOGISTICS | BOOTY ROAD ,RANCHI |
| 11 | M/S ARC MOVERS & MINERALS PVT LTD | ORMANJHI ,RANCHI |
| 12 | M/S RANCHI PACKAGING ENTERPRISES | HB ROAD ,RANCHI |
| 13 | M/S BHARAT GEARS LIMITED | NORTH MARKET ,RANCHI |
| 14 | M/S JAI MA KALI TRASNPORT &SUPPLIER | RATU ROAD ,RANCHI |
| 15 | M/S KHEMKA LOGISTICS | UPPER BAZAR ,RANCHI |
| 16 | M/S DASHNESH ROAD CARRIER | ITKI ROAD ,RANCHI |
| 17 | M/S SHASHANK TRADERS | HARMU ROAD, RANCHI |
| 18 | M/S MAA SHARDA TRANSPORT & SUPPLIER | RATU ROAD, RANCHI |
| 19 | M/S LOVELY TRANSPORT CO. | RATU ROAD ,RANCHI |
| 20 | M/S CHANAMI TRANSPORT | UPPER BAZAR ,RANCHI |
| 21 | INDICON ENTERPRISES LIMITED | NAMKUM ,RANCHI |
| 22 | M/S VISHAL PACKERS PRIVATE LIMITED | ASHOK NAGAR ,RANCHI |
| 23 | M/S SHREE DURGA PACKAGING | SHRIDURGAPK@GMAIL.COM |
| 24 | 1ST ALARM SYSYTEM | DHURWA ,RANCHI |
| 25 | M/S FND LOGISTICS PRIVATE LIMITED | ARGORA ,RANCHI |
| 26 | M/S S.M.PACKERS | KHUNTI |
| 27 | NIRMAL ANAND TRANSPORT | SAMGAR ,RANCHI |
| 28 | M/S SONU DRESSES | SONU DRESSESS1998@GMAIL.COM |
| 29 | M/S U.B AND CO. | BATI TOLI |
| 30 | M/S EMPIRICH WATCH COMPANY | MAIN ROAD ,RANCHI |
| 31 | M/ S R.K .ENTERPRISES | THARPAKHNA ,RANCHI |

उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव,
द0छो0प्रा0परि0 प्राधिकार, राँची

PR 381784 Transport (26-27)_D


# 12 वें वेज बोर्ड का जल्द गठन करे कोल प्रबंधन: सतीश सिन्हा

- अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ की बैठक में सदस्यता विस्तार और आंदोलन की रणनीति पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**



**भुरकुंडा।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ बरका-सयाल क्षेत्रीय कमेटी की बैठक सोमवार को सयाल स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव राम और संचालन क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय महासचिव सतीश सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक के दौरान सतीश सिन्हा एवं इंद्रदेव राम को एटक कोल फेडरेशन की कमेटी में क्रमशः उपाध्यक्ष एवं सदस्य बनाए जाने पर माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय महासचिव सतीश सिन्हा ने कहा कि कोयला मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए 12वें वेज बोर्ड का गठन अविलंब किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वेतन समझौते में हो रही देरी से देशभर के कोयला कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है। प्रबंधन और केंद्र सरकार को जल्द पहल करते हुए वेज बोर्ड की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए ताकि मजदूरों को समय पर उनका अधिकार मिल सके। सतीश सिन्हा ने कहा कि एटक कोल फेडरेशन के पुरी महाधिवेशन में लिए गए निर्णय के तहत 1 जुलाई को सभी परियोजनाओं में 'मांग दिवस' मनाया जाएगा। इस दौरान 12वें वेज बोर्ड के गठन, मजदूर हितों की सुरक्षा तथा श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लेबर कोड को लागू नहीं होने दिया जाएगा, क्योंकि इससे श्रमिकों के मौजूदा अधिकार प्रभावित होंगे। संगठन मजदूरों की एकजुटता को और मजबूत करेगा तथा सभी परियोजनाओं में सदस्यता अभियान चलाकर संगठन का विस्तार किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि अगली बैठक में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। वहीं, उरीमारी परियोजना के कर्मी एवं ओवरमैन रतनोदीप सरकार को केंद्रीय महासचिव सतीश सिन्हा ने माला पहनाकर यूनियन की सदस्यता दिलाई। उन्हें उरीमारी परियोजना का संयुक्त सचिव मनोनीत किया गया। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष संतोष ठाकुर, वेलफेयर बोर्ड सदस्य कमलेश कुमार, क्षेत्रीय सह सचिव विकास सिन्हा, शंकर कुमार, शिवनंदन राय, विनोद कुमार सिंह, विनोद कुमार, अनिल कुमार, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रेखा कुमारी, रीता देवी, कुश कुमार, गणेश भुइयां, शंकर सिंह, शंभू यादव, रतनोदीप सरकार, पच्चू राम, बिंदेश्वर प्रसाद सहित अन्य मौजूद थे।

विचार प्रवाह
मेरे गुरु ने मुझे दिखाया कि ईश्वर के दर्शन करने के लिए स्वयं को एक योग्य मंदिर बनाने हेतु ज्ञान की छेनी का उपयोग कैसे किया जाए। प्रत्येक व्यक्ति ऐसा कर सकता है यदि वह दिव्य-बोध- संपन्न गुरुओं के उपदेशों का पालन करे। - **श्री श्री परमहंस योगानंद, योगदा सत्संग पाठ**

राष्ट्रीय नवीन मेल

# भगवान बिरसा मुंडा के अंधेरे गांव का मौसमी विकास

इंडिया


सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अंग्रेज अंग्रेजियत और उनके समर्थकों के शोषण के विरुद्ध विद्रोह करने वाले बिरसा आज भगवान बिरसा मुंडा बन चुके हैं जिन्हें आदिवासी समाज के वैश्विक ब्रांड बनाने वाले अब माननीय और अधिकारी हैं पर भगवान का गांव और उनके वंशज कहां हैं? स्वतंत्रता संग्राम में देश के जनजातीय समुदाय को प्रेरित करने से लेकर पत्थलगड़ी और अफीम की तस्करी के इतिहास वाले खूंटी जिले के लिए राजधानी रांची से शानदार सड़क संपर्क से एक सवा घंटे में पहुंचा जा सकता है पर 9 जून भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर उनके जन्मस्थान उलिहातु में पिछली बार भी किसी बड़े अधिकारी या माननीय का नहीं आना आम बात नहीं है पहले भगवान बिरसा मुंडा के कार्यक्रमों में नेता मंत्रियों की भीड़ लगी रहती थी। 2023 में प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर उत्साह देखने को नहीं मिला था उलिहातु के ग्रामीणों ने बताया कि बिरसा के जन्म दिवस और शहादत दिवस पर कीताडीह से उलिहातु तक जबरदस्त मौसमी विकास होता है हर सरकारी भवन की रंगाई पुताई की जाती है बिरसा के बंशज बुजुर्ग सुखराम मुंडा की खोजबीन कर नया धोती-कुर्ता दिया जाता है फिर भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर पूजा पाठ कर माला पहनाने के बाद उलीहातु गांव के विकास की बात होती है ।कार्यक्रम के बाद उलिहातु को पिछड़ेपन के अंधकार की स्थिति में छोड़ दिया जाता है ।इस बार पौधारोपण भी होगा । शीर्ष पदों पर आसीन लोगों से गांव वालों की उम्मीदें जगती हैं कि कभी उनसे उनका दुःख-दर्द पूछा जाए पर ऐसा आज तक नहीं हुआ क्योंकि देश के शीर्ष नेता अधिकारियों से ग्रामीणों को मिलने की इजाजत नहीं होती। स्थानीय कहते हैं कि बिरसा मुंडा के जन्मस्थली के बाद यदि पूरे गांव का भ्रमण किया जाए तो उलिहातु गांव के भयंकर पिछड़ेपन और बेरोजगारी का पता चल जाएगा। झारखंड के 26वें बर्ष तक आज उलिहातु गांव को विकास के नाम पर कुछ विशेष नही मिला। यहां अधिकतर परिवार टूटे फूटे घरों में रहते हैं। शहीद आवास का भी कार्य पूरा नहीं हुआ। राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री के आने पर गांव का पिछड़ापन ना दिखे इसलिए इन मकानों को 20 फीट ऊंची टेंट से ढंक दिया गया था। इन लोगों का कहना है कि आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने के पहले बहुत खुशी हुई थी साथ मे उम्मीदें भी थी लेकिन प्रशासन के द्वारा हमारे गांव के किसी को भी कार्यक्रम स्थल तक जाने नहीं दिया गया किसी को घर से निकलने तक की मनाही थी सड़कों पर चलना मना था । उलिहातु के लोगों का मानना है कि बिरसा ओड़ा आने वाले अतिथियों से मिलने पर समस्या और वस्तुस्थिति के बारे में बताने का मौका मिलेगा लेकिन ऐसा कभी नहीं होता। बिरसा के बंशज वृद्ध सुखराम मुंडा ने बताया कि बताया कि उलिहातु समेत आसपास के कई गांवों तुबिद, बेड़ाडीह, जोपनो, लेपसेर, सेल्दा, ग़सार, पीड़िटोली, गेरने और कुईल में पानी की भारी किल्लत है । जोपनो गांव में तो पानी बिल्कुल नहीं है। बिरसा ओड़ा का सोलर जलमीनार खराब पड़ा है। यहां के लोग अभी भी चुंवा का पानी पीने को मजबूर हैं । उलिहातु में तीन चुंवा हैं जिससे लगभग 80 घरों के परिवार और मवेशी पानी पीते हैं एक दो नल लगे हुए है लेकिन जलस्त्रोत नही होने के कारण साल में चार महीने बरसात के मौसम में पानी निकलता है बाकी आठ महीने सूखा रहता है। जल जीवन मिशन योजना के तहत पाइप लाइन तो बिछाई गई है पर इस सप्लाई पानी से उनकी सभी जरूरतें पूरी नहीं हो रही हैं। साथ ही नियमित पानी का सप्लाई भी नहीं होने से पाइप लाइन बिछाने का ग्रामीणों को कोई विशेष लाभ नहीं मिला है । प्रखंड मुख्यालय अड़की में चाय नाश्ते की ढंग की दुकान तक नहीं सालों भर बिरसा ओड़ा आने वाले श्रद्धालुओं को पानी खरीदना पड़ता है। आवासीय विद्यालय में भी पानी की काफी समस्या है। छात्रों को पीने और साफ-सफाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नेता और अधिकारी आते हैं लेकिन जमीनी समस्याओं पर ध्यान नहीं देते। बिरसा मुंडा के वंशज सुखराम मुंडा ने प्रशासनिक उदासीनता पर नाराजगी जताते हुए कहा कि शहीद के सम्मान के साथ मजाक हो रहा है। प्रशासन से अपील की है कि समय रहते व्यवस्था सुनिश्चित करें और जमीनी स्तर पर आदर और जिम्मेदारी दिखाएं। उन्होंने मांग की है कि जलमीनारों की मरम्मत कराई जाए और हर गांव में स्थायी पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि भगवान बिरसा मुंडा के गांव की गरिमा बनी रहे। वहीं दूसरी ओर अशिक्षा और भड़काऊ शक्तियों से अड़की के युवाओं का गलत दिशा में भटकाव भी काफी समस्या खड़ा कर रहा है अधिकतर युवा नशे की चपेट में हैं अफीम की खेती भी काफी बड़ी समस्या है ।युवा काम धंधे में कम मेला और बाजारों में हंडिया दारू के अड्डों पर देखे जाते हैं । अत्यधिक नशाखोरी से सड़क दुर्घटना में हुई मौत के आंकड़ों में काफी बढ़ोतरी हुईं है घरेलू हिंसा में हत्या जैसी घटनाएं भी बढ़ी हैं । राज्य या देश की राजधानी तक अड़की के आक्रोश की गूंज पहुंचती है पर दर्द का कारण शायद नहीं पहुंचता इसलिए तारणहार का इंतजार है ।

# इतिहास, बलिदान और वैचारिक क्रांति के अमर नायक बिरसा मुंडा

आज की बात


हृदयानंद मिश्र

> **बिरसा मुंडा का जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि इतिहास केवल राजमहलों में नहीं, बल्कि जंगलों, पहाड़ों और वंचित समुदायों के संघर्षों से भी निर्मित होता है। उनका संघर्ष केवल राजनीतिक स्वतंत्रता के लिए नहीं था, बल्कि जल, जंगल, जमीन और सांस्कृतिक स्वायत्तता की रक्षा के लिए भी था**

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में कुछ ऐसे महापुरुष हुए हैं जिन्होंने सीमित जीवनकाल में ही ऐसा अमिट प्रभाव छोड़ा कि वे केवल व्यक्ति नहीं, बल्कि विचार और आंदोलन बन गए। आदिवासी अस्मिता, स्वाभिमान और प्रतिरोध के महानायक बिरसा मुंडा ऐसे ही युगपुरुष थे। उन्होंने न केवल अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष किया, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक स्तर पर भी एक ऐसी क्रांति का सूत्रपात किया जिसने आदिवासी समाज को अपनी पहचान और अधिकारों के लिए संगठित होने की प्रेरणा दी। बिरसा मुंडा का जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि इतिहास केवल राजमहलों में नहीं, बल्कि जंगलों, पहाड़ों और वंचित समुदायों के संघर्षों से भी निर्मित होता है। उनका संघर्ष केवल राजनीतिक स्वतंत्रता के लिए नहीं था, बल्कि जल, जंगल, जमीन और सांस्कृतिक स्वायत्तता की रक्षा के लिए भी था। यही कारण है कि आज भी वे आदिवासी चेतना के सबसे बड़े प्रतीक माने जाते हैं। 15 नवंबर 1875 को वर्तमान उलीहातु गांव में जन्मे बिरसा मुंडा का परिवार आर्थिक रूप से साधारण था, किंतु सांस्कृतिक रूप से समृद्ध था। बचपन से ही उन्होंने आदिवासी समाज की पीड़ा, शोषण और विस्थापन को देखा। अंग्रेजी शासन और जमींदारी व्यवस्था ने आदिवासियों की पारंपरिक भूमि व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया था। हजारों आदिवासी अपनी ही जमीन से बेदखल हो रहे थे। शिक्षा प्राप्त करने के दौरान बिरसा ने मिशनरी गतिविधियों को भी करीब से देखा। उन्होंने पाया कि आदिवासियों की संस्कृति और परंपराओं को कमजोर करने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है। इसी अनुभव ने उनके भीतर सामाजिक और सांस्कृतिक जागरण का बीज बोया। बिरसा मुंडा केवल विद्रोही नहीं थे; वे एक महान चिंतक और समाज सुधारक भी थे। उन्होंने आदिवासी समाज से अंधविश्वास, नशाखोरी और सामाजिक कुरीतियों को त्यागने का आह्वान किया। उन्होंने लोगों को आत्मसम्मान, स्वावलंबन और संगठन की शक्ति का महत्व समझाया। उनका संदेश था कि आदिवासी अपनी संस्कृति, भाषा और परंपराओं पर गर्व करें। उन्होंने धर्मांतरण और सांस्कृतिक वर्चस्व के खिलाफ आवाज उठाई। उनके अनुयायी उन्हें "धरती आबा" अर्थात धरती का पिता कहकर सम्मानित करने लगे। बिरसा का आंदोलन केवल राजनीतिक नहीं था। वह सामाजिक सुधार, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और आर्थिक न्याय का भी आंदोलन था। इस दृष्टि से वे आधुनिक भारत के प्रारंभिक वैचारिक क्रांतिकारियों में गिने जा सकते हैं।उन्नीसवीं शताब्दी के अंतिम वर्षों में बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध "उलगुलान" अर्थात महाविद्रोह का नेतृत्व किया। यह केवल हथियारबंद संघर्ष नहीं था, बल्कि अन्याय के विरुद्ध व्यापक जनजागरण था। उन्होंने घोषणा की कि जल, जंगल



और जमीन पर पहला अधिकार आदिवासियों का है। यह विचार आज भी पर्यावरणीय न्याय और स्थानीय समुदायों के अधिकारों की बहस में अत्यंत प्रासंगिक है। उलगुलान ने अंग्रेजी शासन की नींव हिला दी। हजारों आदिवासी बिरसा के नेतृत्व में संगठित हुए। अंग्रेज सरकार ने इस आंदोलन को कुचलने के लिए कठोर दमन चक्र चलाया, लेकिन बिरसा के विचारों को दबा नहीं सकी। अंग्रेजों ने 1900 में बिरसा मुंडा को गिरफ्तार कर लिया। 9 जून 1900 को मात्र 25 वर्ष की आयु में रांची जेल में उनकी मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु आज भी अनेक प्रश्नों को जन्म देती है, क्योंकि परिस्थितियाँ पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सकीं। यद्यपि उनका जीवन बहुत छोटा था, लेकिन उनका बलिदान अमर हो गया। उनकी मृत्यु ने आदिवासी समाज में संघर्ष की नई चेतना पैदा की। अंग्रेजों को अंततः आदिवासी भूमि अधिकारों के संबंध में नीतियों में बदलाव करने के लिए बाध्य होना पड़ा। आज जब विकास के नाम पर विस्थापन, पर्यावरणीय संकट और स्थानीय समुदायों के अधिकारों पर बहस हो रही है, तब बिरसा मुंडा की विचारधारा पहले से अधिक प्रासंगिक दिखाई देती है। उन्होंने हमें सिखाया कि विकास तभी सार्थक है जब उसमें न्याय, सम्मान और सहभागिता हो। उनका संघर्ष बताता है कि किसी भी समाज की प्रगति उसकी सांस्कृतिक पहचान और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के बिना संभव नहीं है। भारत सरकार द्वारा उनके जन्मदिवस 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाना इस बात का प्रमाण है कि राष्ट्र उनके योगदान को सम्मानपूर्वक स्वीकार करता है। बिरसा मुंडा केवल एक आदिवासी नेता नहीं थे; वे भारत के लोकतांत्रिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संघर्षों के अग्रदूत थे। उन्होंने अपने अल्प जीवन में जो संदेश दिया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है—अन्याय के विरुद्ध संघर्ष, अपनी पहचान पर गर्व और सामूहिक अधिकारों की रक्षा।उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि इतिहास के महान अध्याय केवल सत्ता के गलियारों में नहीं, बल्कि उन लोगों के संघर्षों में लिखे जाते हैं जो अपने अधिकारों और सम्मान के लिए सब कुछ न्यौछावर कर देते हैं। धरती आबा बिरसा मुंडा का जीवन भारतीय लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा की उस ज्योति का नाम है जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव मार्गदर्शन देती रहेगी। उनके विचार, उनका संघर्ष और उनका बलिदान भारतीय इतिहास की अमूल्य धरोहर हैं।


**(सदस्य कोऑर्डिनेशन कमिटी झारखंड प्रदेश)**

# हजारीबाग की माटी का एक अनमोल लाल : सुखलाल

अलग बात


प्रमोद कुमार

पुण्यतिथि पर विशेष


हजारीबाग जिला परिषद के थे प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष
एक ऐसा विधायक जिनकी आजीवन सवारी रही साइकिल

कद लगभग 6 फीट, लिबास खादी की धोती और कुर्ता, माथे पर खादी की गांधी टोपी और पांव में साधारण चप्पल। इस वेशभूषा में साधारण दिखने वाला व्यक्ति एक असाधारण महापुरुष था जिसे इलाके में वैद्य जी के नाम से जाना जाता था। आजीवन गांधीवादी विचारधारा पर चलने वाला यह व्यक्ति स्वतंत्रता सेनानी, प्रांतीय धारा सभा के चुनाव में विजयी होकर विधायक तथा आजादी के बाद चतरा विधानसभा से प्रथम विधायक बनकर जनता की सेवा की। आज की पीढ़ी को इस अनाम स्वतंत्रता सेनानी के बारे में शायद ही जानकारी होगी। इसका अंदाज किसी से लग जाता है जब नेताजी सुभाष चंद्र बोस का आगमन 11 फरवरी 1940 को हजारीबाग में हुआ था उसे समय सुखलाल सिंह जिला परिषद के अध्यक्ष थे। नेता जी के स्वागत के लिए बनी कमेटी के स्वागत समिति के अध्यक्ष हीरालाल महाजन ने एक आवेदन देकर सुखलाल बाबू से शहर के लेपो रोड में कुछ तोरण द्वार बनाने की अनुमति मांगी थी। वर्तमान में जो मेन रोड है वह पहले लेपो रोड के नाम से जाना जाता था। क्योंकि सुखलाल बाबू जिला परिषद के अध्यक्ष थे इसलिए उनसे अनुमति लेना जरूरी था। 9 फरवरी 1940 के इस आवेदन पर सुखलाल सिंह ने स्वीकृति देकर नेताजी के कार्यक्रम को सफल बनाने का संदेश भी दिया था। आज से 86 वर्ष पहले का यह आवेदन इस घटना का तस्दीक करता है कि किसी भी बड़े छोटे कार्यक्रम के लिए उस समय प्रशासनिक औपचारिकताएं विधिवत पूरी की जाती थी। सुखलाल सिंह का जन्म 3 जनवरी 1897 को एकीकृत हजारीबाग जिले के चतरा सब डिवीजन के तेतरिया गांव में हुआ था। वर्तमान में चतरा सबडिवीजन अब जिले के रूप में स्थापित है। सुखलाल बाबू स्वतंत्रता सेनानी रामनारायण सिंह के अनुज थे। 1920 में वे असहयोग आंदोलन में शामिल होकर पूरा जीवन देश सेवा को समर्पित कर दिया। उनका कार्य क्षेत्र चतरा और हजारीबाग बना। इन्हें राजनीतिज्ञ से अधिक ख्याति वैद्य के रूप में मिली। 26 जनवरी 1929 को तिरंगा फहराने के जुर्म में सुखलाल बाबू को जेल की सजा हुई तथा 1932 में उनकी रिहाई हुई। 1934 में हजारीबाग जिला बोर्ड के प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष बने तथा 10 दिसंबर 1940 को उन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया। 1936 में चतरा-गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जब 1952 में आम चुनाव हुए उस समय चतरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक के रूप में निर्वाचित हुए। उन्हें संसदीय सचिव बनाया गया जिस पद का दायित्व उन्होंने काफी ईमानदारी से निभाया। वर्तमान में जो सड़क डोभी से चंदवा तक बनाई गई है वह इन्हीं की देन है। इसके अलावा कई बड़े-बड़े डैम के निर्माण करवाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। 9 जून 1969 को इलाज के क्रम में पटना में उनका देहांत हुआ। सुखलाल बाबू राजनीति से पूरी तरह संन्यास लेकर अपने पैतृक गांव कुसुंभा में खेती करने लगे। यहां पर उनके राजनीतिक मित्रों का हमेशा आना-जाना लगा रहता था। स्वर्गीय के वीसहाय,स्वर्गीय बसावन सिंह,स्वर्गीय वीरचंद पटेल,अब्दुल कयूम अंसारी जैसे उनके मित्रमंडली में शामिल थे। इस पंक्ति के लेखक को इसकी जानकारी पटना में बसावन बाबू से एक विशेष मुलाकात के दरमियान हुई थी। बसावन बाबू से श्री कृष्णा पुरी मोहल्ले स्थित उनके आवास पर घंटो बातचीत हुई थी। उन्होंने सुखलाल बाबू की सादगी संघर्ष और सेवा भाव की गाथा विस्तार से सुनाई थी। आजादी के पहले और आजादी के बाद विधायक रह चुके सुखलाल बाबू की शानदार सवारी साइकिल थी। आजीवन आडंबर से दूर रहने वाले ऐसे महापुरुष को शत-शत नमन और श्रद्धांजलि। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात

## जीवन, जलवायु व भविष्य की रक्षा का संकल्प


संजय सर्राफ

**विश्व महासागर दिवस** प्रत्येक वर्ष 8 जून को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य महासागरों के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा उनके संरक्षण के लिए वैश्विक स्तर पर सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना है। महासागर पृथ्वी के लगभग 71 प्रतिशत भाग को आच्छादित करते हैं और मानव जीवन, जैव विविधता तथा वैश्विक जलवायु संतुलन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्व महासागर दिवस की अवधारणा वर्ष 1992 में ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में आयोजित पृथ्वी शिखर सम्मेलन में प्रस्तुत की गई थी। इसके बाद वर्ष 2008 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने आधिकारिक रूप से 8 जून को विश्व महासागर दिवस के रूप में मान्यता प्रदान की। तब से यह दिवस पूरी दुनिया में विभिन्न कार्यक्रमों, संगोष्ठियों, जागरूकता अभियानों और पर्यावरणीय गतिविधियों के माध्यम से मनाया जा रहा है।महासागर पृथ्वी के सबसे बड़े प्राकृतिक संसाधन हैं। वे मानवता को भोजन, ऑक्सीजन, ऊर्जा, औषधीय संसाधन और रोजगार प्रदान करते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी के वायुमंडल में उपलब्ध लगभग 50 प्रतिशत ऑक्सीजन का उत्पादन महासागरों में रहने वाले सूक्ष्म जीवों द्वारा किया जाता है। इसके अलावा महासागर वैश्विक तापमान को नियंत्रित करने तथा कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्व महासागर दिवस का प्रमुख उद्देश्य समुद्री प्रदूषण, प्लास्टिक कचरे, अत्यधिक मत्स्य दोहन, जलवायु परिवर्तन और समुद्री जैव विविधता के क्षरण जैसी समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक करना है। यह दिवस सरकारों, वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और आम नागरिकों को महासागरों के संरक्षण के लिए एकजुट होने का अवसर प्रदान करता है। इस दिवस की विशेषता यह है कि यह केवल समुद्री क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है। प्लास्टिक के उपयोग में कमी, जल स्त्रोतों की स्वच्छता, समुद्री जीवों की सुरक्षा और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाकर महासागरों को सुरक्षित बनाया जा सकता है।

राष्ट्रीय नवीन मेल
धर्म-अध्यात्म

## सच्चाई है प्रेम और सेवा



स्वामी चिन्मयानंद

प्राणि-जगत क्रमशः विकसित होता हुआ अधिक चेतना की ओर, व्यापक प्रेम की ओर और आनन्द के उच्चतर शिखर की ओर बढ़ता जा रहा है। ऐसे मनुष्य बहुत ही बिरले हैं जिनमें सच्चाई है, प्रेम और सेवा के लिए समर्पित हैं, दान और दया का मूल्य समझते हैं। उन्हें ही जगत् के विकास के क्रम में उच्चतम स्थिति प्राप्त करने का अवसर मिलता है। यदि हम निःस्वार्थ भाव से प्रेमपूर्वक सेवाकार्य में लगन के साथ निरन्तर लगे रहते हैं तो कार्य बहुत योजनाबद्ध और व्यवस्थित न होने पर भी सफलता अवश्य मिलती है। केवल सेवाकार्य में लगे व्यक्ति के हृदय में अहंकार नहीं होना चाहिए। वह अपने उद्देश्य के प्रति निष्ठा रखे, आने वाली समस्याओं का सामना साहसपूर्वक करता रहे और हर दशा में अक्षुण्ण शान्त के साथ मुस्कराता रहे। बहुत से लोग उसी समय अपना कार्य छोड़कर बैठ जाते हैं जब उन्हें सफलता मिलने को होती है। यदि 'करो या मरो' भावना जीवित रखने की थोडी शक्ति उनमें और होती तो वे सफलता के उच्च शिखर पर पहुँचने की तृप्ति प्राप्त कर सकते थे। किन्तु कुछ लोग थक और बुझ कर पहले ही कार्य छोड़ देते हैं। ऐसा दुष्परिणाम उन्हीं को भोगना पड़ता है जिनके मन में स्वार्थ, कामना, अहंकार और चिन्तायें झांक रही होती हैं। हरि-स्मरण के प्रकाश में ये निशाचर भगवान के सच्चे सेवक को किंचित भयभीत नहीं कर सकते। इसलिए जब कभी मन में निराशा आये तो इस बात को मन में ही दोहराते रहो 'सफलता अब पास ही है, थोड़ा प्रयास और करें, वह शीघ्र हमारे हाथ में आ जायेगी।' किन्तु हम सब सच्चे उत्साह से कार्य करें। उस समय अन्य लोगों को भी देखकर दुःख होता है जो क्रीतदास की भांति वेमन, थके-थके काम करते हैं और अपने मालिक के डंडे से भयभीत रहते हैं।

**-पुस्तक अवश्य करें से साभार**

# झारखंड को हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे ?

देश की बात


केदारनाथ दास


भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन गत दिनों झारखंड के दौरे पर थे। जाहिर सी बात है कि उनके इस दौरे को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में अच्छा खासा उत्साह था। उन्होंने पुरजोर तरीके से उनका स्वागत भी किया लेकिन इस स्वागत का प्रत्युत्तर सिर्फ एक अस्पष्ट चुनावी नारे में सिमट कर रह गया और अब भाजपा के जमीनी कार्यकर्ता ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। ऐसा इसलिए कि राजनैतिक दृष्टिकोण से झारखंड में भाजपा भले ही मजबूत दिख रही हो परन्तु इसके सांगठनिक रवैए से सीमांत कार्यकर्ता नाराज हैं। यह एक ऐसी पार्टी है जो एकात्म मानववाद पर भरोसा करती है और इसका निहितार्थ अंततः साफगोई को समर्पित होता है। यह सबकुछ जानते समझने के बावजूद नितिन नबीन का "झारखंड हमने बनाया है, इसे हम ही संवारेंगे" जैसा एक वक्तव्य आखिरकार राजनैतिक, ऐतिहासिक और लोकतांत्रिक संदर्भ में कई गंभीर प्रश्न खड़ा करता नजर आ रहा है। श्री नबीन के इस वक्तव्य के बाद जमीनी स्तर के आम कार्यकर्ताओं के सामने आज सबसे पहला सवाल यह आ खड़ा हुआ है कि क्या किसी एक दल को किसी राज्य के निर्माण का पूरा श्रेय दिया जा सकता है? यह सही है कि झारखंड का निर्माण 15 नवंबर 2000 को तब हुआ जब अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार थी। दूसरी ओर, यह भी सही है कि झारखंड राज्य की मांग भाजपा के अस्तित्व में आने के दशकों पहले शुरू हो चुका था। क्या नितिन नबीन को इतनी सी भी जानकारी नहीं है कि झारखंड आंदोलन का इतिहास लगभग एक सदी पुराना है? इतना ही नहीं, इस राज्य के लिए जयपाल सिंह मुंडा, बिनोद बिहारी महतो, शिबू सोरेन, निर्मल महतो, विनोद भगत, जस्टिस एल.पी.एन. शाहदेव, पद्मश्री डॉ.रामदयाल मुंडा सहित लाखों आदिवासी मूलवासी लोगों ने एक लंबा संघर्ष किया है। अनेक लोगों ने जेल यात्राएं कीं, आंदोलन किए और अपना व्यक्तिगत भविष्य तक दांव पर लगा दिया। ऐसे में, यह कहना कि "झारखंड हमने बनाया" उस लंबे जनसंघर्ष को किसी ऐसे राजनीतिक दल की उपलब्धि तक सीमित कर देना न्यायोचित नहीं है जो खुद सरकार में सिर्फ एक भागीदार था। दूसरा प्रश्न "हम ही संवारेंगे" वाले हिस्से को लेकर है। लोकतंत्र में किसी राज्य का विकास किसी एक दल का विशेषाधिकार नहीं होता। यदि कोई सरकार अच्छा काम करती है तो जनता उसे अवसर देती है और यदि वह असफल होती है तो जनता उसे बदल भी देती है। इस पैमाने पर भाजपा कहां खड़ी है यह कोई छुपा हुआ विषय नहीं है। संदर्भवश झारखंड ने पिछले 25 वर्षों में भाजपा, झामुमो, कांग्रेस गठबंधन के तमाम राजनीतिक प्रयोगों को देखा है और इस तरह से देखें तो आज राज्य की उपलब्धियां और विफलताएं सभी दलों की साझा राजनीतिक विरासत बनकर सामने है। ऐसे में, यह दावा कि केवल एक दल ही इस राज्य को संवार सकता है, लोकतांत्रिक बहुलता की भावना से मेल नहीं खाता। विडंबना यह भी है कि झारखंड का अधिकांश शासनकाल भाजपा या भाजपा समर्थित सरकारों के पास रहा है। यदि यह राज्य आज भी बेरोजगारी, पलायन, खनिज संपदा की लूट, शिक्षा और स्वास्थ्य की चुनौतियों से जूझ रहा है तो फिर अधिकांश समय तक शासन के बावजूद केवल श्रेय लेने की राजनीति को कैसे उचित ठहराया जा सकता है? सवाल यह भी कि यदि राज्य की उपलब्धियों का श्रेय भाजपा को मिलना चाहिए तो क्या केवल इस एक बात के लिए उसे कमियों की जिम्मेदारी से उसे मुक्त कर दिया जाए? और हाँ, एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी राजनैतिक संगठन को इस बात की छुट कैसे दी जा सकती है कि वह स्वयं को इतिहास से बड़ा साबित करने का प्रयास करने में जुट जाए? जाने अनजाने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने झारखंड दौरे में कुछ ऐसा ही कारनामा कर दिखाया है जबकि व्यवस्था, राज्य, समाज और लोकतंत्र किसी दल विशेष की देन नहीं होते। वैसे भी जब देश में एक लोकतांत्रिक व्यवस्था है तो इसका मतलब यह भी है कि झारखंड न भाजपा का है, न झामुमो का, न कांग्रेस का। सच कहें तो यह उन किसानों, मजदूरों, छात्रों, व्यापारियों , नौकरी पेशा लोगों व आंदोलनकारियों का प्रांत है जिन्होंने अलग राज्य का सपना देखा था। ऐसे में, किसी भी दल को यह अधिकार नहीं है कि वह उस सामूहिक संघर्ष को अपनी निजी राजनीतिक संपत्ति घोषित करने में लग जाए। ऐसा भी तब जबकि कहीं मृत व्यक्ति को, तो कहीं भ्रष्टाचार के आरोपी को अहम् दायित्व देने का कारनामा कर दिखाने वाले इस संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व से अभी भी "झारखंड को हमने बनाया है, इसे हम ही संवारेंगे" के बजाय "जनता ने झारखंड को बनाया है और इसी जनता के सहयोग इसे संवारने का संकल्प लेकर भाजपा सामने है" जैसे किसी वक्तव्य की अपेक्षा की जा जा रही थी। संगठन में एक पूर्णकालिक संगठन मंत्री होने के बावजूद यदि दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष को झारखंडी मिजाज, लोकतंत्र के प्रति इस प्रदेश की मौलिक सोच और इतिहास के प्रति इसकी ईमानदारी की नहीं बातें नहीं जा सकी तो इससे अंततः यही संदेश सामने आया कि इस दल के अंदरखाने कुछ न कुछ गड़बड़ जरूर है?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

फेसबुक वॉल से




एक्स से




## आज का दोहा

**बने घूमते हैं कई, नये बड़े किरदार।**
**बिन पाग के घूमता हो जैसे सरदार।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र और सीबीएसई को जारी किया नोटिस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 12वीं की परीक्षा में डिजिटल इवैल्यूएशन सिस्टम (ओएसएम) में हुई गड़बड़ियों की स्वतंत्र जांच की मांग को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार और सीबीएसई को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 12 जून 2026 को तय की है।

कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने यह कदम उठाया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सिस्टम में आई तकनीकी खामियों और गड़बड़ियों के कारण हजारों छात्रों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई छात्रों की आंसर स्क्रिप्ट गायब बताई जा रही हैं, कुछ धुंधली हैं, तो कुछ की गलत तरीके से जांच की गई है।याचिकाकर्ताओं का कहना है कि डिजिटल मूल्यांकन सिस्टम में बार-बार आने वाली समस्याएं छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही हैं। कई अभिभावकों और छात्रों ने शिकायत की है कि अंकों में बेतरतीबी, स्क्रिप्ट लापता होना और गलत मूल्यांकन जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। एनएसयूआई ने सीबीएसई पर आरोप लगाया कि बोर्ड इन शिकायतों को गंभीरता से नहीं ले रहा है। एनएसयूआई ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल माध्यमों का उपयोग बढ़ रहा है लेकिन इसके साथ ही मजबूत सुरक्षा व्यवस्था और बैकअप प्लान भी जरूरी है। याचिका में मांग की गई है कि सीबीएसई को तुरंत एक शिकायत निवारण तंत्र विकसित करना चाहिए ताकि छात्रों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।



सीबीएसई मूल्यांकन गड़बड़ी

### प्रभावित छात्रों को कंपेन्सेटरी मार्क्स देने की अपील

एनएसयूआई ने याचिका में मांग की है कि डिजिटल मूल्यांकन प्रक्रिया में हुई सभी गड़बड़ियों की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त सुरक्षा उपाय, प्रोटोकॉल और दिशा-निर्देश तैयार किए जाएं। याचिका में सीबीएसई को उन सभी छात्रों को कंपेन्सेटरी मार्क्स देने का भी निर्देश देने की अपील की गई है जिनकी उत्तर पुस्तिकाएं प्रभावित हुई हैं।

# 12 साल में बदला भारत, केंद्र में रहा गरीब और वंचित वर्ग : मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जानता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार में पिछले 12 वर्षों में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि इस 12 साल में भारत ने अनेक परिवर्तन देखे हैं और इन बदलावों के केंद्र में गरीब, वंचित तथा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का कल्याण रहा है। अंत्योदय की भावना से प्रेरित होकर सरकार ने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि विकास का लाभ उन लोगों तक पहुंचे, जो दशकों तक इससे वंचित रहे।

प्रधानमंत्री ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि जनधन खातों, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का उद्देश्य लोगों को सम्मानजनक जीवन और बेहतर अवसर उपलब्ध कराना रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण की दिशा में प्रौद्योगिकी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डीबीटी और डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से सरकारी सहायता सीधे और पारदर्शी तरीके से लाभार्थियों तक पहुंच रही है। इससे रिसाव में कमी आई है, कार्यकुशलता बढ़ी है और शासन व्यवस्था में लोगों का विश्वास मजबूत हुआ है।

### जनकल्याण योजनाओं से विकसित भारत निर्माण की मजबूत नींव बने कल्याणकारी प्रयास



प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीब कल्याण की यह यात्रा अब मानव सशक्तीकरण के एक व्यापक अभियान में बदल गई है, जो विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि विकास की मुख्यधारा से लंबे समय तक दूर रहे लोगों को भी समान अवसर और सुविधाएं उपलब्ध हों। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीते 12 वर्षों में लागू की गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है और यही प्रयास विकसित भारत के निर्माण की मजबूत नींव बन रहे हैं।

# पश्चिम बंगाल से फरार टीएमसी नेता जहांगीर खान गिरफ्तार

## पुलिस ने नेपाल बॉर्डर से पकड़ा

**एजेंसी। कोलकाता**

पुलिस ने सोमवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता जहांगीर खान को गिरफ्तार कर लिया। दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंड हार्बर के फाल्टा इलाके के इस तृणमूल नेता को पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किया।



पुलिस के मुताबिक, उन्हें गिरफ्तार कर कोलकाता लाया जा रहा है। पुलिस ने यह भी बताया कि जहांगीर नेपाल बॉर्डर के रास्ते बंगाल से भागने की कोशिश कर रहे थे। गुप्त सूचना मिलने के बाद एसटीएफ के अधिकारी वहां पहुंचे। फाल्टा विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल के हारे हुए उम्मीदवार को भी गिरफ्तार किया गया। फाल्टा विधानसभा क्षेत्र में 21 मई को दोबारा चुनाव हुआ था। जहांगीर ने चुनाव से 48 घंटे पहले चुनावी मुकाबले से अपना नाम वापस ले लिया था। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा था, "मेरा सपना एक 'सुनहरे फाल्टा' का था। हमारे मुख्यमंत्री (सुवेंदु अधिकारी) फाल्टा के विकास के लिए एक विशेष पैकेज दे रहे है। इसी वजह से मैंने 21 मई को हुए दोबारा चुनाव के मुकाबले से खुद को अलग कर लिया था।"हालांकि उन्होंने चुनाव से 48 घंटे पहले मुकाबले से नाम वापस ले लिया था, लेकिन ईवीएम पर तृणमूल के चुनाव चिह्न के बगल में जहांगीर का नाम मौजूद था। जब 24 मई को चुनाव के नतीजे घोषित हुए, तो पता चला कि भाजपा 1.09 लाख से अधिक वोटों से जीती। सीपीआई(एम) 40,000 से अधिक वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रही। जहांगीर 7,783 वोटों के साथ चौथे स्थान पर रहे। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद से ही वे लगभग गायब थे। वे न तो घर पर और न ही पार्टी कार्यालय में दिखाई दिए। जहांगीर के खिलाफ 2019 में एक मामला दर्ज किया गया था।

# मल्लिकार्जुन खड़गे की मांग आर्थिक स्थिति बेरोजगारी, महंगाई से जुड़े मुद्दों पर हो चर्चा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में सोमवार को इंडिया ब्लॉक गठबंधन की बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, सोनिया गांधी, टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत अन्य दलों के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बताया कि बैठक अच्छी रही है और पांच मुद्दों पर सहमति बनी है, जिस पर मजबूती के साथ काम करना है। खड़गे ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि इंडिया ब्लॉक गठबंधन की बैठक में 25 राजनीतिक दल शामिल हुए। इस बैठक के बाद हम लोगों ने पांच बिंदुओं पर सहमति जताई है। इन मुद्दों पर हम आगे भी बैठक करेंगे, काम करेंगे, लड़ेंगे और आगे बढ़ेंगे।उन्होंने कहा कि यह तय हुआ है कि इंडिया गठबंधन की सभी पार्टियां हर दो महीने में बैठक करेंगी। अगली बैठक अगस्त में हैदराबाद में होगी। खड़गे ने कहा कि शिवसेना(यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन भी वर्चुअल तरीके से बैठक में शामिल हुए और अपनी राय रखी। वे भी इन सभी मुद्दों पर सहमत हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को मौजूदा आर्थिक स्थिति, बेरोजगारी, महंगाई, किसानों के मुद्दों और लोगों से जुड़े अन्य मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तुरंत सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए।

### नीट-सीबीएसई विवाद पर शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

खड़गे ने मीडिया के सामने बैठक में जिन पांच मुद्दों पर सहमति बनी, उसे पढ़कर सुनाया। इंडिया गठबंधन की बैठक में सभी दलों ने पांच बिंदुओं पर अपनी सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि हम इन मुद्दों पर डटकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि ये सहमति बनी कि एसआईआर और मतदाता सूची में हेरफेर तथा चुनाव की निष्पक्षता के संबंध में भारत के मुख्य न्यायाधीश को एक पत्र भेजा जाएगा। लाखों छात्रों को प्रभावित करने वाले अनेक गंभीर मुद्दों की स्थिति को देखते हुए ये सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शिक्षा मंत्री को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके कार्यकाल में नीट और सीबीएसई परीक्षाओं में लाखों युवाओं के साथ विश्वासघात हुआ है। नतीजा है कि आज लाखों युवा सड़कों पर खड़े हैं।वर्तमान में बढ़ती गंभीर आर्थिक स्थिति, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, अत्याचार और किसानों के मुद्दों को हम उठाते रहेंगे।

# सुखेंदु शेखर ने टीएमसी की प्राथमिक सदस्यता के साथ ही राज्यसभा से भी दिया इस्तीफा

**एजेंसी। कोलकाता**



विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देने का सिलसिला जारी है। अब टीएमसी को एक और बड़ा झटका लगा है। सुखेंदु शेखर ने टीएमसी की प्राथमिक सदस्यता के साथ-साथ राज्यसभा से भी इस्तीफा दे दिया है। सुखेंदु शेखर की ओर से बयान जारी कर कहा, "हाल ही में हुए चुनावों में बंगाल के मतदाताओं ने 15 वर्षों से सत्ता में रही तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर पूर्ण अविश्वास व्यक्त किया। मतदाताओं ने पार्टी के व्यापक भ्रष्टाचार, महिलाओं पर हो रहे घोर दमन और शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, रोजगार और कानून व्यवस्था सहित सभी क्षेत्रों में फैली घोर विफलता और अराजकता को नकार दिया।"

सुखेंदु शेखर ने आगे कहा, "जनता ने बंगाल के इतिहास में पहली बार भाजपा को भारी बहुमत से विजयी बनाया है। नव निर्वाचित जन सरकार ने अपने घोषित चुनावी घोषणापत्र के अनुसार बंगाल के समग्र विकास और पुनर्निर्माण के उद्देश्य से कई कार्यक्रमों को लागू करने का कार्य शुरू कर दिया है। जनता के इस ऐतिहासिक फैसले को स्वीकार करते हुए, मैं तृणमूल कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देता हूं। इसके पहले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राज्य सचिव मोहम्मद अजमल सिद्दीकी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। आईएएनएस से बातचीत के दौरान अजमल सिद्दीकी ने कहा, "इस्तीफा देने के बाद मैं बहुत स्वतंत्र महसूस कर रहा हूं। अब मैं काफी हल्का और आराम महसूस कर रहा हूं।"

उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी के भीतर अल्पसंख्यक समुदाय के हितों के लिए काम करने की कोई वास्तविक गुंजाइश नहीं है। उनके अनुसार, "यहां अल्पसंख्यकों के लिए कोई काम करने नहीं दिया जाता। उनके लिए कोई ठोस काम भी नहीं होता, सिर्फ लॉलीपॉप दिया जाता है। यही वजह है कि मैं इस पद पर नहीं रहना चाहता था।" अजमल सिद्दीकी ने कहा, "लोगों को धमकाया गया और उनका इस्तेमाल किया गया, लेकिन मुझे सुवेंदु अधिकारी से उम्मीद है कि वह हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों को साथ लेकर चलेंगे और बंगाल को सही दिशा में आगे बढ़ाएंगे।"अजमल सिद्दीकी ने दावा किया कि वर्ष 2015-16 में उन पर टीएमसी में शामिल होने का दबाव बनाया गया था। उन्होंने कहा, "हम व्यवसाय कर रहे थे। अभिषेक बनर्जी की ओर से बिनॉय मिश्रा ने हमसे पैसे मांगे। हमने पैसे नहीं दिए तो हमारे खिलाफ झूठा मामला दर्ज कर दिया गया। इसके बाद हमें सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट से जमानत लेनी पड़ी थी।

### 20+ सांसदों का अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र, बनेगी नई पार्टी ?



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 20 से अधिक सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर पार्टी के भीतर चल रही कलह की अटकलों को और तेज कर दिया है। खबरों के मुताबिक, ये सांसद एक अलग गुट या यहां तक कि एक नया राजनीतिक दल बनाने पर विचार कर रहे हैं, क्योंकि इसके लिए पर्याप्त संख्या में सांसद मौजूद हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि लोकसभा में टीएमसी का एक अलग ब्लॉक जल्द ही बन सकता है, हालांकि अंतिम निर्णय उचित समय पर लिया जाएगा।

**सुखेंदु रॉय के इस्तीफे से राजनीतिक हलचल मच गई**

टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी को लिखे अपने इस्तीफे पत्र में सुखेंदु शेखर रॉय ने पार्टी पर तीखा हमला करते हुए उस पर "व्यापक भ्रष्टाचार, महिलाओं पर घोर अत्याचार और शासन में पूर्ण विफलता" का आरोप लगाया। उन्होंने पश्चिम बंगाल में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, उद्योग, रोजगार और कानून व्यवस्था का भी जिक्र किया।

#### ममता बनर्जी के लिए मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं



राजनीतिक उथल-पुथल ऐसे समय में सामने आई है जब पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर पार्टी के भीतर असहमति के संकेतों को लेकर दबाव बढ़ता जा रहा है। वरिष्ठ टीएमसी नेता सुखेन्दु शेखर रॉय के पार्टी से इस्तीफा देने के बाद स्थिति और बिगड़ गई, जिसके चलते नई दिल्ली में बैठकों और राजनीतिक गठबंधनों की एक श्रृंखला शुरू हुई, जो अब एक बड़े विवाद में तब्दील हो गई है। सांसदों ने सबसे पहले सुखेन्दु रॉय से मुलाकात की, उसके बाद दिल्ली में महत्वपूर्ण बैठकें हुईं।सूत्रों के अनुसार, लगभग 13 टीएमसी लोकसभा सांसदों ने सबसे पहले दिल्ली में सुखेन्दु शेखर रॉय से मुलाकात की, जिससे पार्टी के भीतर संभावित पुनर्गठन की अटकलें तुरंत तेज हो गईं। इसके तुरंत बाद, सांसदों के इसी समूह ने कथित तौर पर केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेंद्र यादव से मुलाकात की।

## दृष्टिपात

### श्रीनगर में ड्रग तस्करी से जुड़ी 4 करोड़ की संपत्तियां जब्त



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'नशामुक्त जम्मू-कश्मीर अभियान' के तहत श्रीनगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो कथित ड्रग तस्करों की करीब चार करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्तियां जब्त की हैं। यह कार्रवाई नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट, 1985 के प्रावधानों के तहत की गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ड्रग तस्करी के खिलाफ जारी अभियान के तहत संगम पुलिस स्टेशन ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के अंतर्गत दर्ज एफआईआर संख्या 14/2026 की जांच के दौरान गुलाम अहमद डार की संपत्तियों को जब्त किया। जब्त की गई संपत्तियों का अनुमानित मूल्य लगभग तीन करोड़ रुपये बताया गया है। इन संपत्तियों में एक रिहायशी मकान, भूमि का एक हिस्सा और कई व्यावसायिक दुकानें शामिल हैं। जांच के दौरान पुलिस को ऐसे साक्ष्य मिले, जिनके आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया कि इन संपत्तियों को नशीले पदार्थों की तस्करी से अर्जित अवैध आय के माध्यम से हासिल किया गया था। इसके बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए संपत्तियों को जब्त कर लिया गया। एक अन्य मामले में पुलिस स्टेशन नवाहट्टा ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत दर्ज एफआईआर संख्या 09/2018 के संबंध में मोहम्मद शफी शेख की लगभग एक करोड़ रुपए मूल्य की रिहायशी संपत्ति को जब्त किया। मोहम्मद शफी शेख, स्वर्गीय मोहम्मद सुभान शेख के पुत्र हैं। पुलिस जांच में इस संपत्ति को भी मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित अवैध संपत्ति के रूप में चिन्हित किया गया था।

### आस्था स्थल पर शर्मनाक घटना, हर की पौड़ी में महिला से मारपीट का वीडियो वायरल



**हरिद्वार।** धर्मनगरी उत्तराखंड के पवित्र शहर हरिद्वार के विश्व प्रसिद्ध हर की पौड़ी क्षेत्र से सामने आया मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसने लोगों को हैरान कर दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में एक युवक और महिला के बीच तीखी बहस होती दिखाई दे रही है। मामले को लेकर आरोप है कि बहस के दौरान युवक ने महिला को थप्पड़ मार दिया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर कहासुनी और धक्का-मुक्की हुई। वीडियो में महिला पुलिस बुलाकर कार्रवाई कराने की बात कहती सुनाई दे रही है। महिला का आरोप है कि मारपीट करने वाला युवक खुद को गंगा सभा का कर्मचारी बता रहा था। पीड़ित महिला ने संबंधित युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। महिला का कहना है कि वह पिछले 15 दिनों से हरिद्वार में रहकर पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठान कर रही है। ऐसे में आस्था और श्रद्धा के सबसे बड़े केंद्रों में शुमार हर की पौड़ी से इस तरह की घटना सामने आना कई सवाल खड़े कर रहा है। करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े इस स्थल पर हुई मारपीट की घटना ने लोगों को भी चिंतित किया है। अब देखना होगा कि पुलिस जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं और दोषियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है। वहीं, मामले को लेकर पीड़िता क्रांति गुप्ता ने सोमवार को आईएएनएस से बात करते हुए बताया कि वह ग्रोथ सेंटर, बिजौली, थाना-बदलीनायक, जिला-झांसी, उत्तर प्रदेश से 15 मई को यहां आई थी।

### जब तक कांग्रेस नेतृत्व करेगी तब तक इंडिया गठबंधन का कोई भविष्य नहीं : भारती

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती ने कहा कि कांग्रेस इंडिया ब्लॉक के नेतृत्व को संभालने में विफल रही है। उन्होंने दावा किया कि जब तक कांग्रेस नेतृत्व करेगी तब तक इंडिया गठबंधन का कोई भविष्य नहीं है। आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती ने आईएएनएस से कहा, "भारतीय गठबंधन एक मिशन के लिए बनाया गया था। जिस तरह भाजपा ने एनडीए बनाया, उसी तरह हमने इंडिया गठबंधन बनाया था। लेकिन हर गठबंधन का एक धर्म होता है। धर्म यह है कि जो अंदर है, वही बाहर भी दिखना चाहिए। सार्वजनिक रूप से कहा गया था कि हम एक गठबंधन के रूप में लड़ेंगे और एक-दूसरे का समर्थन करेंगे, लेकिन पर्दे के पीछे कांग्रेस भाजपा का साथ देती नजर आ रही थी।" सोमनाथ भारती ने आगे कहा, "लोकसभा चुनाव के दौरान दिल्ली में 4-3 का फार्मूला तय हुआ था। जो 3 सीटें कांग्रेस को मिलीं, उनके लिए अरविंद केजरीवाल ने खुलकर प्रचार किया। वहीं, जो 4 सीटें आम आदमी पार्टी को मिलीं, उनके लिए राहुल गांधी सहित कांग्रेस का कोई नेता वोट मांगने नहीं पहुंचा। ऐसे में यह कैसा गठबंधन है? दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान तो खुलकर बात सामने आ गई जब शून्य सीट जीतने के बाद कहा कि आम आदमी पार्टी हार गई। इससे बड़ा प्रमाण क्या होगा कि कांग्रेस को गठबंधन धर्म निभाना नहीं आता है?" सोमनाथ भारती ने आरोप लगाया कि जब राहुल गांधी वोट चोरी की बात करते हैं तो दिल्ली को छोड़ देते हैं। जब तक इंडिया गंठबंधन का कांग्रेस नेतृत्व करेगी, तब तक इस गठबंधन का कोई भविष्य नहीं है। इसके पहले सोमनाथ भारती ने कहा था कि कांग्रेस का रवैया ऐसा है कि वह चाहती है कि राजनीति केवल भाजपा और कांग्रेस के बीच सीमित रह जाए और अन्य दल खत्म हो जाएं, ताकि भविष्य में दोनों के बीच बारी-बारी से सत्ता चलती रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस तरह कांग्रेस ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ व्यवहार किया, उसी तरह पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के साथ भी किया।

# विशाखापट्टनम स्टील प्लांट में हादसा, 8 मजदूरों की मौत



**एजेंसी। विशाखापट्टनम**

- 1600°C पर पिघला गर्म लोहा क्रेन से ले जा रहे थे, बैलेंस बिगड़ने से उन पर ही गिरा

आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम स्थित स्टील प्लांट में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। प्लांट में करीब 1600C तापमान वाला पिघला हुआ लोहा (मोल्टन आयरन) मजदूरों पर गिर गया। हादसे में 8 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक, प्लांट में क्रेन की मदद से एक बड़े बकेट में पिघला हुआ लोहा एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान बकेट का संतुलन बिगड़ गया और उसमें भरा गर्म लोहा नीचे काम कर रहे कर्मचारियों पर गिर गया।हादसा राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (RINL) के स्टील प्लांट में हुआ। हादसे के बाद प्लांट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। राहत और बचाव दल ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया।अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पता लगाया जा रहा है कि कही दुर्घटना की वजह तकनीकी खराबी या सुरक्षा मानकों में किसी तरह की चूक तो नहीं हुई।

**बातचीत** मध्य प्रदेश के इंदौर में मंगलवार से शुरू होगी ब्रिक्स देशों की बैठक

# 20 देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

- पशुपालन और मत्स्य पालन से जुड़े मुद्दों पर मंथन

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश के इंदौर में मंगलवार, 09 जून से ब्रिक्स देशों के एग्रीकल्चर वर्किंग ग्रुप एवं कृषि मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक शुरू हो रही है। आगामी 13 जून तक चलने वाली इस बैठक में 20 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। भारत इस साल ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है।

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को मीडिया से बातचीत करते हुए आयोजन को लेकर विस्तृत रुपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि तय कार्यक्रम के मुताबिक 9 से 11 जून तक कृषि कार्य समूह की बैठकें होंगी और इसके बाद 12 से 13 जून को मुख्य कृषि मंत्रियों की बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान खाद्य हानि को कम करने, पशुपालन, मत्स्य पालन और किसानों के अधिकारों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी गंभीर मंथन होगा। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने बताया कि ब्रिक्स की शुरुआत 2006 में हुई थी और आज 11 सदस्य देशों व 10 साझेदार देशों के साथ यह विश्व के सबसे प्रभावशाली समूहों में से एक बन गया है। भारत की अध्यक्षता में अब तक ब्रिक्स कृषि कार्य समूह की लगभग आठ बैठकें हो चुकी हैं। इन बैठकों में खाद्य सुरक्षा, मत्स्य पालन, पशुपालन सहित कृषि से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के लिए यह अत्यंत गौरव और प्रसन्नता का विषय है कि इंदौर में ब्रिक्स देशों के एग्रीकल्चर वर्किंग ग्रुप एवं कृषि मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हो रही है। इस बार यह सम्मेलन इसलिए भी खास है, क्योंकि पहली बार ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की यह बैठक मंत्री स्तर पर आयोजित की जा रही है, जिसमें सदस्य और साझेदार देशों सहित लगभग 20 देशों के प्रतिनिधि शामिल होने जा रहे हैं।



### जलवायु चुनौतियों से निपटने को नवाचार पर फोकस

केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि इस वर्ष के आयोजन में छोटे और सीमांत किसान हमारी हर नीति और सहयोग के केंद्र में रहेंगे। कृषि विकास का वास्तविक अर्थ तभी सिद्ध होगा जब किसानों की आय बढ़ेगी और उनकी आजीविका सुरक्षित होगी। इस बार मुख्य रुप से चार विषयों- खाद्य सुरक्षा, पोषण एवं आजीविका; कृषि व्यापार एवं सहयोग; जलवायु अनुकूलन एवं सतत कृषि; तथा कृषि एवं खाद्य प्रणालियों में नवाचार व साझेदारी को सशक्त बनाने पर विशेष काम किया जा रहा है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन की वैश्विक चुनौती पर बात करते हुए कहा कि पुनर्योजी कृषि, सतत पद्धतियों और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी आधुनिक तकनीकों को छोटे किसानों तक पहुँचाने के साथ ही कृषि के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए महिलाओं और युवाओं के नेतृत्व को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी सिलसिले में 12 जून को "लघु किसानों, महिलाओं एवं युवाओं के माध्यम से भविष्य की खाद्य सुरक्षा" विषय पर एक विशेष मंत्री स्तरीय संवाद भी होगा।

# अरबिंदो लायंस ने जीता अंडर-12 क्रिकेट खिताब, हर्ष गुप्ता बने मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची। अरबिंदो** सोसाइटी के तत्वावधान में युवा खिलाड़ियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से औरोबिंदो परिसर में अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में राज कुमार पाठक का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिता में अरबिंदो लायंस तथा अरबिंदो टाइगर्स के बीच 20-20 ओवर का रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें औरोबिंदो लायंस ने 10 रन से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अरबिंदो लायंस ने निर्धारित 20 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 79 रन बनाए। टीम की ओर से सम्राट रणवीर पाठक ने सर्वाधिक रन बनाकर पारी को संभाला और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। 80 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अरबिंदो टाइगर्स की टीम की ओर से अर्नव सिंह ने सर्वाधिक 14 रन बनाए, लेकिन लायंस के गेंदबाज हर्ष गुप्ता, यश और अर्नव ओझा की सटीक गेंदबाजी के सामने पूरी टीम 69 रन पर सिमट गई। इस तरह औरोबिंदो लायंस ने मुकाबला 10 रन से जीत लिया। पूरे मैच के दौरान मैदान में दर्शकों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों की अच्छी उपस्थिति रही। खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय नवीन मेल के कार्यकारी संपादक सुनील सिंह 'बादल' तथा अरबिंदो सोसाइटी के सचिव रमेश सिंह उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने खिलाड़ियों को खेलों के महत्व से अवगत कराते हुए नियमित अभ्यास और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी भोला प्रताप सिंह, प्रमोद सिंह, समाजसेवी दीपक ओझा, दया पांडेय, राहुल पाठक, अनिकेत सहाय, रविश कुमार तथा प्रशिक्षक आशीष कुमार मौजूद रहे। भोला प्रताप सिंह ने मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को अपनी ओर से एक हजार रुपये की नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान की, जबकि राज कुमार पाठक ने उपविजेता टीम को 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के समापन पर दोनों टीमों के खिलाड़ियों को पदक एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।



### व्यक्तिगत पुरस्कार

- सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज : अर्नव सिंह
- सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज : अर्नव कुमार
- सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक : सम्राट रणवीर पाठक
- मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी : हर्ष गुप्ता
- सर्वश्रेष्ठ कैच पुरस्कार : हृत्विक कुमार








## टेस्ट इतिहास में टीम इंडिया की सबसे बड़ी जीत

# अफगानिस्तान को पारी और 300 रन से हराया

**एजेंसी । न्यू चंडीगढ़**

भारत ने न्यू चंडीगढ़ में खेले गए टेस्ट मैच में अफगानिस्तान को पारी और 300 रन से हरा दिया। यह टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम की अब तक की सबसे बड़ी जीत है। भारत की पिछली सबसे बड़ी जीत पारी और 272 रन के अंतर से थी। जो 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ राजकोट में मिली थी। मैच के तीसरे दिन अफगानिस्तान की टीम दूसरी पारी में 112 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी 564/8 के स्कोर पर घोषित कर दी थी। इसके जवाब में अफगानिस्तान की पहली पारी 152 रन पर सिमट गई थी और उसे फॉलोऑन खेलना पड़ा। अफगानिस्तान की दूसरी पारी में वॉशिंगटन सुंदर ने 4 और कुलदीप यादव ने 3 विकेट लिए। डेब्यू मैच खेल रहे मानव सुथार और मोहम्मद सिराज ने 1-1 विकेट लिया। सुथार ने अफगानिस्तान की पहली पारी में 6 विकेट लिए थे। इस तरह उन्होंने मैच में 7 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।




1. **भारत ने वेस्टइंडीज को पीछे छोड़ा :** भारतीय टीम ने टेस्ट क्रिकेट में 599 मैचों में 186वीं जीत हासिल की है। भारत ने सबसे ज्यादा टेस्ट मैच जीतने के मामले में वेस्टइंडीज को पीछे छोड़ दिया है। वेस्टइंडीज के नाम 592 मैचों में 185 जीत है। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका भारत से आगे हैं।
2. **एशियाई टीमों में दूसरी सबसे बड़ी जीत :** भारत की पारी और 300 रन की जीत एशियाई टीमों में दूसरी सबसे बड़ी जीत बन गई। इससे बड़ी जीत केवल पाकिस्तान ने 2002 में लाहौर टेस्ट में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ पारी और 324 रन से दर्ज की थी।
3. **अफगानिस्तान की सबसे बड़ी टेस्ट हार :** अफगानिस्तान को टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ी हार मिली। इससे पहले 2018 में भारत ने ही बेंगलुरु में पारी और 262 रन से हराया था। दूसरी पारी में अफगानिस्तान 112 रन पर सिमट गया। यह टेस्ट क्रिकेट में उसका तीसरा सबसे कम स्कोर है। इससे पहले टीम 2018 में भारत के खिलाफ 103 और 109 रन पर ऑलआउट हुई थी।

# सेपक टकरा ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का हुआ सफल समापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** रांची के जयपाल सिंह स्टेडियम में आयोजित सेपक टकरा ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह प्रशिक्षण शिविर दिनांक 31 मई से 7 जून 2026 तक आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण शिविर में रांची जिला के कई खिलाड़ियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

**शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ी इस प्रकार रहे**

विवेक महतो,आशीष खलखो,मोहित,खुड़िया पाहन,अभय लोहरा,शुभम, अंकित, जीत, अविनाशआनंद, प्रिंस, प्रफुल्ल,गोपाल, प्रतीक, सत्यम। शिविर में खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय रेफरी सह कोच श्री अमरेंद्र दत्त द्विवेदी द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल की तकनीकी बारीकियों, फिटनेस एवं प्रतिस्पर्धात्मक तैयारी के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया। समापन समारोह के अवसर पर सेपक टकरा एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री उदय साहू, उपाध्यक्ष श्री विभूति भूषण अमर एवं सचिव श्री शिवेंद्र दुबे उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जापान में अंपायर के रूप में इतिहास रचकर लौटीं झारखंड की बेटी नीतू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड के लिए गर्व का पल। जापान में आयोजित अंडर-18 एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में अंपायरिंग कर लौटीं रांची की बेटी नीतू कुमारी का मंगलवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची में जोरदार स्वागत किया गया। नीतू कुमारी ने 29 मई से 06 जून 2026 तक जापान के काकामीगाहारा में हुए अंडर-18 एशिया कप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहली बार अंपायरिंग की। इसी के साथ वह झारखंड की दूसरी और देश की उभरती महिला अंतरराष्ट्रीय हॉकी अंपायर बन गई हैं। रांची के हरदाग निवासी नीतू की यह उपलब्धि राज्य



के हॉकी प्रेमियों के लिए बड़ी प्रेरणा है। एयरपोर्ट पर नीतू के पहुंचते ही माहौल उत्साह से भर गया। हॉकी झारखंड की कोषाध्यक्ष और राज्य की प्रथम महिला अंतरराष्ट्रीय अंपायर आश्रिता लकड़ा, सलोमी गुडिया, विनय जी, नीतू की माता दुलारी टोपनो और कई खेल प्रेमियों ने उन्हें बुके देकर और माला पहनाकर सम्मानित किया।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# जन धन खातों की संख्या 58.15 करोड़ पहुंची जमा राशि 3 लाख करोड़ रु के पार: सरकार


**एजेंसी । नई दिल्ली**

### आयुष्मान भारत से स्वास्थ्य सुरक्षा मजबूत




- आयुष्मान भारत कार्डों की संख्या 44 करोड़ तक पहुंची
- योजना के तहत 12 करोड़ परिवारों को लाभ मिल रहा है
- प्रत्येक पात्र परिवार को 5 लाख रुपए वार्षिक स्वास्थ्य बीमा कवर उपलब्ध है
- आयुष्मान भारत योजना देश की लगभग 40 प्रतिशत आबादी को कवर करती है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की पिछले 12 वर्षों की पहलों ने वित्तीय समावेशन, स्वास्थ्य सेवा, आवास, नल से जल, स्वच्छ ईंधन और सामाजिक सुरक्षा जैसी सुविधाओं तक लोगों की पहुंच को कई गुना बढ़ाया है। यह जानकारी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कार्यालय द्वारा सोमवार को जारी एक फैक्टशीट में दी गई। फैक्टशीट के अनुसार, देश भर में गरीबों के लिए खोले गए जन धन बैंक खातों की संख्या बढ़कर 58.15 करोड़ हो गई है। इन खातों में कुल जमा राशि भी बढ़कर 3 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई है, जो इस योजना की सफलता को दर्शाती है। प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में खोले गए ये खाते दुनिया के सबसे बड़े वित्तीय समावेशन अभियान के रूप में देखे जाते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के मुताबिक, जन धन खातों में से 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के नाम पर हैं। फैक्टशीट में कहा गया है कि जन धन योजना, आधार और मोबाइल को मिलाकर बनी "जेएएम ट्रिनिटी" ने देश में वित्तीय समावेशन को नई गति दी है। इस व्यवस्था के जरिए यह सुनिश्चित किया गया है कि सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी रिसाव (लीकेज) के सीधे पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे। बयान में बताया गया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत जारी आयुष्मान भारत कार्डों की संख्या 44 करोड़ तक पहुंच गई है। यह योजना 12 करोड़ परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करती है, जो कि देश की तकरीबन 40 प्रतिशत आबादी को कवर करती है। इसके अलावा, मार्च 2024 में लगभग 37 लाख आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के परिवारों को भी इस योजना में शामिल किया गया। बाद में इस योजना का विस्तार करते हुए 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को भी इसमें शामिल किया गया। ये लाभार्थी लगभग 4.5 करोड़ परिवारों से आते हैं।




# कल्याणकारी योजनाओं से 12 वर्षों में करीब 25 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले : सरकार

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि पिछले 12 वर्षों में कल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा उपायों के विस्तार के कारण देश में करीब 25 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकलने में सफल हुए हैं। सरकार ने नल से जल, खुले में शौच से मुक्ति, स्वास्थ्य सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और प्राथमिक शिक्षा में लड़कियों के नामांकन जैसे क्षेत्रों में हुई प्रगति को इस उपलब्धि का प्रमुख आधार बताया है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, अगस्त 2019 में ग्रामीण भारत के 3.23 करोड़ घरों तक ही नल के माध्यम से पानी पहुंचता था, जो मई 2026 तक बढ़कर 15.84 करोड़ घरों तक पहुंच गया। 'हर घर जल' अभियान के तहत अब तक 2.77 लाख गांवों में 100 प्रतिशत नल जल कवरेज हासिल की जा चुकी है। इसके साथ ही देश में घरेलू नल जल कवरेज बढ़कर 81.87 प्रतिशत हो गई है। सरकार ने बताया कि पिछले वर्षों में 12.11 करोड़ से अधिक घरेलू शौचालयों का निर्माण किया गया है।

# वैश्विक तनावों के चलते गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 719 अंक लुढ़का

**एजेंसी । मुंबई**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के चलते हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार गिरावट



के साथ लाल निशान में बंद हुआ। इस दौरान घरेलू बाजार के प्रमुख बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी 50 में 1 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई। बाजार बंद होने के समय 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 719.08 अंकों यानी 0.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,524.26 पर बंद हुआ, तो वहीं निफ्टी 243.70 (1.04 प्रतिशत) अंक गिरकर 23,123 पर पहुंच गया। व्यापक बाजार का प्रदर्शन प्रमुख बेंचमार्कों से खराब रहा। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में 1.40 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 1.92 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, सेक्टरवार देखें तो निफ्टी रियल्टी (2.56 प्रतिशत), निफ्टी मेटल (2.33 प्रतिशत) और निफ्टी ऑटो (1.85 प्रतिशत) में सबसे ज्यादा गिरावट देखने को मिली। इसके साथ ही, निफ्टी मीडिया, निफ्टी ऑयल एंड गैस, निफ्टी आईटी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज और निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 1 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी 50 पैक में सिर्फ 9 शेयरों में बढ़त दर्ज की गई, जबकि अन्य सभी शेयर लाल निशान में ट्रेड करते नजर आए। मैक्स हेल्थ, पावरग्रिड, भारती एयरटेल, बीईएल, नेस्ले इंडिया और टेक महिंद्रा के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी देखने को मिली, जबकि विप्रो (8.4 प्रतिशत की गिरावट), जियो फाइनेंस, इटरनल, हिंडाल्को और श्री राम फाइनेंस के शेयरों में 3.6 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली। खबरों के मुताबिक, ईरान ने इजरायल पर मिसाइलें दागीं, जिससे वाशिंगटन और तेहरान के बीच शांति समझौते की उम्मीदों पर पानी फिर गया और साथ ही युद्धविराम की स्थिति को लेकर चिंताएं बढ़ गईं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोल सेक्टर में हुए कई सुधार : जी किशन रेड्डी

**एजेंसी । हैदराबाद**

केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल के



शासनकाल में कोल और माइनिंग के सेक्टर में कई बड़े सुधार हुए हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम देखने को अब मिल रहे हैं। उन्होंने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आज से 12 साल पहले हमें कोयले की कमी देखने को मिलती थी। अवैध तरीके से कोयला आवंटित किया जाता था। इसके अलावा, कोयला घोटाले की भी खबरें हमें देखने को मिलती थी। लेकिन, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल कोल सेक्टर में कई तरह के सुधार देखने को मिल रहे हैं। आज आपको इस तरह की खबरें सुनने को नहीं मिलेंगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 124 कोल ब्लाक को सस्पेंड किया गया है। पारदर्शिता के साथ आज 420 कोल ब्लाक का प्रोडक्शन शुरू भी हो चुका है। आज 1 हजार बिलियन टन कोल का प्रोडेक्शन प्रतिवर्ष हो रहा है। यह आजादी के बाद हमारा सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। आज की तारीख में पांच लाख लोग डायरेक्ट कोल सेक्टर में काम कर रहे हैं और 25 लाख लोग इनडायरेक्ट काम कर रहे हैं। माइनिंग सेक्टर में 50 लाख लोग काम कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम दूसरा ऐसा देश बन गए हैं, जो सबसे ज्यादा कोल प्रोडेक्शन कर रहे हैं।

# अर्जेंटीना की पहली एलएनजी निर्यात परियोजना में अदाणी की अहम भूमिका

**एजेंसी । अहमदाबाद**

अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने सोमवार को कहा कि उसे अर्जेंटीना की पहली द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) निर्यात परियोजना के लिए 10 साल का समुद्री सेवा अनुबंध (कॉन्ट्रैक्ट) मिला है। इस उपलब्धि के साथ कंपनी ने दक्षिण अमेरिका में अपना प्रवेश कर लिया है और अंतरराष्ट्रीय समुद्री सेवाओं के क्षेत्र में अपनी मौजूदगी को और मजबूत किया है। साथ ही इससे भारत और अर्जेंटीना के बीच बढ़ते ऊर्जा संबंधों को भी मजबूती मिलेगी। भारत की सबसे बड़ी एकीकृत परिवहन उपयोगिता कंपनी ने बताया कि यह कॉन्ट्रैक्ट उसकी स्टेप-डाउन सहायक कंपनी अदाणी हार्बर इंटरनेशनल एफजेडसीओ को अर्जेंटीना की मेरिडियन



ग्रुप के साथ गठित एक कंसोर्टियम के माध्यम से मिला है, जो सदर्न एनर्जी एसए द्वारा आयोजित वैश्विक प्रतिस्पर्धी निविदा प्रक्रिया के बाद किया गया। अदाणी समूह और मेरिडियन ग्रुप का यह कंसोर्टियम सदर्न एनर्जी एफएलएनजी परियोजना के लिए समुद्री सेवाएं उपलब्ध कराएगा। इस परियोजना में लगभग 7 करोड़ डॉलर (70 मिलियन डॉलर) के निवेश की प्रतिबद्धता शामिल है। परियोजना के पहले चरण में हर साल 2.45 मिलियन टन (एमटी) एलएनजी उत्पादन होने की उम्मीद है।

# लूटकांड का 48 घंटे में खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार, दो नाबालिग निरुद्ध

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र में हुई लूटपाट की एक घटना का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर उद्भेदन करने का दावा किया है। मामले में दो वयस्क आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि दो विधि-विरुद्ध बालकों को निरुद्ध कर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 4 जून की रात लगभग 2:30 बजे मालवरिया बस्ती के समीप एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को रोककर उसके साथ मारपीट की गई थी। इसके बाद उसकी मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन छीन लिए गए थे। पीड़ित के आवेदन पर हुसैनाबाद थाना में मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ हुसैनाबाद के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। जांच के क्रम में पुलिस ने उज्ज्वल कुमार उपाध्याय (20) एवं वसीम अख्तर (21) को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार वसीम अख्तर के घर से लूटी गई हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल तथा उज्ज्वल उपाध्याय के घर से मोबाइल फोन बरामद किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में सभी आरोपितों के एक ही गांव के निवासी और आपस में परिचित होने की जानकारी मिली है। छापेमारी दल में एसडीपीओ दिव्यांश शुक्ला, थाना प्रभारी चंदन कुमार, मुकेश कुमार सिंह, रमण यादव सहित पुलिस बल के अन्य जवान शामिल थे।

### सुनसान मार्गों पर सतर्क रहने व संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने की अपील

पुलिस ने लोगों से रात के समय सुनसान मार्गों पर यात्रा के दौरान सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

## हज यात्रा से लौटे जायरीनों का हैदरनगर स्टेशन पर स्वागत

**हैदरनगर।** हज यात्रा से लौटे स्थानीय जायरीनों का बुधवार को हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग स्टेशन पहुंचे और फूल-मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया। हज यात्रा से लौटने वालों में मस्जिद मुहल्ला निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक अब्दुल रहीम एवं उनकी धर्मपत्नी शामिल थे। स्वागत समारोह के दौरान लोगों ने विभिन्न नारे लगाए तथा एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। समाजसेवी डॉ. अमीनुल हक अंसारी, नुरुल्ला खान, शंकर ठाकुर, सफीर अहमद सहित अन्य लोगों ने कहा कि क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की परंपरा कायम है। हाजी अब्दुल रहीम ने स्वागत के लिए सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कादल फीडर का ट्रांसफार्मर जला कई गांवों में बिजली आपूर्ति प्रभावित

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित विद्युत सब स्टेशन के कादल फीडर का 3 एमवीए ट्रांसफार्मर जल जाने से दक्षिणी क्षेत्र के कई गांवों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई है। ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद संबंधित क्षेत्रों में अनियमित बिजली आपूर्ति की जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि वर्तमान में सब स्टेशन के एकमात्र कार्यरत ट्रांसफार्मर के माध्यम से कादल एवं मोहम्मदगंज फीडर से जुड़े गांवों को बारी-बारी से बिजली आपूर्ति की जा रही है। इसका असर घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ कृषि कार्यों पर भी पड़ रहा है। किसानों के अनुसार गर्मा फसल एवं सब्जियों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। इस संबंध में सहायक विद्युत अभियंता रामप्रसाद महतो ने बताया कि शनिवार को कादल फीडर का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। नया ट्रांसफार्मर लगाने की विभागीय प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एक ट्रांसफार्मर से सभी क्षेत्रों को क्रमवार बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। यदि सब कुछ निर्धारित योजना के अनुसार रहा तो मंगलवार तक नियमित आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जाएगा।

## तालाब और सड़कों पर निर्माण कार्य का कांग्रेस-सीपीआई ने किया विरोध

- नावाटोली सैंडर्श तालाब और मुख्य मार्गों का निरीक्षण कर निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र में तालाब और मुख्य सड़कों पर कराए जा रहे निर्माण कार्यों को लेकर कांग्रेस और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) ने कड़ी आपत्ति जताई है। सोमवार को कांग्रेस की पलामू जिलाध्यक्ष विमला कुमारी, कांग्रेस नेता राजेश चौरसिया तथा सीपीआई के वरिष्ठ नेता केडी सिंह ने विभिन्न निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर नगर निगम प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए। निरीक्षण के दौरान नेताओं ने आरोप लगाया कि शहर के नावाटोली स्थित सैंडर्श तालाब की भूमि पर अतिक्रमण कर मार्केट कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जा रहा है। उनका कहना था कि निर्माण कार्य के कारण तालाब के प्राकृतिक जल निकासी मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं, जिससे बरसात के दौरान आसपास के मोहल्लों में जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। नेताओं ने आशंका जताई कि जल निकासी बाधित रहने से भारी बारिश के दौरान तालाब का पानी आसपास के घरों में प्रवेश कर सकता है। साथ ही अत्यधिक वर्षा की स्थिति में तालाब के बांध पर भी दबाव बढ़ने से उसके क्षतिग्रस्त होने का खतरा बना रहेगा। कांग्रेस और सीपीआई नेताओं ने कहा कि तालाब की आधे से अधिक भूमि पहले से ही अतिक्रमण की चपेट में है। ऐसे में तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराने के बजाय नगर निगम स्वयं वहां निर्माण कार्य कराकर जलस्रोतों के संरक्षण संबंधी नियमों की अनदेखी कर रहा है। उन्होंने कहा कि न्यायालयों द्वारा भी जलस्रोतों और सार्वजनिक सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष विमला कुमारी ने आरोप लगाया कि नगर निगम शहर में मनमाने ढंग से निर्माण कार्य करा रहा है। उन्होंने कहा कि रेडमा स्थित बिजली विभाग कार्यालय के समीप दुकान निर्माण के लिए नींव की खुदाई की गई है और निर्माण सामग्री जमा कर दी गई है, जबकि यह मार्ग पहले से ही यातायात दबाव और जाम की समस्या से जूझ रहा है।

## बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर बिट्टू पाठक ने दी श्रद्धांजलि

**मेदिनीनगर।** भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के राज्य सचिव बिट्टू पाठक ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के अधिकार, स्वाभिमान और अस्मिता के महान प्रतीक थे। बिट्टू पाठक ने कहा कि बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा तथा शोषण के विरुद्ध संघर्ष का जो संदेश दिया, वह आज भी प्रासंगिक है। उनका जीवन सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा और उनके आदर्श आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे। उनके बलिदान दिवस पर उनके विचारों को आत्मसात कर न्यायपूर्ण और समरस समाज के निर्माण का संकल्प लेना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में युवक की मौत, एक गंभीर घायल

**लातेहार।** सरयू प्रखंड के मनातू गांव के समीप सोमवार को दो बाइकों के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में प्लैटिना और सीडी डीलक्स बाइक सवार राम लोहरा एवं शंभू सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेजा गया। अस्पताल में उपचार के दौरान राम लोहरा की मौत हो गई, जबकि शंभू सिंह का इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार मृतक राम लोहरा सरयू प्रखंड की गणेशपुर पंचायत स्थित सेलारीटांड़ गांव के निवासी थे। वहीं घायल शंभू सिंह घासीटोला पंचायत के पीरी गांव के रहने वाले हैं। दुर्घटना में दोनों बाइकें भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।

### मंदेया नदी के संरक्षण और पुनर्जीवन को लेकर अभियान शुरू

## नगर पंचायत की ओर से संसाधन व कर्मियों की मिली सहायता

**नवीन मेल संवाददाता**



**छतरपुर (पलामू)।** नगर पंचायत क्षेत्र के परंपरागत जल स्रोतों के संरक्षण एवं ऐतिहासिक मंदेया नदी के पुनर्जीवन को लेकर स्थानीय स्तर पर अभियान शुरू किया गया है। इस पहल में नगर पंचायत, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों की भागीदारी देखी जा रही है। अभियान के तहत नदी की सफाई तथा अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में स्थानीय व्यवसायी एवं समाजसेवी रविशंकर सिंह उर्फ बबुआ जी द्वारा जेसीबी और पोकलेन मशीन उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दी गई है। वहीं नगर पंचायत की ओर से भी संसाधन और कर्मियों की सहायता प्रदान की जा रही है। अभियान में वार्ड पार्षद दीपक कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सेवक यादव, पत्रकार एवं समाजसेवी मित्तल सिंह सहित अन्य लोग भी सहयोग कर रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद गुप्ता उर्फ चुनमुन ने कहा कि जल स्रोतों का संरक्षण पर्यावरण संतुलन और जल संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उन्होंने नागरिकों से अभियान में सहयोग करने और जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। समाजसेवी रविशंकर सिंह ने भी प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण को सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए लोगों से सक्रिय भागीदारी की अपील की। नगर पंचायत ने नागरिकों से जल स्रोतों में कचरा नहीं फेंकने, अतिक्रमण रोकने और संरक्षण कार्यों में सहयोग करने का आग्रह किया है।

## पौधरोपण अभियान को मिली गति, जलसहियाएं निभा रहीं सक्रिय भूमिका

**हैदरनगर।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से हैदरनगर प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में पौधारोपण अभियान को गति दी जा रही है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रखंड वॉश समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि ने बताया कि सभी पंचायतों में पौधारोपण कार्य को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जलसहियाएं भी इस अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी निभा रही हैं। रिंकी देवी, आरती देवी, शबनम आरा, शहनाज परवीन, पिंकी देवी सहित अन्य जलसहियाएं पौधारोपण एवं जागरूकता गतिविधियों में योगदान दे रही हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा ने कहा कि मानसून के दौरान पौधारोपण अभियान को और व्यापक बनाया जाएगा।

## पेज एक के शेष

### धरती आबा बिरसा...

बिरसा ने भारतीय धर्मग्रंथों और दर्शन, अध्ययन के अलावा आयुर्वेदिक ज्ञान भी हासिल किया था। वे दिन-रात वनों में घूमकर जड़ी-बूटियां इकट्ठी करते, उनकी औषधियों को लेकर खोज करते और जरूरत पड़ने पर प्रयोग भी करते थे। कहते हैं कि बिरसा मुंडा ने आश्चर्यजनिक बुद्धि कौशल और मेहनत से औषधि विज्ञान में प्रगति की। वे बड़ी से बड़ी और पुरानी बीमारियों का इलाज करने की क्षमता प्राप्त कर चुके थे। यह कहा जाता है कि वर्ष 1895 में कुछ ऐसी अलौकिक घटनाएं घटीं, जिनके कारण लोग बिरसा मुंडा को भगवान का अवतार मानने लगे। बिरसा ने शोषित और पीड़ित आदिवासियों में ज्ञान और शक्ति की ज्योति जगाई। देश की आजादी के लिए घने जंगलों और बीहड़ों में आंदोलन चलाने वाले लोगों में बिरसा मुंडा अग्रणी रहे। आपसी फूट, गरीबी और जन संगठन का अभाव लोगों में था। इन हालातों को देखते हुए बिरसा मुंडा ने उरांव, मुंडा और खड़िया आदिवासियों के मुखियाओं से मिलने का सिलसिला शुरू किया था। वनवासियों के बीच अंग्रेजों के विरोध में सशस्त्र क्रांति की अलख जगाने के लिए बिरसा मुंडा ने बहुत बड़ा अभियान छेड़ा था। उन्होंने अपने साहस और संघर्ष से ब्रिटिश शासन को चुनौती दी और संघर्ष शुरू किया, जिसे 'उलगुलान' कहा जाता है। अंग्रेजी षड्यंत्रों को भलीभांति समझने वाले बिरसा मुंडा ने धार्मिक और राजनैतिक स्तर पर काम शुरू किया था। वर्ष 1898 में डोंबारी बुरु की पहाड़ियों पर एक विशाल सभा हुई। यहां ब्रिटिश पुलिस ने बिरसा मुंडा को गिरफ्तार करने का प्रयास किया, लेकिन गांव वालों की मदद से वह बच निकले। इसके बाद बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ अपने आंदोलन को रुकने नहीं दिया। फिर 24 दिसंबर 1899 को एक आंदोलन शुरू हुआ। तीरों से पुलिस थानों पर आक्रमण करके उनमें आग लगा दी गई। सेना से भी सीधी मुठभेड़ हुई, लेकिन तीर कमान गोलियों का सामना नहीं कर पाए। 9 जनवरी, 1900 को भगवान बिरसा मुंडा के नेतृत्व में डोंबारी बुरु पहाड़ी पर एकत्रित हजारों आदिवासियों पर ब्रिटिश सैनिकों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। इस हिंसक कार्रवाई में सैकड़ों लोग शहीद हुए, जिसके कारण इतिहास में यह घटना झारखंड का जलियांवाला बाग के नाम से दर्ज हुई। यह घटना तब हुई जब बिरसा मुंडा और उनके अनुयायी अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह की रणनीति बना रहे थे। ब्रिटिश सेना ने इस सभा की सूचना पाकर पहाड़ी को चारों ओर से घेर लिया और अचानक हमला बोल दिया। इस भीषण गोलीकांड के दौरान बिरसा मुंडा और उनके साथियों ने वीरतापूर्वक संघर्ष किया। आखिर में, बिरसा मुंडा उस घेराव से किसी तरह बच निकलने में सफल रहे। हालांकि, बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 9 जून 1900 को जेल में उनकी मृत्यु हो गई।

### जेएमएम के बैजनाथ...

परिमल ने किसी खास पार्टी से अलग निर्दलीय पर्चा भरा। उनकी रणनीति तो तब चौंकाई जब वे नामांकन दाखिल करने पहुंचे। उनके पहले सेट के प्रस्तावकों में बाबूलाल मरांडी खेमे के नेताओं के साथ नवीन जायसवाल, सत्येंद्र तिवारी, डॉ नीरा यादव, जर्नादन पासवान, सीपी सिंह, राज सिन्हा, निर्मल महतो और प्रकाश राम शामिल हैं। दूसरे सेट ने तो सारे समीकरण ही पलट दिए। चंपाई सोरेन और सरयू राय जैसे बड़े नाम उनके साथ खड़े हैं, और साथ में अमित यादव, नागेंद्र महतो, कुशवाहा शशि भूषण मेहता, मंजू कुमारी, रागिनी सिंह, पूर्णिमा साहू, देवेंद्र कुंवर और आलोक चौरसिया भी इस सूची में हैं। इस तरह दो सीटों के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में हैं। ज्ञात हो कि झारखंड में राज्यसभा चुनाव के लिए सोमवार (08 नवंबर) नामांकन का अंतिम दिन था।

**महागठबंधन ने दोनों सीटों पर जीत का दावा किया :** नामांकन के मौके पर महागठबंधन ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए दोनों सीटों पर जीत का दावा दोहराया। नामांकन से पहले गठबंधन के सभी नेता और विधायक एक साथ विधानसभा पहुंचे। राजनीतिक पर्यवेक्षक इसे राज्यसभा चुनाव से पहले शक्ति प्रदर्शन और विधायकों की एकजुटता का संदेश देने की कोशिश के रूप में देख रहे हैं। राज्यसभा चुनाव को लेकर पिछले कुछ दिनों से सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर उम्मीदवार चयन को लेकर चर्चा और मतभेद सामने आए थे। कांग्रेस द्वारा उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद झामुमो के कुछ नेताओं ने दोनों सीटों पर पार्टी का दावा जताया था। हालांकि, बाद में शीर्ष स्तर पर हुई बातचीत के बाद गठबंधन ने साझा रणनीति अपनाई और दोनों दलों के प्रत्याशियों के नाम पर सहमति बनी। इससे पहले, रविवार को मुख्यमंत्री आवास में हुई गठबंधन विधायकों की बैठक में भी बैजनाथ राम और प्रणव झा को संयुक्त रूप से समर्थन देने का फैसला लिया गया था। बैठक के बाद गठबंधन नेताओं ने दावा किया था कि उनके पास दोनों सीटों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संख्या बल मौजूद है। झामुमो और कांग्रेस नेताओं का कहना है कि गठबंधन के सभी विधायक एकजुट हैं और चुनाव में किसी प्रकार की क्रॉस वोटिंग की आशंका नहीं है। झारखंड सरकार में मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा, बहुत क्लियर कट है। हमारे प्रत्याशी बैद्यनाथ राम और प्रणव झा जी हैं। महागठबंधन के पास जीत के लिए पर्याप्त संख्या है। कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने कहा कि इंडिया अलायंस को कोई तोड़ नहीं सकता। इंडिया अलायंस के दोनों उम्मीदवारों को जीत हासिल होगी, यहां हॉर्स ट्रेडिंग नहीं चलेगी। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मीडिया विभाग के संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि यह नामांकन मात्र एक संवैधानिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि इंडिया गठबंधन की अटूट एकजुटता, साझा विचारधारा और झारखंड की जनता के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है।

**परिमल नथवानी ने एनडीए विधायकों के साथ की बैठक :** नामांकन के बाद परिमल नथवानी ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के कक्ष में एनडीए विधायकों के साथ बैठक की और उनसे सहयोग मांगा। इस बैठक में जदयू विधायक सरयू राय, लोजपा (रामविलास) के विधायक जनार्दन पासवान, आजसू विधायक तिवारी महतो के अलावा भाजपा के कई विधायक मौजूद थे। गढ़वा से भाजपा विधायक सत्येंद्र तिवारी ने कहा कि पार्टी ने यह तय किया है कि महागठबंधन के उम्मीदवार के विरोध में मतदान करना है और इसलिए निर्दलीय उम्मीदवार को समर्थन देने की बात की गई है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि इस चुनाव में एनडीए के सभी विधायक एकजुट हैं और अंतरात्मा की आवाज पर मतदान करेंगे।

### पुराना झारखंडी हूं...

उन्होंने कहा कि अपने पूर्व कार्यकाल के दौरान उन्होंने राज्य के विकास के लिए कई काम किए थे। उन्होंने विश्वास जताया कि विधायक उनके पिछले कार्यों को ध्यान में रखते हुए समर्थन देंगे। इस अवसर पर भाजपा विधायक दल के नेता एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा ने परिस्थितियों को देखते हुए परिमल नथवानी को समर्थन देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास राज्यसभा सीट जीतने के लिए पर्याप्त संख्या बल नहीं था, इसलिए व्यापक रणनीति के तहत नथवानी का समर्थन किया गया है। मरांडी ने कहा कि नथवानी एक 'टेस्टेड' व्यक्ति हैं और झारखंड उन्हें पहले भी राज्यसभा सदस्य के रूप में देख चुका है।

### आंकड़े पक्ष में...

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं राज्य की राजनीति में पहले भी देखी गई हैं। इसलिए इस बार सभी दलों और विधायकों को गठबंधन तथा पार्टी नेतृत्व के निर्देशों का पूरी निष्ठा से पालन करना चाहिए। महुआ माजी ने कहा कि इंडिया गठबंधन और उससे जुड़े दलों द्वारा जो भी दिशा-निर्देश जारी किए जाएं, उनका पालन सभी सदस्यों की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि चाहे जेएमएम हो या कांग्रेस, पार्टी के निर्वाचित प्रतिनिधियों को नेतृत्व के फैसलों का सम्मान करना चाहिए। यदि कोई सदस्य पार्टी लाइन से हटकर कार्य करता है, तो उसे राजनीतिक भाषा में 'हॉर्स ट्रेडिंग' कहा जाता है।

### राज्य सरकार के...

सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार की ओर से दाखिल जवाब को अपर्याप्त बताते हुए कहा कि प्रस्तुत जवाब मामले को टालने का प्रयास प्रतीत होता है। कोर्ट ने विशेष रूप से पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) द्वारा दाखिल शपथ-पत्रों पर नाराजगी जताई। अदालत ने सवाल उठाया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए अब तक मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट क्यों प्रस्तुत नहीं की गई। न्यायालय ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि डीजीपी इस मामले को केवल आईजी (कारा) स्तर का विषय बताकर अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकतीं। अदालत ने यह भी उल्लेख किया कि जैसे ही मामला न्यायालय के संज्ञान में आया, पीड़िता को तत्काल जमानत प्रदान कर दी गई थी। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि पीड़िता की मेडिकल बोर्ड रिपोर्ट अगली सुनवाई से पहले उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा, रांची के जुडिशियल कमिश्नर से न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा रही न्यायिक जांच (जुडिशियल इंक्वायरी) की रिपोर्ट भी मांगी गई है, ताकि मामले के तथ्यों की स्पष्ट जानकारी सामने आ सके। पिछली सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने अदालत को बताया था कि मामले की जांच के लिए गृह विभाग ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस समिति में निदेशक प्रशासन मनोज कुमार, सहायक कारा निरीक्षक तुषार रंजन गुप्ता और प्रोबेशन पदाधिकारी, कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं निरीक्षणालय चंद्रमोली सिंह को शामिल किया गया है। समिति को मामले के विभिन्न पहलुओं की जांच कर रिपोर्ट सौंपने की जिम्मेदारी दी गई है। दूसरी ओर, रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) की जांच रिपोर्ट के आधार पर रांची की न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रुति सोरेन द्वारा भी स्वतंत्र न्यायिक जांच की जा रही है। हाईकोर्ट ने इसी जांच की प्रगति और रिपोर्ट को भी रिकॉर्ड पर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। यह मामला तब सुर्खियों में आया था जब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इसे सार्वजनिक रूप से उठाया और मीडिया में भी इस संबंध में लगातार खबरें प्रकाशित हुईं। इसके बाद झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) ने मामले की जांच के लिए एक विशेष टीम गठित की थी। झालसा की टीम ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा पहुंचकर पीड़िता, जेल में कार्यरत पैरा लीगल वॉलंटियर (पीएलवी) तथा जेल चिकित्सक के बयान दर्ज किए थे। जांच पूरी होने के बाद टीम ने अपनी रिपोर्ट झालसा को सौंप दी थी। इसके अलावा, रांची जिला प्रशासन और कारा महानिरीक्षक (आईजी जेल) स्तर पर भी अलग-अलग जांच कराई गई थी।

### अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य...

ऐसे में याचिका को आगे जारी रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। अदालत ने इस टिप्पणी के साथ जनहित याचिका का निस्तारण कर दिया।यह जनहित याचिका विदेश कुमार धान की ओर से दायर की गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शादाब अंसारी ने अदालत में पक्ष रखते हुए राज्य के सभी अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया था। उन्होंने कहा था कि स्वास्थ्य बीमा जैसी योजनाएं अधिवक्ताओं और उनके परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम बन सकती हैं। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि एडवोकेट वेलफेयर ट्रस्टी कमेटी के सदस्य अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा है। सरकार ने स्पष्ट किया कि योजना को लागू करने के लिए आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है और इसके तहत पात्र अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मामले की पिछली सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से यह मुद्दा उठाया गया था कि राज्य सरकार ने प्रारंभिक चरण में केवल एडवोकेट वेलफेयर ट्रस्टी कमेटी से जुड़े लगभग 15 हजार अधिवक्ताओं को ही योजना के दायरे में शामिल करने का निर्णय लिया है, जबकि झारखंड में करीब 33 हजार अधिवक्ता कार्यरत हैं। याचिकाकर्ता ने सभी अधिवक्ताओं को योजना का लाभ देने तथा उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को भी स्वास्थ्य बीमा से जोड़ने की मांग की थी। इसके जवाब में राज्य सरकार ने अदालत को आश्वस्त किया था कि एडवोकेट वेलफेयर ट्रस्टी कमेटी के सदस्य सभी अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिलेगा। सरकार ने यह भी बताया था कि अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए आवश्यक नीतिगत निर्णय लिए जा चुके हैं और उन्हें चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है।

### खूंटी पुलिस ने...

सूचना को गंभीरता से लेते हुए उसके सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए तोरपा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम जब तांबा गांव के समीप पहुंची, तो वहां दो मोटरसाइकिलों के साथ चार व्यक्ति खड़े दिखाई दिए। पुलिस वाहन को देखते ही सभी संदिग्ध भागने लगे। हालांकि, सतर्क पुलिसकर्मियों ने तत्काल उनका पीछा किया और चारों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उनकी तलाशी ली गई, जिसमें उनके पास से अफीम बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नाथ लोमगा (50 वर्ष), बिरसा बरजो (31 वर्ष), सुपाय कंडायबुरु (43 वर्ष) और गांदू बरजो उर्फ संदीप बरजो (29 वर्ष) के रूप में हुई है। सभी पश्चिमी सिंहभूम जिले के सेरेंगदा थाना क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। तलाशी के दौरान आरोपितों के पास से कुल 2.328 किलोग्राम अफीम, तीन टचस्क्रीन मोबाइल फोन तथा दो मोटरसाइकिल जब्त की गईं। बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपए आंकी जा रही है। पुलिस ने जब्त सामग्री को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि अफीम की खेती पश्चिमी सिंहभूम जिले के विभिन्न क्षेत्रों में की गई थी। वे तैयार अफीम को खूंटी और रांची के कारोबारियों तक पहुंचाकर उससे मुनाफा कमाने का काम करते थे। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। खूंटी एसपी ने कहा कि जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। अफीम की खेती, तस्करी और कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। छापेमारी दल में तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विजय कुमार सिंह, एनडीपीएस थाना के एसआई मणिदीप, रामदेव यादव, मनोज कच्छप तथा पुलिस बल के अन्य जवान शामिल थे।

### झारखंड की बेटियों...

प्रतियोगिता के दौरान झारखंड की खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत उपलब्धियां भी हासिल कीं। लीग चरण में प्रमिला सोरेन, सुनीता सोरेन एवं सुरभि सिंह को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि क्वार्टर फाइनल में टीम को विजय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली आकांक्षा को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।
इस शानदार उपलब्धि पर झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के अध्यक्ष वेदांत कौस्तव, महासचिव राजेश सिंह, डॉ राजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष जमील अंसारी, नगीना कुमार, कीर्ति कुमार, गौतम सिंह, नीरज वर्मा, सोनू सिंह, देवव्रत कुमार, आशीष पाठक, गुंजन सिंह, आशुतोष गोस्वामी, कृष्णा सिंह, विश्वास उरांव, नीतीश सिंह, मो आमिर, अबोध राम, दीपक कुमार, मुकेश कुमार सहित संघ के सभी पदाधिकारियों एवं खेल प्रेमियों ने टीम, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं प्रबंधकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### गिरिडीह में पिता...

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घटना के समय आरोपी की पत्नी राधा देवी और पुत्र पंटू यादव किसी तरह घर से निकलकर पड़ोसियों के यहां शरण लेने में सफल रहे। इससे उनकी जान बच गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी पूरे परिवार को नुकसान पहुंचाने की मंशा से हमला करने वाला था, लेकिन पत्नी और पुत्र समय रहते भाग निकले। ग्रामीणों के अनुसार, नंदू यादव रविवार रात शराब के नशे में घर लौटा था। इसके बाद घर में विवाद और तनाव का माहौल बना रहा। सोमवार सुबह जब घटना की जानकारी लोगों को मिली तो पूरे गांव में हड़कंप मच गया। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि आरोपी का किसी महिला के साथ कथित अवैध संबंध था, जिसे लेकर परिवार में लंबे समय से तनाव चल रहा था। हालांकि, पुलिस ने इन दावों की पुष्टि नहीं की है और जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचने की बात कही है। घटनास्थल से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हंसुआ बरामद कर लिया है। वहीं, फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर वैज्ञानिक तरीके से जांच शुरू की। टीम ने रक्त के नमूने सहित कई महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए हैं। जिस कमरे में घटना को अंजाम दिया गया, उसकी भी बारीकी से जांच की जा रही है ताकि वारदात के पूरे घटनाक्रम को समझा जा सके। एसडीपीओ ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि आरोपित नंदू यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस सभी संभावित कारणों और परिस्थितियों की जांच कर रही है। परिवार के सदस्यों, पड़ोसियों और अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है, ताकि घटना के पीछे की वास्तविक वजह सामने आ सके। पुलिस ने तीनों बच्चियों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।




# चेतावनी : युद्ध में बेकाबू हुआ ईरान इजरायल पर कर दिया भयंकर हमला

**एजेंसी । नई दिल्ली**

बेरुत और लेबनान पर हुए हमलों के जवाब में ईरान द्वारा इजरायल पर किए गए अब तक के सबसे बड़े मिसाइल हमलों में से एक के बाद सोमवार को मध्य पूर्व में स्थिति एक बार फिर तनावपूर्ण हो गई। इन हमलों से मध्य पूर्व में 28 फरवरी को शुरू हुए संघर्ष को समाप्त करने के मध्यस्थता प्रयासों में और अधिक जटिलता आने की आशंका है। इस संघर्ष में ईरान के अधिकांश शीर्ष नेता, जिनमें सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई भी शामिल हैं, मारे गए थे। इजरायली सेना के अनुसार, कम से कम तीन हमलों में दागी गई मिसाइलों को इजरायली सेना ने रोक दिया। तेल अवीव ने कहा है कि तेहरान ने गंभीर गलती की है और हमलों का कठोर जवाब देने की कसम खाई है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से जवाबी कार्रवाई न करने का अनुरोध किया है।

बेरुत और लेबनान पर हुए हमलों के जवाब में ईरान द्वारा इजरायल पर किए गए अब तक के सबसे बड़े मिसाइल हमलों में से एक के बाद सोमवार को मध्य पूर्व में स्थिति एक बार फिर तनावपूर्ण हो गई। इन हमलों से मध्य पूर्व में 28 फरवरी को शुरू हुए संघर्ष को समाप्त करने के मध्यस्थता प्रयासों में और अधिक जटिलता आने की आशंका है। इस संघर्ष में ईरान के अधिकांश शीर्ष नेता, जिनमें सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई भी शामिल हैं, मारे गए थे। इजरायली सेना के अनुसार, कम से कम तीन हमलों में दागी गई मिसाइलों को इजरायली सेना ने रोक दिया। तेल अवीव ने कहा है कि तेहरान ने गंभीर गलती की है और हमलों का कठोर जवाब देने की कसम खाई है, लेकिन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से जवाबी कार्रवाई न करने का अनुरोध किया है। इज़राइल से जुड़े जहाजों पर व्यापक प्रतिबंध लगाकर हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में तनाव बढ़ा दिया है। दुनिया के प्रमुख समुद्री व्यापार मार्गों में से एक पर सुरक्षा संबंधी चिंताओं को बढ़ाते हुए, यमन के ईरान समर्थित हौथी आंदोलन ने सोमवार को घोषणा की कि उसने इज़राइल की ओर एक मिसाइल दागी है और लाल सागर में इज़राइल से जुड़े जहाजों पर व्यापक प्रतिबंध लगा दिया है। यह कदम संभावित तनाव बढ़ने का संकेत है जिससे इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से होकर गुजरने वाले वाणिज्यिक यातायात में बाधा उत्पन्न हो सकती है।

### ईरान की हवाई रक्षा प्रणालियों\ को बड़े पैमाने पर हमले में ध्वस्त कर दिया गया

इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने घोषणा की है कि उन्होंने ईरान के रणनीतिक वायु रक्षा प्रणालियों पर एक बड़ा हमला किया है। आईडीएफ के अनुसार, इन प्रणालियों को हाल ही में ईरान भर में तैनात किया गया था ताकि "द रोरिंग लायन" ऑपरेशन के दौरान कमजोर हुई सैन्य क्षमताओं को बहाल किया जा सके।

## भारतीय दूतावास ने भारतीयों को तुरंत ईरान छोड़ने की दी सलाह



**नई दिल्ली ।** क्या भारतीय दूतावास की चेतावनी ईरान और अमेरिका के बीच फिर से युद्ध छिड़ने का संकेत है? देखा जाये तो पश्चिम एशिया में तेजी से बिगड़ते हालात और ईरान, इजराइल तथा अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव ने इस सवाल को बेहद गंभीर बना दिया है। हम आपको बता दें कि तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने एक बार फिर भारतीय नागरिकों को ईरान की यात्रा नहीं करने और वहां मौजूद लोगों को उपलब्ध साधनों से जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी है। यह सलाह ऐसे समय में आई है जब ईरान और इजराइल के बीच संघर्षविराम टूटने के संकेत मिल रहे हैं और पूरे क्षेत्र में फिर से व्यापक युद्ध की आशंका गहरा रही है।

भारतीय दूतावास ने अपनी ताजा चेतावनी में कहा है कि क्षेत्र में हालिया घटनाक्रम और सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए भारतीय नागरिक अपनी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। दूतावास ने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी भारतीय नागरिक ईरान की यात्रा से बचें और जो लोग अभी ईरान में हैं वह उपलब्ध परिवहन साधनों से तुरंत बाहर निकलने का प्रयास करें। यह सलाह छात्रों, व्यापारियों, तीर्थयात्रियों और पर्यटकों सहित सभी भारतीयों पर लागू है।

### नितिन गडकरी की बड़ी घोषणा

## सड़क दुर्घटना पीड़ितों को बचाने वाले 'रहवीरों' को मिलेगा 25,000 का इनाम

**एजेंसी । नई दिल्ली**



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 8 जून को भारत में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने के उद्देश्य से दो नई पहलों की घोषणा की, जिनमें आपातकालीन स्थिति में सबसे पहले पहुंचने वाले नागरिकों के लिए वित्तीय प्रोत्साहन भी शामिल है। इन उपायों के बारे में बताते हुए गडकरी ने कहा कि हमने दो योजनाएं शुरू की हैं। एम्स के एक डॉक्टर की अध्यक्षता वाली एक समिति ने रिपोर्ट दी है कि हमारे देश में प्रतिवर्ष 180,000 मौतें और 500,000 दुर्घटनाएं होती हैं। इन दुर्घटना पीड़ितों में से 30% को अगर तुरंत अस्पताल ले जाया जाए तो बचाया जा सकता है।

## बिहार फिल्म नीति से कलाकारों को रोजगार मंत्री बोले- 4 करोड़ रुपए तक की सब्सिडी

**एजेंसी । पटना**



आज कला एवं संस्कृति विभाग के माननीय मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार से फिल्म अभिनेता कुमार कन्हैया सिंह ने पटना स्थित आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर बिहार में फिल्म निर्माण की संभावनाओं, कला एवं संस्कृति के संवर्धन तथा स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने अभिनेता कुमार कन्हैया सिंह को उनकी हाल ही में मोतिहारी में पूर्ण हुई हिन्दी फिल्म सरकारी मीडियम के लिए शुभकामनाएँ दीं तथा राज्य में फिल्म उद्योग के विकास हेतु सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। माननीय मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि बिहार फिल्म प्रोत्साहन नीति 2024 के तहत बिहार में फिल्म की शूटिंग करने पर निर्माता को 4 करोड़ तक की सब्सिडी देने का प्रावधान किया गया।

## फिलीपींस में 7.8 तीव्रता का भूकंप, इमारतें गिरीं, 32 की मौत 4.5 फीट से ज्यादा ऊंची लहरें उठीं, 2 घंटे में 138 झटके आए

**एजेंसी । मनीला**



फिलीपींस में सोमवार सुबह 7.8 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिससे कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। प्रभावित इमारतों में ज्यादातर दुकानें, दफ्तर और व्यावसायिक भवन शामिल हैं। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक अब तक 32 लोगों की मौत हुई है, जबकि 200 से ज्यादा लोग घायल हैं।अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, भूकंप भारतीय समयानुसार सुबह 5:07 बजे आया। भूकंप का केंद्र मिंडानाओ द्वीप के पास समुद्र में था।

यह सारंगानी प्रांत के मासीम कस्बे से लगभग 32 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में और 33 किलोमीटर की गहराई पर आया। अधिकारियों का कहना है कि यह इस साल फिलीपींस में आया सबसे शक्तिशाली भूकंप है। भूकंप के बाद सुनामी भी आई। सबसे ऊंची लहर की ऊंचाई 1.4 मीटर (करीब 4.6 फीट) रही। एहतियात के तौर पर इंडोनेशिया और मलेशिया ने भी सुनामी की चेतावनी जारी की थी, जिसे कुछ घंटों बाद वापस ले लिया गया। फिलीपींस के ज्वालामुखी और भूकंप विज्ञान संस्थान (फिवोल्क्स) ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे तक 138 आफ्टरशॉक दर्ज किए गए। इन झटकों की तीव्रता 1.3 से 6.7 के बीच रही।

**सैंटोर शहर में सबसे ज्यादा नुकसान :** 7 लाख से ज्यादा आबादी वाले बंदरगाह शहर जनरल सैंटोस में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। यहां कई इमारतों में दरारें आ गईं, कुछ छोटी इमारतें आंशिक रूप से ढह गईं और एक पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया। क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन अधिकारियों के मुताबिक शहर में कम से कम 7 लोगों की मौत हुई और करीब 130 लोग घायल हुए हैं।

## दलाई लामा के बाएं घुटने का सफल ऑपरेशन, चिकित्सक बोले-'रिकवरी अच्छी'

**एजेंसी । नई दिल्ली**



तिब्बती धर्म गुरु दलाई लामा की बाएं घुटने की सर्जरी सफल रही है। उनके निजी चिकित्सकों ने सोमवार को हेल्थ बुलेटिन जारी किया। दलाई लामा के बाएं घुटने का प्रत्यारोपण नई दिल्ली स्थित निजी अस्पताल में कराया गया। दलाई लामा के निजी चिकित्सकों डॉ. त्सेतन डी. सदुतशांग, डॉ. तमदिन त्सेवांग, डॉ. त्सेरिंग ल्हाडोन और डॉ. तेनजिन सुंदू के साथ-साथ उनके सचिव टेनजिन एन. ताकला ने अपोलो अस्पताल में सफल प्रत्यारोपण सर्जरी के बाद उनके स्वास्थ्य की जानकारी दी। बयान के अनुसार, सर्जरी के बाद दलाई लामा को स्थिर स्थिति में अस्पताल के कमरे में वापस लाया गया। उनकी रिकवरी अच्छी हो रही है और उनका मनोबल भी अच्छा है। जून 2024 में भी उन्होंने न्यूयॉर्क सिटी के हॉस्पिटल फॉर स्पेशल सर्जरी में दाएं घुटने का सफल प्रत्यारोपण कराया था, जिसके बाद उनकी रिकवरी अच्छी रही थी। चिकित्सकों ने बताया कि वर्तमान प्रक्रिया के बाद उनकी स्थिति स्थिर है और स्वास्थ्य में सुधार जारी है।

## रेस्क्यू : होर्मुज संकट के बीच भारतीय नाविकों को सुरक्षित बचाया गया

**एजेंसी । नई दिल्ली**



होर्मुज स्ट्रेट के पास एक तेल टैंकर में आग लगने के बाद उस पर सवार 24 भारतीय नाविकों को इंडियन नेवी ने बचा लिया है। शुरुआती रिपोर्टों में जहाज पर हमले की आशंका जताई गई है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस बीच ईरान ने घोषणा की है कि उसने फिलहाल इजराइल के खिलाफ अपनी सैन्य कार्रवाई रोक दी है। हालांकि उसने चेतावनी दी कि अगर इजराइल ने फिर से लेबनान या अन्य जगहों पर हमला किया तो उसे पहले से ज्यादा सख्त जवाब दिया जाएगा। दूसरी ओर अमेरिका युद्धविराम और शांति समझौते की कोशिशों में जुटा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दावा किया है कि इजराइल और ईरान दोनों संघर्ष रोकना चाहते हैं और अंतिम समझौते को लेकर बातचीत आगे बढ़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि समझौता होने तक ईरान पर लगी नाकाबंदी जारी रहेगी। हालात को देखते हुए भारत सरकार ने ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द वहां से निकलने की सलाह दी है।

### प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप में गूंजा भारत का योग वैभव

## सहभागिता : प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप में योगाचार्य महेश पाल हुए विशेष रूप से शामिल

**एजेंसी । अहमदाबाद (गुजरात)**



भारत की योग परंपरा को वैश्विक मंच प्रदान करने वाली प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप का भव्य आयोजन अहमदाबाद में किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता में विश्व के 75 से अधिक देशों के योगासन खिलाड़ी, कोच, निर्णायक एवं अधिकारी भाग ले रहे हैं।चैंपियनशिप का शुभारंभ भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने वर्चुअल माध्यम से किया। उद्घाटन समारोह में योगगुरु स्वामी रामदेव महाराज, विश्व योगासन महासंघ की अध्यक्ष डॉ. जयदीप आर्य, खेल मंत्री मनसुख मांडवीया, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, उदित सेठ, संजय मालपानी, उमंग डांग एमपीबायएसए ओर योगासन भारत के जॉइंट सेक्रेटरी वेदप्रकाश शर्मा सहित अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश से राष्ट्रीय योगासन निर्णायक योगाचार्य महेश पाल भी विशेष रूप से प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की। यह विश्वस्तरीय प्रतियोगिता 12 विभिन्न स्पर्धाओं में आयोजित की जा रही है, जिनमें ट्रेडिशनल योगासन, आर्टिस्टिक योगासन, आर्टिस्टिक पेयर, आर्टिस्टिक ग्रुप, ट्रेडिशनल ग्रुप, इंडिविजुअल स्पर्धाएं एवं अन्य प्रतियोगिताएं शामिल हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य योगासन को वैश्विक खेल के रूप में स्थापित करना तथा विश्वभर के खिलाड़ियों को एक साझा मंच प्रदान करना है।

योगाचार्य महेश पाल ने बताया कि योगासन खेल विश्वभर में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और आने वाले समय में इसके ओलंपिक खेलों में शामिल होने की संभावनाएं लगातार मजबूत हो रही हैं। योगाचार्य महेश पाल ने कहा कि यदि योगासन को ओलंपिक में स्थान मिलता है तो भारत के खिलाड़ियों के लिए यह एक स्वर्णिम अवसर होगा। भारतीय खिलाड़ी अपनी प्रतिभा और योग कौशल के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिकाधिक पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर सकेंगे। इस प्रतियोगिता में भारत टीम की कप्तान डॉक्टर आरती पाल को बनाया गया है, उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, अनुशासन और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। विश्व योगासन चैंपियनशिप जैसे आयोजन योग को वैश्विक पहचान दिलाने के साथ-साथ युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं। प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप का यह आयोजन भारत की प्राचीन योग परंपरा को विश्व मंच पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

